आज का मौसम
20.0° अधिकतम तापमान
8.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.09
सूर्यास्त 05.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या 01:21 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
रविवार, 18 जनवरी 2026, वर्ष 6, अंक 292, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा बोले- ममता पश्चिम बंगाल को बनाना चाहती हैं बांग्लादेश - 12



■ कपड़ा, दवा इंजीनियरिंग को मुक्त व्यापार समझौते से लाभ - 12



■ ईरान को अमेरिका की धमकियों का विरोध, बगदाद में सड़कों पर प्रदर्शन - 13



■ महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स की मुंबई इंडियंस पर लगातार दूसरी जीत - 14

## बादलों सा घना कोहरा



प्रयागराज में शनिवार सुबह घने कोहरे से घिरा श्री आदि शंकर विमान मंडपम।

# सीजन के सबसे घने कोहरे में रात भर दुर्घटनाएं, 7 की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन टकराए, 50 से ज्यादा घायल
- 53 जिलों में छाया रहा घना कोहरा कई इलाकों में शून्य रही दृश्यता

**अमृत विचार:** प्रदेश में शुक्रवार-शनिवार की रात घिरे सीजन के सबसे घने कोहरे में सड़कों पर ताबड़तोड़ दुर्घटनाएं हुईं। प्रदेश के 15 जिलों में हुए इन सड़क हादसों में एक बच्चे समेत सात की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। कई स्थानों पर दृश्यता शून्य हो जाने से हाईवे और शहरी सड़कों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।

मेरठ, बाराबंकी, फतेहपुर, मुरादाबाद, सुलतानपुर और गाजियाबाद समेत कई जिलों में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाएं हुईं। फतेहपुर में एनएच-2 पर 10 वाहन आपस में टकरा गए, एक कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मुरादाबाद में एक ट्रक ने बाइक पर सवार दो लोगों को कुचल दिया, इनमें एक की जान चली गई। सुलतानपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को दूसरे वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मेरठ में भी कोहरे के चलते एक कार नाले में गिर गई और उसमें मौजूद डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई।



मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार की रात 53 जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। कई इलाकों में दृश्यता शून्य रही और शीतलहर से कड़ाके की ठंड महसूस की गई। बाराबंकी 3.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते अगले चार-पांच दिनों तक प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

### रेल व हवाई यातायात भी प्रभावित

घने कोहरे का असर प्रदेश में रेल और हवाई यातायात पर भी साफ दिखा। गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ समेत प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 100 से अधिक ट्रेनें कई घंटे की देरी से चलीं। कई वीआईपी ट्रेनें भी अपने गंतव्य पर निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकीं। लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो की दो उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि 14 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं।

### कई जिलों में 8वीं तक के स्कूल बंद

कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं और संभल में कक्षा 8 तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। प्रयागराज और शाहजहांपुर में कक्षा 12 तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

### आज का पूर्वानुमान

- प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह घना से अत्यंत घना कोहरा बने रहने की संभावना
- कई इलाकों में घने कोहरे के कारण 0 से 50 मीटर तक रह सकती है दृश्यता
- न्यूनतम तापमान में कोई खास राहत नहीं, जारी रहेगा शीतलहर और गलन का असर
- पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही बना रह सकता है मौसम




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अखबार बचपन का पहला शब्दकोश व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

# विकसित देश भी कर रहे हैं घुसपैठियों पर कार्रवाई, बंगाल के लिए ये बड़ी चुनौती

## मोदी ने मालदा में किया चुनावी संग्राम का आगाज, तृणमूल पर घुसपैठियों के संरक्षण का आरोप

मालदा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी संग्राम का आगाज करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने के लिए घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बनाया और आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासन ने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया है और इसी के कारण दंगे हुए हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण और सिंडिकेट राज के चलते घुसपैठ में वृद्धि हुई है। मोदी ने एसआईआर पर जारी विवाद के बीच उन शरणार्थियों को चिंता न करने को कहा जो बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण पलायन कर भारत आए हैं।

मोदी ने मुस्लिम बहुल जिले मालदा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठ पश्चिम बंगाल के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों पर नकेल कसने और अवैध प्रवासन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, दुनिया में ऐसे विकसित और समृद्ध देश हैं जिनके पास धन की कोई कमी नहीं है, फिर भी वे घुसपैठियों को बाहर निकाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल से घुसपैठियों को निकालना भी उतना ही आवश्यक है। मोदी ने दावा किया कि घुसपैठ से राज्य के कई हिस्सों में जनसांख्यिकीय संतुलन बदल गया है। कहा, लोग मुझे बताते हैं कि कई जगहों पर तो बोली जाने वाली भाषा भी बदलने लगी है। भाषा और बोली में अंतर उभरने लगे हैं। घुसपैठियों की बढ़ती आबादी के कारण पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद सहित कई इलाकों में दंगे होने लगे हैं।



पश्चिम बंगाल के मालदा में हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सिंडिकेट व्यवस्था राज्य में घुसपैठियों को बसाने का काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि घुसपैठियों और सत्तारूढ़ दल के बीच सांठगांठ है। आपको इस सांठगांठ को तोड़ना होगा। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी, घुसपैठ और घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने 2019 से भाजपा के प्रमुख वोट बैंक रहे मतुआ समुदाय को भरोसा दिलाया कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी और गरीबों को धमकाने की राजनीति का जल्द अंत होगा। दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों से घिरा पश्चिम बंगाल अब बदलाव के लिए तैयार है।

### हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग पर देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी

- पश्चिम बंगाल में 3,250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को हावड़ा एवं गुवाहाटी के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही पश्चिम बंगाल में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल एवं सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी ने चार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई जो न्यू जलपाईगुड़ी को नागरकोइल और तिरुचिरापल्ली तथा अलीपुरद्वार को एसएमवीटी बेंगलुरु और मुंबई (पनवेल) से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री ने मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच देश की सबसे उन्नत और पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की पहली जोड़ी का उद्घाटन किया। उन्होंने गुवाहाटी-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को भी यहीं से डिजिटल तरीके से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# विदेशी दबाव के बजाय राष्ट्रीय हित के आधार पर हों संधियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष कोर्ट ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय कर समझौतों में भी अपनी संप्रभुता की रक्षा करे भारत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर होनी चाहिए न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव में। कोर्ट ने यह भी कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर समझौते करते समय अपनी कर संप्रभुता की रक्षा के साथ निष्पक्षता सुनिश्चित करनी चाहिए और दुरुपयोग को रोकना चाहिए।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की ये टिप्पणियां उस फैसले के दौरान आईं, जिसमें शीर्ष अदालत ने घरेलू राजस्व अधिकारियों के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका स्थित निवेशक कंपनी 'टाइगर ग्लोबल' द्वारा 2018 में फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने पर उत्पन्न पूंजीगत लाभ भारत में कर के योग्य है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा, जिसमें स्पष्ट किया गया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कर संधियों के प्रति किस तरह का व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, कर संधियां, अंतरराष्ट्रीय समझौते, प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपाय अत्यंत सहभागी, पारदर्शी होने चाहिए और उनमें समय-समय पर समीक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संधि से बाहर निकलने के मजबूत प्रावधानों के साथ पुनः वार्ता की शक्ति भी होनी चाहिए ताकि अनुचित परिणामों से बचा जा सके, राष्ट्र के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा हो, कर आधार के क्षरण तथा लोकतांत्रिक नियंत्रण के नुकसान या कमजोर पड़ने को रोका जा सके और संप्रभु के कराधान अधिकार की रक्षा के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल किए जा सकें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, संधियां राष्ट्रीय हित के आधार पर की जानी चाहिए, न कि विदेशी सरकारों या निगमों के दबाव से। संधियों में केवल नौकरशाही या कूटनीतिक उद्देश्यों को ही नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक और सार्वजनिक हितों को भी प्रतिबिंबित होना चाहिए।



### ये था मामला

टाइगर ग्लोबल ने 2018 में तब फ्लिपकार्ट से बाहर निकलने का फैसला किया था, जब वॉलमार्ट इंक ने भारतीय ई-वाणिज्य कंपनी में नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल की थी। इसके बाद टाइगर ग्लोबल ने फरवरी 2019 में इस मामले पर आयकर विभाग से अग्रिम प्राधिकरण निर्णय के लिए संपर्क किया था। टाइगर ग्लोबल के पूंजीगत लाभों को इस निर्णय में कर के योग्य बताया गया था।

## ब्रीफ न्यूज

### गुजरात के कच्छ में 4.1 तीव्रता के भूकंप से दहशत फैली

**अहमदाबाद।** कच्छ जिले में शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आने से लोगों में दहशत फैल गई। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार, भूकंप शुक्रवार देर रात एक बजकर 22 मिनट पर आया और इसका केंद्र जिले के खावड़ा से लगभग 55 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व में था। अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित कच्छ जिले में कम तीव्रता के नियमित भूकंप आते रहते हैं। 26 जनवरी 2001 को कच्छ में आए भूकंप से भारी तबाही के साथ 13,800 लोगों की मौत हो गई थी।

### गाजा पुनर्निर्माण के लिए बोर्ड ऑफ पीस में शामिल हुए अजय बंगा

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक समूह के भारतीय मूल के अध्यक्ष अजय बंगा और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को गाजा पुनर्निर्माण के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' में नामित किया गया है। बोर्ड का गठन संघर्ष समाप्त करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक योजना के तहत किया गया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को 'बोर्ड ऑफ पीस' के सदस्यों की सूची जारी की। इसमें वे नेता शामिल हैं जिनके पास राजनय, विकास, बुनियादी ढांचे और आर्थिक रणनीति का अनुभव है।

# दिल्ली में फिर लागू हुए ग्रैप- 4 प्रतिबंध

- तेजी से बढ़ा एक्यूआई 400 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण फिर गंभीर श्रेणी में पहुंच जाने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चरण-4 के तहत प्रतिबंध लागू कर दिए।

सीएक्यूएम के एक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली का एक्यूआई शनिवार को शाम चार बजे 400 दर्ज किया गया और पश्चिमी विक्षोभ, बेहद प्रतिकूल मौसम और प्रदूषकों के फैलाव की कमी के कारण तेजी से बढ़कर रात आठ बजे 428 हो गया। वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के लिए सीएक्यूएम की जीआरएपी संबंधी उपसमिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि मौजूदा ग्रैप के चरण-4 की सभी कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में लागू किया जाए। सीएक्यूएम ने शुक्रवार को ही दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 के तहत प्रतिबंध लागू किए थे। ग्रैप-4 प्रतिबंधों के तहत ट्रकों, गैर बीएस-6 वाहनों के प्रवेश और निर्माण कार्यों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा स्कूलों और सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में उपस्थिति सीमित की जा सकती है।

# ईरान में हिरासत में लिए गए मर्चेंट नेवी के कई कर्मचारी

नई दिल्ली/गाजियाबाद, एजेंसी

- तेल टैंकर जहाज पर थे तैनात, एक के पिता ने केंद्र से लगाई हस्तक्षेप की गुहार

ईरान में मर्चेंट नेवी के एक तेल टैंकर जहाज को रोककर उस पर कार्यरत कई भारतीय कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया है।

इन भारतीयों में से एक गाजियाबाद निवासी इंजीनियर केतन मेहता के पिता ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से अपने बेटे समेत सभी भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है।

तेल टैंकर पर तीसरे इंजीनियर के रूप में तैनात केतन मेहता के पिता मुकेश मेहता ने कहा कि उन्होंने मानवीय आधार पर बेटे समेत सभी भारतीयों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित कराने के लिए पत्र लिखे हैं। मुकेश ने बताया कि केतन दुबई की कंपनी प्राइम टैंकर एलएलसी संचालित तेल टैंकर एमटी ब्रिलियंट रोअर पर कार्यरत है।

इस जहाज को पिछले दिनों ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर रोक लिया गया और केतन सहित चालक दल के सभी सदस्यों को ईरानी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। मुकेश ने कहा कि उनके बेटे ने कोई अपराध नहीं किया, न ही किसी कानून का उल्लंघन किया है। मुकेश ने कहा कि यह भी पता नहीं लग पा रहा है कि वे लोग किस हालत में हैं।

### वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए कई भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों से स्वदेश लौट आए हैं। ये उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं। हालांकि, यह साफ नहीं किया गया है कि इन उड़ानों से कितने भारतीय स्वदेश लौटे हैं। इन नागरिकों में शामिल शिराज के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने कहा, हम भारत सरकार की ओर से किए गए इंतजाम के तहत नहीं, बल्कि खुद एक वाणिज्यिक उड़ान के जरिए वापस आए हैं। कई लोग ईरान से लौटे परिजनों को लेने यहां पहुंचे थे और चिंता से घिरे दिखाई दे रहे थे।

# बांग्लादेश : हिंदू युवक की कार से कुचलकर हत्या

नई दिल्ली/ढाका, एजेंसी

- पेट्रोल पंप का कर्मचारी था मृतक पैसे दिए बगैर जाने पर खड़ा हो गया था कार के सामने

बांग्लादेश में एक कार चालक ने पेट्रोल पंप पर काम करने वाले एक हिंदू युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक पेट्रोल की कीमत दिए बगैर जा रहा था जिसे युवक ने रोकने की कोशिश की थी। राजबाड़ी जिले में शुक्रवार को हुई इस घटना को लेकर हालांकि अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि हिंदू युवक को जानबूझकर सांप्रदायिक हिंसा का शिकार बनाया गया या नहीं। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मृतक की पहचान रिपन साहा (30) के रूप में हुई है जो गोलंदा मोड़ स्थित करीम पेट्रोल पंप पर काम करता था। राजबाड़ी सदर पुलिस प्रमुख खोनदाकर जियाउर रहमान ने हत्या का मामला दर्ज करने की बात कही है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े चार बजे एक काली एसयूवी में सवार लोग पेट्रोल पंप पहुंचे और 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का पेट्रोल भरवाया। इसके बाद एसयूवी चालक ने पेट्रोल की कीमत चुकाए बिना वहां से जाने की कोशिश की तो रिपन उसके आगे खड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसयूवी चालक रिपन को कुचलते हुए वहां से भाग गया।

शुरुआत

प्रदेश के छह जिलों में 1500 करोड़ रुपये की लागत से एकीकृत न्यायालय परिसर का शिलान्यास

# पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा उत्तर प्रदेश का मॉडल : सीजेआई

- चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया में शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के न्यायिक इतिहास में शनिवार को एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। चंदौली जनपद से सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई न्यायमूर्ति एस सूर्यकांत, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस व औरैया समेत छह जिलों में लगभग 1500 करोड़ रुपये से बनने वाले एकीकृत न्यायालय परिसरों का भूमि पूजन व शिलान्यास किया।

सीजेआई ने कहा कि यूपी का एकीकृत कोर्ट मॉडल आम आदमी के संवैधानिक सपनों को साकार करने वाला कदम है। यह देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बनेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि जब भी वे अन्य राज्यों में जाएंगे, वहां उत्तर प्रदेश के न्यायिक ढांचे और सुविधाओं का उल्लेख अवश्य करेंगे। न्याय व्यवस्था का मूल उद्देश्य यही है कि आम नागरिक को उसके नजदीक, सुगम और सुलभ न्याय मिले। इससे पहले मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति एस. सूर्यकांत समेत कार्यक्रम में आए सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।



चंदौली में एकीकृत न्यायालय परिसर के शिलान्यास अवसर पर भूमि पूजन करते सीजेआई सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी।

### एकीकृत न्यायालय परिसर में ये खास

- छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई शुरुआत
- एक छत के नीचे कोर्ट, अधिवक्ता चैंबर, अन्य सुविधाएं
- हाईराइज इमारतों में वकीलों के लिए सुव्यवस्थित चैंबर
- न्यायिक अधिकारियों के आवास, पार्किंग, खेल सुविधाएं
- सरकार की ओर से पूर्ण वित्तीय सहयोग का आश्वासन

### मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में बनेंगे एकीकृत न्यायालय परिसर

योगी ने न्यायपालिका के इतिहास के नए पृष्ठ का सृजन बताते हुए कहा कि एक छत के नीचे सभी सुविधाओं वाले एकीकृत न्यायालय परिसर की परिकल्पना साकार हो रही है। पहले चरण में छह जिलों के लिए धनराशि अवमुक्त हो चुकी है और डिजाइन स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। योगी ने एलान किया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में ऐसे आधुनिक न्यायालय परिसर विकसित किए जाएंगे। कहा, अब अधिवक्ताओं को जर्जर चैंबरों में काम नहीं करना पड़ेगा, उन्हें हाईराइज इमारतों में सुव्यवस्थित चैंबर उपलब्ध होंगे।

### जिला न्यायालयों में बनाएं महिला बार रूम और स्वास्थ्य केंद्र

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि जनपद न्यायालयों में प्रैक्टिस करने वाली महिलाओं के लिए अलग से बार रूम बनें। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध किया कि कॉम्प्लेक्स में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बन जाए। सीजेआई ने कहा कि इससे बुजुर्गों, वादकारियों आदि को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी निजात मिल जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### एमडीए ने 24 बीघा भूमि पर की गई प्लाटिंग को ध्वस्त किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लाटिंग एवं अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कराया जा रहा है। इसके क्रम में शनिवार को कई जगहों पर पहुंची टीम ने 24 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने जाविद हुसैन व राजा आदि के द्वारा ग्राम लोधीपुर जवाहर नगर रोड, थाना मझोला में लगभग 12 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। जिसे जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। इसी क्षेत्र में एक फार्म हाउस के सामने मास्टर इकबाल द्वारा लोधीपुर जवाहर नगर रोड पर 3 बीघा क्षेत्रफल में की गई अवैध प्लाटिंग, कैलाश सिंह व गुड्डू के द्वारा लोधीपुर जवाहर नगर जाने वाले मार्ग पर, शराब भट्टी के सामने 6 बीघा भूमि पर किए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। भगवान दास सिंह और मोहम्मद अरमान के द्वारा लोधीपुर जवाहर नगर, कांशीराम नगर, थाना सिविल लाइंस में 3000 वर्गमीटर (लगभग 5 बीघा) पर कार्रवाई कर प्लाटिंग को ध्वस्त किया। प्राधिकरण की ओर से चेतावनी दी गई कि बिना मानचित्र स्वीकृति एवं प्राधिकरण की अनुमति के किसी भी प्रकार की प्लाटिंग या विकास कार्य पूर्णत: अवैध एवं दंडनीय है।

### आज बूथों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

मुरादाबाद, अमृत विचार : मतदाताओं की सुविधा के लिए आज समस्त बीएलओ द्वारा बूथों पर सुबह 10 :30 बजे से शाम 4 :30 तक उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि ऐसे मतदाता जो मृतक, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि, स्थानांतरित, गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण शामिल नहीं किए गए हैं, उनके नाम भी पढ़कर सुनाये जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि बूथ पर जाकर सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि नाम न हो तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा दें अथवा पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरें। मतदाता किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशा है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने न पाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

# अस्पतालों में एआई से लैस होंगी एक्सरे मशीनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले के सरकारी अस्पतालों में लगी डिजिटल एक्सरे मशीनों को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से जोड़ा जाएगा। जिला अस्पताल के साथ-साथ ठाकुरद्वारा और बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में एक्सरे मशीनों को एआई से जोड़ने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए मशीनों में आधुनिक सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कराया जाएगा, जिससे एक्सरे रिपोर्ट में बीमारियों की पहचान पहले से कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ हो सकेगी।

टीबी की पहचान के लिए चेस्ट एक्सरे जरूरी होता है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की कमी के चलते कई बार मरीजों को समय पर सही रिपोर्ट नहीं मिल पाती। इसी समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग एआई तकनीक को अपनाने जा रहा है। बीते सप्ताह ही लखनऊ में स्वास्थ्य कल्याण विभाग और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कांफ्रेंस में निर्णय लिया गया। कांफ्रेंस में शामिल हुए डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि एआई तकनीक से रेडियोलॉजिस्ट की कमी से होने वाली परेशानियों को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। टूल को इस तरह विकसित किया जाएगा कि वह फेफड़ों में होने वाले बदलावों को पहचान सके। तकनीक फेफड़ों से जुड़ी 16 विभिन्न बीमारियों जैसे टीबी, निमोनिया, एडिमा, फाइब्रोसिस, कोविड, कैंसर, फेफड़ों की झिल्ली में सूजन, पानी भरना और गांठ आदि की पहचान तुरंत कर सकेगी। एक्सरे रिपोर्ट को ऑनलाइन भी अपलोड किया जा सकेगा, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा।

- जिला अस्पताल, ठाकुरद्वारा व बिलारी सीएचसी में तैयारी

### रेडियोलॉजिस्ट और टेक्नीशियन की कमी

वर्तमान में जिले में जिला अस्पताल, ठाकुरद्वारा और बिलारी सीएचसी में एक्सरे मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट और टेक्नीशियन की कमी के कारण मरीजों को समय पर रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। ठाकुरद्वारा सीएचसी में एक्सरे की सुविधा और टेक्नीशियन मौजूद हैं, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न होने से रिपोर्टिंग में दिक्कत आ रही है। वहीं, बिलारी सीएचसी में एक्सरे मशीन तो है, लेकिन टेक्नीशियन न होने के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन से प्रतिदिन 150 से अधिक एक्सरे किए जाते हैं, जबकि यहां रेडियोलॉजिस्ट के तीन पद स्वीकृत हैं और वर्तमान में केवल एक रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निर्मल ओझा तैनात हैं। जिले में टीबी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### देश में दिल्ली के बाद रामपुर में ही स्थापित है गांधी समाधि

# गणतंत्र दिवस करीब, गांधी समाधि की दरक रहीं दीवारें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस करीब है और गांधी समाधि के लिए कराई गई बाउंड्रीवाल जगह-जगह से दरक रही है। राहे रजा पर गांधी समाधि की ओर आते हुए दरकती दीवार को हर खासो आम देखता है लेकिन, जिम्मेदार बापू की समाधि की दरकती दीवार की अनदेखी कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और 2 अक्टूबर को गांधी समाधि पर तिरंगा फहराया जाता है। रामपुर आने वाला हर खासो-आम अपने श्रद्धासुमन गांधी समाधि पर अर्पित करता है।


गांधी समाधि की टूटी हुई चारदीवारी। ● अमृत विचार

नवाब गेट के निकट स्थित गांधी समाधि का जीर्णोद्धार पूर्व मंत्री आजम खां ने सपा सरकार में कराया था। इससे पहले नवाब रजा अली खां 11 फरवरी 1948 को अपनी विशेष ट्रेन से बापू की अस्थियां दिल्ली से रामपुर लाए थे। पूरे शहर में सजे हुए हाथी पर अस्थि कलश रखकर पूरे शहर में घुमाया गया था। इसके बाद राजकीय फिजिकल कॉलेज स्टेडियम पर आम लोगों के लिए बापू के अस्थि कलश को दर्शन के लिए रखा गया था। इसके बाद से स्वार रोड स्थित राजकीय फिजिकल कॉलेज स्टेडियम का नाम महात्मा गांधी स्टेडियम पड़ा था। नवाब गेट के निकट स्थित गांधी समाधि में सवा मन के अष्ट धातु के कलश में बापू की अस्थियां दफन हैं। गांधी समाधि के चारों ओर बनी चारदीवारी टूट रही है इसके अलावा बाउंड्री पर लगी ईंटें भी जगह-जगह से उखड़ रही हैं। देश-विदेश से आने वाले मेहमान गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित करने जरूर पहुंचते हैं और गांधी समाधि की टूटी हुई चारदीवारी को देखकर वे क्या सोचते होंगे आसानी से समझा जा सकता है।

- सवा मन के अष्ट धातु के कलश में बापू की अस्थियां दफन हैं

# 28 केंद्रों पर दो पालियों में हुई टीजीटी परीक्षा

## 10,355 परीक्षार्थियों ने दी सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी परीक्षा, 10,454 ने छोड़ी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से शनिवार को जिले के 28 केंद्रों पर सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी की परीक्षा दो पालियों में कराई गई। इसमें आधे से भी कम 10,355 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 10,454 ने परीक्षा छोड़ दी।

शनिवार को सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी की परीक्षा की पहली पाली में 12,328 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 28 केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। बाहर से आए कई परीक्षार्थियों ने रात में ही शहर में डेरा डाल दिया था। कुछ परीक्षार्थियों ने महानगर में संचालित रैन बसेरों में रात गुजारी और सुबह परीक्षा केंद्र पहुंचे। साढ़े आठ बजे केंद्रों के बाहर लाइन लगनी शुरू हो गई। गेट खुलने पर बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ ही उनकी तलाशी ली गई। जिसके बाद प्रवेश दिया गया। पहली पाली में पंजीकृत 12,328 परीक्षार्थियों में से 5486 परीक्षा देने पहुंचे।

जबकि 6,842 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 8,481 परीक्षार्थियों में से 4869 ने परीक्षा दी। जबकि 3612 अनुपस्थित रहे। केंद्रों के बाहर निकलते समय कई परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी रही।


महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- पहली पाली में 6842 और दूसरी पाली में 3612 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

> प्रशासन की ओर से तैयारी की गई थी। केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा केंद्र व्यवस्थापकों और सहायक केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती थी। 28 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल और आसानी से हुई। किसी प्रकार का अवरोध नहीं रहा। - **ज्योति सिंह**, एडीएम सिटी, नोडल


परीक्षा छूटने के बाद स्टेशन रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### परीक्षा छूटने पर सड़कों पर लगा जाम

मुरादाबाद, अमृत विचार : दोनों पाली की परीक्षा छूटने बाद महानगर में जाम की स्थिति बनी। दोपहर एक बजे और शाम 5 बजे सड़कों पर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतारें दिखीं। पीली कोठी चौराहे से लेकर फव्वारा चौक, लोको शेड और रेलवे स्टेशन रोड वाहन रेंगते दिखाई पड़े। शनिवार को महानगर में जेल रोड, पारकर रोड पीली कोठी चौराहा से लेकर पीतल नगरी बस स्टैंड तक बसों और छोटे बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। एक साथ हजारों परीक्षार्थियों के सड़क पर निकलने से जाम की स्थिति बन गई। हजारों परीक्षार्थियों के घर लौटते वक्त ई रिक्शा ऑटो रिक्शा और बाइक के सड़क बेतरतीब चलने से कुछ दूर तक जाम लगा। यातायात पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया।

# टूटते रिश्तों की लाइफलाइन बना सखी वन स्टॉप सेंटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सखी वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए जीवनदायिनी साबित होने साथ भविष्य आने वाली परेशानी से बचा रहा है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों से जूझ रहीं अनेक महिलाएं, जो कभी आत्महत्या जैसे कदम उठाने की सोच रही थीं, केंद्र की काउंसलिंग और सहयोग से अपने परिवार के साथ सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन जी रही हैं।

शनिवार को केंद्र प्रबंधक गुंजन तिवारी एवं मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर ने बताया कि एक अप्रैल से अब तक कुल 740 मामले केंद्र पर आए हैं। इनमें से 541 महिलाओं को अल्पवास, काउंसलिंग और चिकित्सीय सहायता देकर सशक्त बनाया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू हिंसा के 102, दहेज उत्पीड़न के 4, जबकि लिव-इन, पड़ोसी विवाद और लापता होने से जुड़े 69 अन्य मामले दर्ज किए गए। 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से 120 मामले, जबकि 61 मामले सीधे केंद्र पर पहुंचे। खास बात यह कि पूरे वर्ष में केवल तीन मामलों में ही एफआईआर दर्ज करनी पड़ी,बाकी सभी विवाद सहमति और काउंसलिंग के जरिए सुलझा लिए गए। अमीर जहां, रूपांशी और अंजली (सभी काल्पनिक नाम) जैसी महिलाएं, जो कभी मानसिक उत्पीड़न और पारिवारिक संकट के कारण जीवन समाप्त करने तक की सोच चुकी थीं, अब सामान्य जीवन जी रही हैं। काउंसलिंग के बाद परिजनों ने अपनी गलतियां मानी और सुधार का रास्ता अपनाया।

सेंटर पर 24×7 महिला पुलिस डेस्क तैनात है। प्रत्येक शिफ्ट में दो महिला होमगार्ड, दो महिला कांस्टेबल और एक महिला दरोगा है। वहीं, 181 हेल्पलाइन पर प्रतिदिन औसतन चार से पांच कॉल प्राप्त होती हैं। आवश्यकता पड़ने पर महिला को तुरंत वन स्टॉप सेंटर या नजदीकी थाने पहुंचाया जाता है।

- 10 महीने में 541 मामले सुलझाकर घर टूटने से बचाए

# हाईवे पर पकड़ा पशुओं की खाल से भरा ट्रक, हंगामा

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित लोहा पट्टी के समीप हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार दोपहर जानवरों की खाल से भरे ट्रक को रोक लिया और हाईवे जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने ट्रक में गोवंशों की खाल होने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

शनिवार को क्षेत्र के लोहा पट्टी नेशनल हाईवे पर कार्यकर्ता हाईवे से निकल रहे थे। तभी उन्हें ट्रक से बदबू आई। संदेह होने पर ट्रक रुकवाया इस बीच चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हिंदू संगठन के लोगों द्वारा ट्रक की जांच के दौरान बड़ी तादाद में पशुओं की खालें भरी मिलीं। जिसके बाद हिंदू संगठन के लोगों में आक्रोश फैल गया और हाईवे जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे की सूचना पर कोतवाल पुष्कर सिंह मौके पर पहुंचे और शांत करने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। सूचना मिलते ही एएसपी अनुराग सिंह पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस बीच हाइवे दो घंटे तक बंद रहा। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर राठौंडा चौकी भिजवाया। कार्यकर्ता भी कोतवाली पहुंचे और प्रतिबंधित पशुओं की खाल होने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने डॉक्टरों की टीम से खालों की जांच कराई। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि खालों से भरा एक ट्रक पकड़ा गया है जो हरियाणा से पश्चिम बंगाल जा रहा था। ट्रक में मौजूद खालों का परीक्षण कराया जा रहा है। गो रक्षा दल के सदस्य अंकित कुमार जोशी के द्वारा ट्रक के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- कार्यकर्ताओं ने लगाया जाम जमकर की नारेबाजी

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के गांव हसुपुरा में कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

ग्राम हंसपुर स्थित गाटा संख्या 87 रकबा 0.0570 हेक्टेयर भूमि गांव समाज के कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसपर कब्जा कर लिया गया है। मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए स्थान उपलब्ध न होने के कारण गंभीर समस्या हो रही है। प्रशासन को अवगत कराया गया था, जिस पर 5 जून 2025 को प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन कराया गया था। इसके बावजूद अब तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध कब्जे के कारण गांव का माहौल बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# किसान की हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : एक किसान की हत्या के मामले में दो आरोपियों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास और 40-40 हजार अर्थदंड लगाया गया है। 8 जुलाई 2023 को अफरोज अली निवासी मंसूर पुर थाना सिविल लाइंस के पिता कल्लू शाह की हत्या हो गई थी। वादी अफरोज अली ने मामले में मामले में सतवीर व सद्दाम निवासी मंसूरपुर गांव सिविल लाइंस के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। ।

रामपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी, सशक्त विवेचना एवं सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप एक जघन्य हत्या के प्रकरण में न्यायालय द्वारा कठोर दंड का आदेश पारित किया गया है। मामले में विवेचक निरीक्षक श्रीकांत द्विवेदी ने घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना संपादित कर आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया।

- कोर्ट ने दोनों पर 40-40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया



मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रकरण की निरंतर समीक्षा करते हुए अभियोजन की कार्रवाई को समयबद्ध, सशक्त एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया गया। शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद रामपुर ने दोनों आरोपी सतवीर व सद्दाम को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। साथ ही दोनों पर 40-40 हजार का अर्थदंड लगाया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी पैरवी से सजा मिली है।

# सड़कों का निर्माण ग्रामीण विकास की रीढ़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने शनिवार को मूढापांडे ब्लॉक में गोविंदपुर सक्टू नगला मोड़ एवं करनपुर सरकड़ा रोड़ मिलक से 4 करोड़ 19 लाख से बनने वाली 5 सड़कों का भूमि पूजन, शिलान्यास कर निर्माण कार्य का आरंभ किया। इसमें दलपतपुर अलीगंज मार्ग का चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण कार्य लंबाई 1 किमी लागत 267.65 लाख, बूजपुर मान से लाढपुर संपर्क मार्ग लंबाई 1 किमी लागत 64.15 लाख शामिल है।

इसके अलावा एनएच अलीगंज (एम डी आर-174 डब्लयू) के किमी. 04 गोविंदपुर वाया सकटूनगला हमीरपुर तक विशेष मरम्मत योजना अंतर्गत सी.सी. नाली निर्माण कार्य लंबाई 300 मीटर लागत 37.38 लाख, डी.ए रोड किमी.09 से वायीं और सरकड़ा खास संपर्क मार्ग लंबाई 370 मीटर लागत 37.23 लाख और एन एच 24 के किमी.-176 से मूंढापांडे खाईखेड़ा अफजल पुर मुड़िया करनपुर दलपतपुर अलीगंज के किमी.-9 तक विशेष मरम्मत के अंतर्गत सी. सी एवं नाली निर्माण कार्य लंबाई 100 मीटर लागत 13.20 लाख है। विधायक ने कहा कि सड़कों का निर्माण ग्रामीण विकास की रीढ़ है। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े कार्यों में तेजी आएगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ. नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, निक्की प्रधान, दूल्हा लंबरदार ,ग्राम प्रधान महिपाल, फारुख, सौदान सिंह, प्रदीप यादव, अकील, प्रेम, मनोज तोमर, रोहित सिंह, जय सिंह, रविन्द्र सिंह आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


भूमि पूजन करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

- कुंदरकी विधायक ने 5 सड़कों के निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन व शिलान्यास

# कुटीर की तरह संचालित हो पीतल उद्योग

- मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना में 3 व्यापारियों को मिली 10-10 लाख की सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार को राज्य कर विभाग की ओर से व्यापारी संवाद कार्यक्रम के दौरान संयुक्त आयुक्त द्वारा जीएसटी रिफॉर्म 2.0 पर जानकारी दी गई।

पंजीयन से संबंधित विषय पर सहायक आयुक्त दुष्यंत घल्डियाल, रिटर्न के बारे में विपिन कुमार सहायक आयुक्त (खंड-1) ने मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना से संबंधित जानकारी उपायुक्त आर्यन त्रिपाठी ने दी, जबकि ई-वे बिल से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर प्रकाश डाला। संवाद के दौरान व्यापारियों ने समस्याएं और सुझाव भी रखे। व्यापारियों ने बताया कि पीतल उद्योग कुटीर उद्योग की तरह संचालित होता है। पीतल के बर्तनों पर जहां 5 प्रतिशत जीएसटी है, वहीं इसके कच्चे माल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू है, जिससे छोटे छोटे पंजीकृत कारखानेदारों की पूंजी ब्लॉक हो रही है। बर्तन थोक व्यापारी संगठन के अध्यक्ष आजम अंसारी ने निर्यातकों के रिफंड से जुड़ी समस्या उठाई। लघु उद्योग व्यापार भारतीय के जिला अध्यक्ष रचित अग्रवाल ने बताया कि डिनर सेट के साथ चम्मच और कांटे की संयुक्त बिक्री होती है, लेकिन डिनर सेट और कटलरी पर अलग-अलग जीएसटी होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। अंत में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों एम एस आर इंटरनेशनल के शाहिद, जीके टेक्सटाइल के निवेश शुक्ला तथा हबीब ट्रेडर्स के मुस्ताक हसन को योजना के तहत 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।


ग्रेट वन अधिकारी अशोक कुमार स्मृति चिन्ह भेट करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# खुरपका-मुंहपका से बचाव को 22 से लगेगा टीका

मुरादाबाद, अमृत विचार: पशुपालन विभाग द्वारा जिले में पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत लगभग 4 लाख 50 हजार पशुओं को 22 जनवरी से टीके लगाए जाएंगे।

शनिवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि मौसम में पशुओं में खुरपका-मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए सरकार द्वारा पशुओं के लिए आवश्यक वैक्सीन पशुपालन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है।पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी, ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके।

**अनदेखी** | निलंबित खंड शिक्षाधिकारी ने कंपोजिट विद्याल के दो कक्षों पर जड़ा है ताला

# बीएसए का आदेश बेअसर, नहीं खुले कमरों के ताले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क के दो कमरों पर एक साल से ताला जड़ा है। जिससे इन दोनों बंद कक्षों का उपयोग विद्यालय व छात्रहित में नहीं हो पा रहा है। इसके उपयोग का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश भी बेअसर साबित हो रहा है। पूर्व नगर शिक्षाधिकारी वंदना के द्वारा ताला बंद किया गया था। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

कंपोजिट विद्यालय के दो कक्षों में पूर्व नगर शिक्षाधिकारी वंदना सैनी (वर्तमान में निलंबित) के द्वारा ताला बंद किया गया है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के चलते कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क के प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कमरा खोलकर शिक्षण कार्य में लेने के लिए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कई बार पत्र लिखा। जिसके क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने 15 नवंबर 2025 को आदेश दिया कि इनका उपयोग विद्यालय हित में किया जाए। लेकिन आदेश दो महीने बाद भी बेअसर है। वर्तमान खंड शिक्षाधिकारी वेगीश गोयल ने बीएसए के जारी आदेश के बाद भी पूर्व खंड शिक्षाधिकारी द्वारा बंद कमरों की चाभी न देने के चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि पूर्व खंड शिक्षाधिकारी ने अभी तक इन बंद कमरों की चाभी उपलब्ध नहीं कराई। जिसे देखते हुए उन्होंने 11 दिसंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी।

साथ ही बंद कमरों का ताला तोड़ने और उसमें रखी सामग्री की सूची बनाने के लिए और कमरों को उपयोग में लेने के लिए कमेटी बनाने का आग्रह किया। लेकिन अभी इस पर भी कोई आदेश बीएसए ने नहीं दिया।


कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क में दो कमरों पर लगा ताला। ● अमृत विचार

- बीएसए ने दो माह पहले दिया था ताला खोलने का आदेश अभिभावकों में आक्रोश
- वर्तमान खंड शिक्षाधिकारी ने बीएसए को पत्र लिखकर बताया कि नहीं मिली अब तक चाबी

## शहर में आज

- आर्य समाज स्टेशन रोड पर यज्ञ व सत्संग सुबह 8 :00 बजे
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे
- बीएलओ मतदाताओं को प्रकाशित आलेख्य सूची पढ़कर सुनाएंगे सुबह 10 :30 बजे से
- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के सामने भंडारा दोपहर 12 :00 बजे

## ब्रीफ न्यूज

### स्कूल के पास हॉर्न के शोर से परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के कई स्कूलों और अस्पतालों के आसपास हॉर्न बजाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। तेज हॉर्न के कारण मरीजों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की शांति भंग होती है, वहीं स्कूलों में पढ़ाई का माहौल भी प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि साइलेंट जोन के बोर्ड लगे होने के बाद भी वाहन चालक लापरवाही बरत रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।

### अस्पतालों में जांच रिपोर्ट में देरी से परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजी और अन्य जांच रिपोर्ट मिलने में हो रही देरी मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कई बार मरीजों को रिपोर्ट के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे इलाज में देरी हो जाती है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लोगों का कहना है कि जांच मशीनों और स्टाफ की कमी के कारण यह समस्या बनी हुई है। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से जांच प्रक्रिया को तेज और व्यवस्थित करने की मांग की है।

### ऑनलाइन डिलीवरी से व्यापार पर असर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं के बढ़ते चलन से स्थानीय व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। किराना, कपड़ा और छोटे दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से प्रतिस्पर्धा के कारण उनकी बिक्री में गिरावट आई है। दुकानों पर पहले जैसी भीड़ अब कम देखने को मिलती है। व्यापारियों का मानना है कि ऑनलाइन छूट और होम डिलीवरी की सुविधा उनके कारोबार को प्रभावित कर रही है। उन्होंने लोगों से स्थानीय व्यापार को समर्थन देने की अपील की है।

# घने कोहरे व कड़ाके की ठंड में ठिठुरे लोग

## सुबह सिर्फ 10 मीटर रही दृश्यता, नौकरीपेशा व मजदूरों को हुईं सबसे ज्यादा हुई दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



धूप में भी कंपकंपाते हुए जाते लोग। ● अमृत विचार



सुबह छाया रहा घना कोहरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार की सुबह कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ शुरू हुई। हालात ऐसे थे कि सड़कों पर 10 मीटर तक भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के साथ पाला गिरने से ठंड का असर और अधिक बढ़ गया। सुबह-सुबह घरों से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर परीक्षा देने स्कूल और कॉलेज पहुंचे परीक्षार्थियों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और दैनिक मजदूरों के लिए सुबह काफी मुश्किल भरी रही।

घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। कई जगह वाहन चालकों ने हेडलाइट और इंडिकेटर जलाकर धीरे-धीरे सफर किया। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे नजर आए। खुले स्थानों पर काम करने वाले मजदूर

- **रेंगते हुए गुजरे वाहन, अलाव बना ठंड से बचाव का साधन**

अलाव के पास खड़े होकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। पाले का असर खेतों और खुले इलाकों में भी साफ नजर आया। सुबह के समय पेड़ों की पत्तियों और घास पर जमी बर्फ की परत ने ठंड का एहसास और बढ़ा दिया। मौसम के इस बदले मिजाज से बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत महसूस हुई। डॉक्टरों की मानें तो इस तरह की ठंड में सर्दी, खांसी और सांस से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

ठंड से बचाव के लिए लोगों ने घरों में हीटर और वार्मर का सहारा लिया, जबकि बाहर कई इलाकों में अलाव जलाए गए। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

### धूप निकलने पर मिली राहत

करीब 11 :30 बजे के बाद मौसम ने कुछ राहत दी। सूरज निकला जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली। धूप निकलते ही लोग अपने घरों की छतों, पार्कों और खुले मैदानों की ओर निकल पड़े। बुजुर्गों और महिलाओं ने धूप सेंककर शरीर को गर्म किया, वहीं बच्चों ने भी बाहर निकलकर खेलना शुरू कर दिया। धूप के कारण बाजारों और सड़कों पर भी रौनक लौट आई। जैसे-जैसे दिन ढलने लगा, ठंडी हवाओं ने फिर से ठिठुरन बढ़ा दी। शाम होते ही लोग घरों के भीतर सिमट गए।

# खानपान, दवाओं में लापरवाही से गड़बड़ाया शुगर और बीपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **40 फीसदी मरीजों में रक्तचाप और ग्लूकोज का स्तर मिल रहा अनियंत्रित**

**अमृत विचार :** ठंड में गजक, लड्डू और पकौड़े खाए... दवाएं भी नियमित नहीं लीं। इससे रक्तचाप और ग्लूकोज का स्तर गड़बड़ा गया। साथ ही लकवे भी दिक्कत हो रही है। परेशानी बढ़ने पर मरीज डॉक्टरों को दिखाने पहुंच रहे हैं। हैं। जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग में ऐसे 40 फीसदी मरीजों में मधुमेह और रक्तचाप अनियंत्रित मिल रहा है।

मेडिसिन विभाग की ओपीडी में डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि सर्दी में लोग चिकनाई युक्त भोजन और मिठाई का सेवन अधिक करते हैं। शारीरिक गतिविधियां भी सीमित हो जाती हैं। ऐसे में इलाज के लिए आ रहे मरीजों की जांच कराने पर उनका ग्लूकोज और रक्तचाप बढ़ा हुआ मिल रहा है। कई मरीज दवाओं को नियमित भी नहीं ले रहे हैं। ओपीडी में 40 फीसदी मरीज ऐसे आ रहे हैं जिनमें भोजन के बाद ग्लूकोज का स्तर 250 एमजी/डीएल और रक्तचाप 150/170 एमएमएचजी तक मिल रहा है। इनकी दवाएं एडजस्ट करने के साथ खानपान सुधारने और नियमित व्यायाम करने पर जोर दे रहे हैं। रक्तचाप के तेजी से बढ़ने के कारण लकवा की शिकायत भी मिल रही है। इनमें अधिकांश मरीजों ने दवाएं लेना बंद कर दिया था।

### रोजाना जांचे बीपी

हृदय, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीज रोजाना बीपी जांच करें। ऊपर वाला माप (सिस्टोलिक) 100-140 तक रहे और नीचे वाला (डायस्टोलिक) 90 से अधिक नहीं होना चाहिए। अगर दो-तीन दिन बीपी अनियंत्रित हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श कर दवाएं एडजस्ट करा लें। सुबह का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर ही टहलने जाएं, नहीं तो घर में ही व्यायाम करें। पूरे दिन में 2-4 ग्राम ही नमक उपयोग करें। तला हुआ भोजन और मीठे से बचें। बीपी की दवाएं कतई बंद नहीं करें। सुबह लेना भूल भी जाएं तो रात की दवा जरूर लें।

# मनरेगा बचाओ के लिए युवक कांग्रेस ने बांटे पर्चे



पर्चा बांटते कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **रोडवेज व निजी बस अड्डों पर चलाया अभियान**

**अमृत विचार:** मनरेगा योजना बचाओ संग्राम के अन्तर्गत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रोडवेज व निजी बस अड्डों पर यात्रियों को पर्चे बांटे।

शनिवार को युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दानिश सैफ़ी व देहात इकाई अध्यक्ष एडवोकेट अरमान खुर्शीद के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी कुंदरकी, बिलारी व टांडा बाजपुर बस अड्डों पर पहुंचे। यात्रियों को कांग्रेस व भाजपा सरकार की मनरेगा योजनाओं में अंतर बताने वाले पर्चे बांटे। किस प्रकार कांग्रेस के रोजगार की गारंटी योजना को सरकार ठेकेदार के आधीन करने का षड्यंत्र रच रही है। कहा कि भाजपा अब यह योजना केवल अपने मनमाफिक मतदाताओं वाली पंचायतों में ही लागू कर शेष पंचायतों के गरीब मजदूरों के हक पर डाका डालने की तैयारियों में जुटी हुई है। युवा कांग्रेसियों ने रोजगार की गारंटी, न्यूनतम मानदेय 400 करने और पुरानी योजना में कोई भी बदलाव न करने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अफजल हुसैन साबरी आदि ने भी युवा कांग्रेसियों का हौसला बढ़ाया।

# किड्स प्रीमियर लीग में द आर्यंस बेशर्स की शानदार जीत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान में चल रही किड्स प्रीमियर लीग के तहत शनिवार को टॉस जीतकर द आर्यंस बेशर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 296 रन का स्कोर खड़ा किया। उजैर अहमद ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। उनके अलावा अचित चहल ने 62 रन, सात्विक ने 54 रन और उरमीत ने 47 रन का अहम योगदान दिया। बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के चलते टीम ने स्काईलाइन बुल्स के सामने मुश्किल लक्ष्य रखा।

जवाब में उतरी स्काईलाइन बुल्स की टीम दबाव में नजर आई और पूरी टीम 25.1 ओवर में मात्र 76 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के शौर्या, गतिक और अनिरुद्ध खाता भी नहीं खोल सके। शोएब अली ने सर्वाधिक 29 रन की पारी खेली। इस तरह द आर्यंस बेशर्स ने स्काईलाइन बुल्स को 220 रन के बड़े अंतर से हराकर टूर्नामेंट में मजबूत दावेदारी पेश की।

# देश से करते हो प्यार तो स्वदेशी को करो स्वीकार

- **रन फॉर स्वदेशी के तीसरे चरण की सोनकपुर स्टेडियम से हुई शुरूआत**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्वदेशी संकल्प दौड़ में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** युवा दिवस से प्रारंभ स्वदेशी संकल्प दौड़ के तीसरे चरण में स्वदेशी जागरण मंच एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में स्वदेशी के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से स्वदेशी संकल्प दौड़ में लोग दौड़े। शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ का आरंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

स्वदेशी संकल्प दौड़ में युवा एवं छात्र-छात्रा हाथों में स्वदेशी के समर्थन में नारे लिखी तख्तियां लेकर वन्दे मातरम्, जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लाएंगे, अगर देश से करते हो प्यार तो स्वदेशी को करो स्वीकार के नारे लगाते हुए दौड़े। दौड़ सोनकपुर स्टेडियम से प्रारंभ होकर दीनदयाल नगर होते हुए नेहरू युवा केंद्र पर समाप्त हुई। रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया।

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि आज भारत स्वदेशी के मार्ग पर चल पड़ा है। हमें स्वदेशी जीवन शैली को भी अपनाना चाहिए। देश की संस्कृति को संरक्षित करने की जिम्मेदारी अब युवा पीढ़ी के हाथ में है।

प्रान्त संयोजक कपिल नारंग ने समापन पर सभी को स्वदेशी संकल्प शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने किया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक नीरज सोलंकी, रेनू गुप्ता, नीलम, अंजना सहगल, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, पार्षद पंकज शर्मा, राजू कालरा, सुनीता शर्मा, शशि किरण, गौरव पांडे, सोमपाल, अनुज शर्मा, ओपी चौधरी, योगेश गुप्ता, पिंकू तिलकधारी, विजय वर्मा, योगेश शर्मा, अमित शर्मा, राजेश पंडित सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि देने वाला बने

मुख्य अतिथि कोठीवाल डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ समाजसेवी केके मिश्रा ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का भी यह दायित्व है कि वह विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करें। नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बने। स्वदेशी केवल उत्पाद नहीं देश प्रेम का भाव है।स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक कपिल नारंग ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ ही कमाना शुरू कर देना चाहिए। उद्यमिता का मार्ग कठिन प्रतीत होता है परंतु अगर सूझबूझ से किया जाए तो नौकरी से आसान है।

# पेंशन सम्मेलन सफल बनाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सभागार में अटेवा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

- **जिला अस्पताल के नर्सेज मेस सभागार में हुई बैठक**

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के नर्सेज मेस सभागार में शनिवार को अटेवा की जनपदीय बैठक शनिवार को हुई। इसमें 15 फरवरी को बिजनौर के इंदिरा बाल भवन में होने वाली पेंशन क्रांति महा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। इसके अलावा निजीकरण और टेट अनिवार्यता का विरोध किया गया।

अटेवा के मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान की तरह अधिक से अधिक संख्या में पेंशन क्रांति महासम्मेलन में उपस्थित होकर सरकार तक अपनी बात मजबूती से पहुंचाना है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना समस्त शिक्षक और कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। अटेवा के जिला महामंत्री हेमन्त चौधरी ने कहा कर्मचारी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था को सरकार बहाल करे।

नई पेंशन स्कीम कर्मचारी के लिए छलावा है। 30 से 40 वर्ष की सेवा करने के बाद कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर मात्र दो 2000 की पेंशन मिल रही है। जिससे सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों का जीवन अंधकारमय हो रहा है। बैठक में जनपद के संगठन मंत्री निश्चल भटनागर, जिला मंत्री नर्सेज संघ प्रतिमा शर्मा, जिलाध्यक्ष पूनम मैसी, चतुर्थ श्रेणी महासंघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील, जिला मंत्री शेखर, एक्स-रे टेक्निशियन जिला मंत्री अरविंद कुमार और विभिन्न विभागों के कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और पेंशन विहीन शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# करंट से हुई संविदा कर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **परिजनों के साथ संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार:** शाखाओं की छंटाई के दौरान संविदा कर्मी की मौत के बाद संविदा कर्मचारियों ने परिजनों के साथ शनिवार को मुख्य अभियंता के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। परिजनों ने 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट से मौत की पुष्टि हुई है।

कटघर क्षेत्र में बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी रवि कुमार की शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बलदेवपुरी में शटडाउन के दौरान शाखाओं की छंटाई कर रहा रवि एचटी लाइन की चपेट में आ गया था। शनिवार को परिजनों के साथ कर्मचारी मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया के कार्यालय में एकत्र हो गए और मुआवजे की मांग करते हुए नारेबाजी की। मुख्य अभियंता ने मुआवजा दिलाने की बात कही।



मुख्य अभियंता कार्यालय पर एकत्र विद्युत संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

# निषाद पार्टी का पैदल मार्च, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अंबेडकर पार्क से जुलूस निकालते निषाद पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **मेरठ हत्याकांड के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार :** बीते दिनों मेरठ में हुए चर्चित सोनू कश्यप हत्याकांड के विरोध में निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आंबेडकर पार्क से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद ने बताया कि 5 जनवरी को थाना सरधना क्षेत्र के ज्वालागढ़ निवासी युवक सोनू कश्यप की चार-पांच दबंगों ने जिंदा जलाकर हत्या कर दी। आरोप लगाया कि पुलिस दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है, जिससे आक्रोश है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए, दोषियों को फांसी की सजा दी जाए, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाए। प्रशासन पर सामाजिक नेताओं और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद को पीड़ित परिवार से मिलने से रोकने का आरोप लगाया गया। कार्यकर्ताओं ने 8 जनवरी को सरधना क्षेत्र में दलित युवती रूबी और उसकी मां सुनीता देवी से जुड़े मामले में भी निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि दोषियों को सजा नहीं दी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर पर महिपाल कश्यप, राजीव कुमार, कृष्णपाल कश्यप, जितेंद्र तुरैहा, अजय कुमार, सौरभ, दिनेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, लाल सिंह, राजवीर कश्यप, नीरज कश्यप, रमेश कश्यप, वीर बहादुर सिंह, तुलसीराम, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

**रिकॉर्ड तोड़** | दामों के चलते गहनों का वजन और संख्या घटी, चांदी में 60-70 फीसदी तक गिरावट

# महंगाई से बिगड़ा बजट, हल्के हो गए दुल्हनों के गहने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



शोरूम में गहने पसंद करती युवतियां।

**अमृत विचार :** सोने और चांदी की आसमान छूती कीमतों ने शादी-ब्याह वाले घरों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। बढ़ती महंगाई का सीधा असर सराफा कारोबार पर दिखाई दे रहा है। हालात यह हैं कि जहां पहले शादियों में भारी और कई तरह के गहने बनवाए जाते थे, अब उनकी संख्या और वजन दोनों में कटौती की जा रही है। दुल्हनों के गहने पहले की तुलना में काफी हल्के हो गए हैं।

बाजार गंज में सराफा कारोबारी नीरज अग्रवाल ने बताया कि सोने-चांदी की रिकॉर्ड कीमतों से शादी वाले घरों के लोग बेहद परेशान हैं। पहले दुल्हन के लिए छह चूड़ियां, बाजूबंद, करधनी, हथफूल, रानीहार, झुमके, पांच-छह अंगूठियां, चेन सहित कई अन्य आइटम बनवाए जाते थे। अब स्थिति यह है कि लोग चार चूड़ियां, दो-तीन अंगूठियां, झुमके और एक चेन तक ही सीमित रह गए हैं। इतना ही नहीं, इन गहनों के वजन में भी लोग कटौती कर रहे हैं ताकि बजट किसी तरह संभाला जा सके। मंडी चौक में सराफा कारोबारी देवेश वर्मा के अनुसार, पहले शादियों में औसतन 15 तोला तक के सोने के गहने बनते थे, लेकिन अब यह आंकड़ा घटकर 10 तोला से भी नीचे सिमट गया है। महंगाई का सबसे ज्यादा असर मध्यम आय वर्ग के परिवारों पर पड़ा है। बढ़ती कीमतों के कारण इन्हें गहनों की खरीद सीमित करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि उम्मीद से कहीं ज्यादा महंगाई बढ़ गई है, जिससे शादी की तैयारियां कठिन हो गई हैं।

### चांदी के सिक्कों की बिक्री प्रभावित

शादी में बिछुआ, पायल, चांदी के बर्तन और बरातियों व रिश्तेदारों को उपहार देने के लिए चांदी के सिक्कों की अच्छी-खासी मांग रहती थी। लेकिन अब महंगाई के चलते इनकी बिक्री बुरी तरह प्रभावित हुई है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी से जुड़े सामान की खरीद में 60 से 70 फीसदी तक की गिरावट आई है। लोग अब हल्के वजन की पायल और सीमित मात्रा में ही चांदी के सिक्के खरीद रहे हैं।

### 18 कैरेट गहनों की बढ़ी मांग

सोने के दाम बढ़ने का असर उसकी शुद्धता के चुनाव पर भी पड़ा है। जहां पिछले साल तक 20 और 22 कैरेट सोने के गहनों का चलन ज्यादा था, वहीं अब ग्राहक 18 कैरेट के गहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि करीब 80 फीसदी ग्राहक 18 कैरेट के गहने बनवा रहे हैं, जबकि केवल 20 फीसदी लोग ही 20 या 22 कैरेट के गहनों की खरीद कर रहे हैं।

# टीएमयू में बर्थ एस्फिक्सिया से पीड़ित नवजात को मिलीं सांसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पीड़ित नवजात के आपरेशन के बाद मौजूद चिकित्सक व अन्य। ● अमृत विचार

- **पीड़ित का डॉक्टरों की टीम ने किया सफल उपचार**

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। टीएमयू हॉस्पिटल में बर्थ एस्फिक्सिया (जन्म के समय दम घुटने) से पीड़ित नवजात शिशु का नवीन तकनीक-थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया के जरिए सफल उपचार किया गया। अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ है।

जटिल उपचार का नेतृत्व नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति रावत ने किया। डॉ. रावत की टीम में पीडियाट्रिक्स की एचओडी डॉ. रूपा सिंह, प्रो. विवेक त्यागी, डॉ. सुरेन, डॉ. मयंक और डॉ. नव्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉक्टरों के अनुसार जन्म के तुरंत बाद शिशु को गंभीर अवस्था में एनआईसीयू में भर्ती किया गया था। बर्थ एस्फिक्सिया एक अत्यंत गंभीर स्थिति होती है, जिसमें समय पर सही इलाज न मिलने पर शिशु के मस्तिष्क को स्थायी क्षति पहुंच सकती है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में डॉक्टरों ने आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया का सहारा लिया गया। थेरैप्यूटिक हाइपोथर्मिया प्रक्रिया के तहत शिशु के शरीर को नियंत्रित रूप से ठंडा किया जाता है। इस उपचार में लगभग 72 घंटे तक शरीर का तापमान सावधानीपूर्वक कम रखा जाता है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इसके बाद शिशु को-ग्रेजुअल रीवार्मिंग के जरिए धीरे-धीरे सामान्य तापमान पर लाया जाता है। प्रक्रिया अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञों की निगरानी में की जाती है।

# बचाव की आपातकालीन विधियां समझाईं

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** गृह मंत्रालय व निदेशालय नागरिक सुरक्षा लखनऊ के निर्देश पर एमआईटी में वार्डन एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आपदा के दौरान आपातकालीन स्थितियों में बचाव व प्राथमिक उपचार आदि के बारे में जानकारी दी गई।

नीरज चक उपनियंत्रक व प्रशिक्षणार्थियों ने इतनी शक्ति हमें देना दाता सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना की। इसके बाद एसडीआरएफ टीम ने पहले सत्र में बचाव की आपातकालीन विधियों के बारे में प्रशिक्षित किया। दूसरे सत्र में सतीश कुमार ने आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे समझाया। अंतिम सत्र में अग्निशमन विभाग द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की गई। इस दौरान चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो. खालिद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 18 जनवरी 2026 **मुरादाबाद देहात**

## ब्रीफ न्यूज

### महिला से मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र की एक महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर परिवार के लोगों पर मारपीट करने और सोने, चांदी का सामान छीनने का आरोप लगाया है। ग्राम सराय खजूर निवासी महिला फरीन पत्नी मोबिन ने थाना पुलिस को दी तहरीर में परिवार के शायरी, मुस्कान, बेबी, नसीम, फातिमा आदि अन्य कई महिला पुरुषों पर गाली गलौज करने और विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने एवं सोने चांदी के समान छीन ने का आरोप लगाते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस से अभियोग पंजीकृत कार्यवाही करने की मांग की है।

### चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना छजलैट पुलिस ने मोबाइल और रुपए चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना सिविल लाइन के हरथला सोनपुर निवासी मनोज कुमार 10 जनवरी को लगभग 6 :30 बजे हरिद्वार मुरादाबाद रोड पर ग्राम फूलपुर मिठनपुर के निकट अपने प्लांट पर गए हुए थे। तभी अज्ञात चोर ने उनका सैमसंग का मोबाइल जिसमें जिओ का सिम पड़ा हुआ था, 300 रुपए एवं उनके निजी दस्तावेज व फोटो चुरा लिए थे, जिसकी शिकायत थाना छजलैट पुलिस को तहरीर देकर की गई थी परंतु पुलिस ने पहले कोई कार्रवाई नहीं की। दोबारा शिकायत करने पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# घर में फंदे से लटका मिला न्यायिक कर्मी का शव

## पत्नी से तलाक का मामला कोर्ट में होने से तनाव में था मोहित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



मृतक मोहित।



मौके पर जांच करते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

● **सवा महीने बाद ही अनबन के बाद मायके चली गई थी पत्नी**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में एक न्यायिक कर्मी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मोहित का पत्नी से तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसे लेकर वह लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करना वाला जप्ती निवासी मोहित कुमार(28) पुत्र मुनेश निवासी ठाकुरद्वारा में न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में क्लर्क थे। परिजनों के अनुसार मोहित का पत्नी से तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसे लेकर वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थे। बताया गया कि मोहित की शादी करीब दो वर्ष पूर्व अनीता पुत्री महावीर, निवासी गांव लम्बिया (निकट गजरौला) के साथ हुई थी। शादी के सवा महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच अनबन हो गई और पत्नी मायके चली गई। इसके बाद से वह अपनी ससुराल नहीं आई थी और तलाक का केस दायर कर दिया गया था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे मोहित ने परिवार के साथ खाना खाया और कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह जब काफी देर तक बाहर नहीं आया तो कमरे में जाकर देखा तो वह दुपट्टे से बने फंदे के सहारे छत के हुक से लटका मिला। देखते ही परिवार में कोहराम मच गया।

रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मोहित के परिवार में उनकी मां कुसुम देवी, बड़े भाई सोहित और बड़ी बहन पूजा हैं। परिजनों का कहना है कि तलाक केस के कारण मोहित मानसिक रूप से काफी समय से मानसिक तनाव में रहता था। उधर मुंशी कोर्ट में तैनात कर्मियों को जैसे ही सूचना मिली कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। कर्मचारियों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## संस्कृति उत्सव में भाग लेने का अवसर

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सहायक पर्यटक अधिकारी व सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद मुरादाबाद प्रदीप कुमार टम्टा ने बताया कि शास्त्रीय एवं लोक संगीत की पृष्ठभूमि में प्रदेश के सभी अंचलों में ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान करना है। इस उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृतिः हमारी पहचान के अन्तर्गत ''संस्कृति उत्सव'' की शुरूआत की गई है।

मुरादाबाद में जनपदीय एवं मंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज निकट पीली कोठी में आयोजित होगी। जिले के निवासी जो इच्छुक हो ऑनलाइन अथवा ऑफ लाइन स्थल पर सुबह 10:00 बजे तक पहुंच कर भी आवेदन कर सकते हैं। विजेताओं को 23, 24-26 जनवरी उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर सम्मान एवं पुरस्कार दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी कलाकार अपने से संबंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तहसील मुख्यालय, संस्कृति विभाग की वेबसाइट अथवा उपनिदेशक संस्कृति के मोबाइल नंबर 919415068031 और सहायक पर्यटक अधिकारी, मुरादाबाद के मोबाइल 9412455411 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनता इंटर कॉलेज प्रकरण को लेकर भूख हड़ताल की तैयारी



गांव गोपीवाला में जनसंपर्क करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● **आजीवन सदस्यों ने गांव-गांव चलाया जनसंपर्क अभियान**

**अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज हो गई है। कॉलेज के आजीवन सदस्य जसवंत सिंह, खेमचंद शर्मा, मेघराज सिंह, युवराज सिंह सहित अन्य लोगों ने शनिवार को कालेवाला, माधोवाला, गोपीवाला, अस्लेमपुर और निर्मलपुर समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान 19 जनवरी से तहसील परिसर में प्रस्तावित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को सफल बनाने के लिए पर्चे वितरित किए गए और अपील की गई कि वे दोपहर 12 बजे एसडीएम कोर्ट परिसर में एकत्र होकर आंदोलन को समर्थन दें। जनसंपर्क के दौरान तेजपाल सिंह, राठौर सिंह, नरेश सिंह, कमल सिंह, संजय सिंह, राजपाल सिंह, आबिद अली सहित अनेक लोगों से संपर्क कर उन्हें आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया गया।

**ये हैं प्रमुख मांगें :** आंदोलन कारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में मंडल आयुक्त द्वारा कराई गई जांच में सामने आई धन संबंधी अनियमितताओं को गमन के रूप में दर्ज किया जाना, कॉलेज प्रबंधन का खाता फ्रीज किया जाना शामिल है। इसके अलावा जून 2024 के अंतिम सप्ताह में कटवाए गए सागौन, अशोक के हरे-भरे पेड़ों तथा शीशम के पेड़ों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई गई।साथ ही सहायक लिपिक तरुण कुमार की पदोन्नति एवं नियुक्ति को निरस्त किए जाने की मांग पर भी जोर दिया गया।

## मेड़ काटने का आरोप समाधान दिवस में लगाई न्याय की गुहार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि की मेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई और मेड़ पुनः लगवाए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थिनी बीना देवी पत्नी रमेश सिंह निवासी ग्राम महुआखेड़ा तहसील जसपुर ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) की खेती गाटा संख्या 434, मौजा बघाड़ा, तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में स्थित है। आरोप है कि गांव के ही भारत सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी ग्राम बलवाड़ी सुरजननगर उसकी आराजी को लेकर आए दिन बिना वजह मारपीट करता है और विवाद पर उतारू रहता है।

आरोपित द्वारा उसकी खेती की मेड़ को जबरन काट दिया गया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज और धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिससे उसे और उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# पाइपलाइन फटी, पानी की आपूर्ति बाधित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



एसडीएम कोर्ट रोड पर पाइपलाइन फटने से दिन भर लगा जाम। ● अमृत विचार

● **एसडीएम कोर्ट रोड पर आवागमन प्रभावित, लगा जाम**

**अमृत विचार :** शनिवार तड़के ठाकुरद्वारा नगर में एसडीएम कोर्ट रोड पर नगर पालिका की जलापूर्ति की मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई। जिससे सड़क पर तेज़ी से पानी बहने लगा, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया और देखते ही देखते सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि वाटर टैंक से नगर को जलापूर्ति करने वाली मुख्य पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया है। इसके चलते नगर की लगभग आधी आबादी को पीने के पानी की आपूर्ति बाधित हो गई।

मरम्मत के लिए नगर पालिका द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क पर गड्ढा खुदवाया गया, जिससे यातायात और अधिक प्रभावित हो गया। दिनभर इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। वाहन चालकों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका की टीम पूरे दिन पाइपलाइन को ठीक करने में जुटी रही, लेकिन देर शाम तक भी जलापूर्ति बहाल नहीं हो सकी। पानी की सप्लाई ठप रहने से लोगों को घरेलू जरूरतों के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने पड़े। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कर जलापूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।

नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और शीघ्र ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## नाली का पानी रोकने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में दिए पत्र में फुरकान पुत्र मुस्सत निवासी ग्राम सरकड़ा परमपुर माफी ठाकुरद्वारा ने बताया कि गांव का पानी सरकारी तालाब में जाता है। आरोप है कि गांव के ही मुजफ्फर अली पुत्र अनवर अली द्वारा पीड़ित के घर की निकासी वाली नाली को रोक दिया गया है, जिससे पानी तालाब में नहीं जा पा रहा है।

विरोध किया तो आरोपी धमकी देने लगा। ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। जब भी वह नाली खुलवाने की बात करता है, आरोपी झगड़े पर उतारू हो जाता है। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की निकासी सुचारू कराई जाए। अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शिकायतों के निस्तारण में अफसर दिखाएं गंभीरता

संवाददाता, बिलारी

● **बिलारी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें**

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि फरियादी को किसी तरह की कोई समस्या ना हो और उसे बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़े।

शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी अनुज सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उनके आने की सूचना पर बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता समाधान दिवस में पहुंच गए। इस दौरान डीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। दिवस में 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें राजस्व विभाग की 19, पुलिस विभाग की आठ, विकास विभाग की चार ,विद्युत विभाग की दो, पूर्ति विभाग की 11 और अन्य विभाग की चार शिकायतें प्राप्त हुई है। मौके पर चार शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गंभीरता दिखाने के लिए कहा है ।उन्होंने कहा कि हर हाल में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए और शिकायत निस्तारित होनी चाहिए ।इस दौरान एसडीम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 22 शिकायतें आईं, दो का निस्तारण

● **एसडीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 22 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए टीम मौके पर भेजी गई।

इस अवसर पर एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उसका निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चक रोड से अवैध कब्जे हटवाने के मामले में कोई शिकायत आती है तो उसकी गंभीरता से लिया जाए। तत्काल ग्राम समाज की भूमिका अवैध कब्जा हटवाया जाए। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस विभाग से संबंधित अधिक शिकायत आ रही है, उस विभाग के अधिकारी कर्मचारी अलग से कैंप लगाकर जनता की समस्या सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान करें, जिससे फरियादियों को बार-बार तहसील के चक्कर न काटने पड़े। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक निर्देश कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम, तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मौनी अमावस्या आज स्नान-दान का बड़ा महत्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **चतुर्ग्रही योग, सर्वार्थ सिद्धि सहित कई शुभ संयोग**

**अमृत विचार :** आस्था, साधना और संयम का प्रतीक मौनी अमावस्या इस वर्ष विशेष फलदायी मानी जा रही है। 18 जनवरी रविवार को पड़ रही अमावस्या तिथि पर ग्रहों की ऐसी दुर्लभ स्थिति बन रही है, जो साधारण दिन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मौन व्रत, पवित्र जल में स्नान और दान करने से मनुष्य के कर्मों को नई दिशा मिलती है।

अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित होती है। ऐसे में इस दिन तर्पण करने से पितृ दोष और कालसर्प जैसे दोषों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। ज्योतिषाचार्य दीपक कृष्ण उपाध्याय बताते हैं कि इस दिन मकर राशि में सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र की युति से चतुर्ग्रही योग बन रहा है, जो सभी राशियों के लिए शुभ फल देने वाला माना गया है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग, हर्षण योग और शिववास जैसे संयोग भी बन रहे हैं।

### शांत होते हैं ग्रह दोष

मौनी अमावस्या पर दान का विशेष महत्व है। जरूरतमंदों और ब्राह्मणों को भोजन कराने से पुण्य की प्राप्ति होती है। गाय को हरा चारा व पेड़ा, मछलियों को आटे की गोलियां, चींटियों को मीठा आटा, कुत्ते और कौओं को रोटी तथा कबूतरों को बाजरा खिलाना शुभ माना गया है। साथ ही अनाज, वस्त्र, तिल, तिल का तेल, कंबल और सर्दी के कपड़ों का दान करने से ग्रहों की अशांति दूर होती है।

### मौन व्रत से आत्मशुद्धि

मान्यता है कि इस दिन मौन रहकर व्रत करने से आत्मशुद्धि होती है और व्यक्ति आत्ममंथन के माध्यम से ईश्वर के और समीप पहुंचता है।

# 38 शिकायतें, एक भी निस्तारित नहीं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस पर उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निस्तारण औपचारिकता तक सीमित न रहकर धरातल पर प्रभावी रूप से किया जाए, ताकि फरियादियों को वास्तविक राहत मिल सके।

**चोरी का अब तक खुलासा नहीं :** व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने समस्याएं रखीं। पूर्व पालिका सदस्य राजेंद्र चंद्र पांडे के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कोतवाली के पीछे स्थित एक साइबर कैफे में हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने पर नाराजगी जताई।

### अवैध पार्किंग से परेशानी का मुद्दा उठा

व्यापारियों ने कोतवाली के पीछे चौपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग से हो रही परेशानी का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि अवैध पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। इस पर एसडीएम प्रीति सिंह ने पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक दीपक कुमार को तलब करते हुए अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगाने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर में यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

## न्यूज डायरी



### भ्रूण हत्या पर रोक लगाने का आह्वान

**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को महर्षि दयानंद इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर छात्र इकाई ने मौढ़ी हजरतपुर में तथा छात्रा इकाई ने गुलड़िया में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदर्भ में जागरुकता रैली निकाली। दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक संगोष्ठी का आरंभ मुख्य अतिथि डायट प्रवक्ता शशिवाला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बेटियां प्रकृति की सुन्दरतम रचना हैं और आज के समय में बेटियां किसी तरह से बेटों से कम नहीं हैं। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि बालिकाएं सभी क्षेत्रों में अपनी योग्यताओं का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह व ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी,ओम प्रकाश सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह राणा, पीतांबर सिंह, भानु प्रताप सिंह, सुन्दर सिंह, रानी राणा,रश्मि शर्मा,अशोक कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन निशिकांत पाठक ने किया।



### सूची में नहीं है नाम तो दस्तावेज दें

**कांठ, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लगातार एसईआर का कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है, जिसे लेकर एसडीएम संत दास पवार ने तहसील में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी की बैठक बुलाई। शनिवार को भाजपा और सपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बैठक में पहुंचे और समस्याएं बताईं।एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं है, वह अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसके लिए बूथ लेवल के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस की सुनवाई का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। किसी तरह की कोई समस्या किसी है तो राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ लेवल अधिकारियों से सहयोग लें और उनका सहयोग भी करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, प्रमोद चौहान, डॉ. नेपाल सिंह, सपा से शोएब अहमद एवं सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अवैध पार्किंग बनी मुसीबत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के एसडीएम कोर्ट मार्ग पर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों के कारण लगने वाले जाम से स्थानीय व्यापारी और राहगीर खासे परेशान हैं। इस समस्या को लेकर शनिवार को तहसील प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में व्यापारी अधिकारियों के समक्ष पहुंचे और नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों का कहना है कि एसडीएम कोर्ट रोड पर पूरे दिन सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है, वहीं राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि अवैध पार्किंग करने वालों को नगर पालिका का संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण समस्या लगातार बनी हुई है। व्यापारियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समाधान न होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।



### बिना भेदभाव के सर्वांगीण विकास कर रही भाजपा

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम थांवला में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। शनिवार को थांवला में हाजी छुट्टन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जरूरतमंदों को लिहाफ देने के बाद विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही हैं। सभी को बराबर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान डॉ.अनिल सिंह और दीप जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता समाजसेवी हाजी मास्टर शमशाद हुसैन, संचालन गुड्डू कुरैशी ने की। कार्यक्रम में मास्टर तस्लीम,असद, आलम मोहम्मद एडवोकेट, इमरान अब्दुल कादिर, अमीर हमजा, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, मोहम्मद नईम, हाजी अख्तर, मुस्तकीम ,मुन्ना कुरैशी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

**मो. 7906815587**

### सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0782661 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0569757 के मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है। सागर सिंह पुत्र जसराम सिंह निवासी ग्राम श्यामपुर हादीपुर पो. देवीपुरा मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पुलिस पर जबरन हाईटेंशन लाइन लगवाने का आरोप

संवाददाता, कांठ



थाना छजलैट के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **अलीपुर खालसा व जस्सू नंगला के ग्रामीणों ने किया थाने के बाहर प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर खालसा व जस्सू नंगला निवासी दर्जनों ग्रामीणों में पुलिस पर उनके घरों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन लगवाने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर कार्रवाई की मांग और थाना छजलैट के बाहर प्रदर्शन भी किया।

छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर खालसा व जस्सू नंगला निवासी ओम प्रकाश सिंह, रूप सिंह, चंद्रसेन, जितेंद्र, मोहनलाल, धर्मवीर, हरि सिंह एवं अन्य महिला पुरुषों ने थाना पुलिस पर जबरन अवैध रूप से बिजली की 11000 वोल्टेज की हाई टेंशन लाइन के तार उनके घरों के ऊपर लगवाने के प्रयास का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र भी दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रमपुरा ऊर्फ रामनगर के एक व्यक्ति अपने आम के बाग के लिए गांव में आबादी के मकान के ऊपर से नई विद्युत लाइन बनवाकर ग्रामीणों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों के बच्चों में पशु की जान को भी खतरा बना रहेगा। आबादी के आसपास हाई टेंशन लाइन नहीं होनी चाहिए। आरोप है कि अलीपुरा खालसा में लाइन बनाई जा रही है जबकि अलीपुरा में इसका सर्वे भी नहीं किया गया है। कुछ लोग एक प्रभावशाली राजनेता को अपना खास बात कर गांव की आबादी के मकान पर भाई टेंशन लाइन के तार लगवाना चाहते हैं। उन्होंने इस लाइन को रोके जाने की मांग की है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कई मोहल्लों की 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** एसडीओ मोहम्मद इरफान अहमद ने बताया कि 33/11 रजा इंटर इंटर कॉलेज विद्युत उपकेंद्र की 132 केवी लाइन पनवड़िया के अनुरक्षण कार्य और लाइन पर आ रहे पेड़ों की शाख तराशी का कार्य होगा। जिसके चलते रजा इंटर कॉलेज विद्युत उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र मिस्टन गंज, कटकुइयां, लाल कबर, सराय गेट, घाटमपुर, घोसियान, तोपखाना, नालापार, मोहल्ला कलकत्ता, हजरतपुर उर्दू कॉलोनी, रेती ओर घेर चंदन खान मोहल्लों की आपूर्ति 11 बजे से 15 बजे तक बाधित रहेगी।

### यूपीसीए के ट्रायल के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के क्रिकेट ट्रायल के लिए फॉर्म उपलब्ध करा जा रहे हैं। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव बसंत सिंह बघेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के 2026-27 लिए के क्रिकेट ट्रायल के फॉर्म भरे जा रहे हैं। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा ऑनलाइन भराए जा रहे हैं। क्रिकेट कोच आलम खान एवं संयोजक रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान

## विकास भवन सभागार में हुआ राज्य कर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच संवाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन में शनिवार दोपहर राज्य कर विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना और त्वरित, व्यवहारिक तथा स्थाई समाधान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। संवाद में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने जीएसटी से सम्बंधित व्यापारियों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि असेसमेंट में और सचल दल द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न और जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों अंधाधुंध नोटिस जारी किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संदेश जैन, अनीता सिंह से समस्याओं के निस्तारण कराए



विकास भवन सभागार में हुए संवाद कार्यक्रम में अधिकारी एवं व्यापारी। ● अमृत विचार

जाने के लिए कहा। कार्यक्रम में कर विभाग को आईआईए के चेयरमैन श्रीश गुप्ता द्वारा सुझाव दिया कि रामपुर के प्रमुख उद्योग मेंथा और प्लाईवुड उद्योग समस्याओं से जूझ रहे हैं, मेंथा को कृत्रिम मेंथा, टेरिफ से एवं प्लाईवुड उद्योग नेपाल से सस्ती लकड़ी आने के कारण विभिन्न प्रकार की चुनोतियों से जूझ रहे हैं। कहा कि इस समय उद्योगों पर सर्वे छापों पर रोक जारी रखी जाय। इस प्रकार का आदेश मंडलायुक्त आंजनेय कुमार ने भी भेज रखा है। सचल दल की काफी शिकायतें एसोसिएशन को मिल रही हैं, उन पर रोक लगाई जाए। सचल दल के स्थान पर नई टेक्नोलॉजी जो टोल टैक्स में अपनाई जा रही है, उस तरह की टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाए। सभी उद्यमी रजिस्टर्ड है। उन्हें टारगेट पर न लेकर जो उद्यमी बगैर जीएसटी पंजीकरण के व्यापार कर रहे है, उन पर फोकस रखा जाय। जिलाधिकारी और राज्य कर अधिकारियों ने व्यापारी नेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया।

### संवाद कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

शैलेंद्र शर्मा, शाहिद शम्सी, संदीप अग्रवाल सोनी, श्रीष कुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राज्य कर उपायुक्त संदेश कुमार जैन, उपायुक्त अनीता सिंह, उपायुक्त उदय प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त राधेश्याम यादव, सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार, जेपी मौर्य, राज्य कर अधिकारी गुरुप्रसाद, राहुल कुमार, श्रीकांत यादव, नरेंद्र लाल आदि लोग मौजूद रहे।

### बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का भी गूंजा मुद्दा

संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने जिले में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया। कहा कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है उसे पूरा कराया जाए। जिला अस्पताल के सर्जन की संविदा की 11 जनवरी को मियाद पूरी हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यंत अभाव है रामपुर में कोई निजी अस्पताल भी नहीं है यहां स्वास्थ सेवाएं चाक चौबंद की जाएं चिकित्सक की कमी पूरी की जाए। श्रीष गुप्ता ने कहा कि रामपुर में एमआरआई मशीन नहीं है। एमआरआई मशीन लगवाकर जनता को यह सुविधा दी जाए। यह जीवन रक्षा से जुड़ा कार्य है, जनता के टैक्स के पैसे का प्रथम उपयोग इस कार्य में किया जाय। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मेडिकल कॉलेज खुलवाने की मांग की।

# आज बूथों पर होंगे बीएलओ नाम पढ़कर होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में चुनाव आयोग ने विशेष अभियान की तिथि 18 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। रविवार आज जिले की विधानसभा क्षेत्रों में बने मतदान केंद्रों पर बीएलओ नाम पढ़कर सुनाएंगे, इससे सत्यापन होगा।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सभी 5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 34- स्वार, 35-चमरौआ, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर और 38-मिलक (आरक्षित) में बने 1100 मतदेय स्थलों पर बने 2114 मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वो सभी नाम पढ़कर सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार विधानसभा 37 के सभी बूथों पर सभी बीएलओ सुबह 11 से सायं 4 तक उपस्थित रहकर बीएलो द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची एवं एएसडीडी सूची को पढ़ा जाएगा। इसमें ग्राम सभा तथा वार्ड कमेटी की बैठकों से संबंधित क्षेत्र के पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट, स्थानीय प्रतिनिधियों आदि को शामिल होना सुनिश्चित किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढकर सुनाया जाएगा।

### जिला निर्वाचन कार्यालय और तहसील से लें फॉर्म

संदीप वर्मा ने बताया कि मतदान केंद्रों पर पदाभिहीत अधिकारी व बीएलओ से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध करा सकते हैं। तहसील कार्यालय व जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म ले सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से आयोग की मोबाइल एप ECINET व वेवसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित एवं फार्म-7 सबमिट कर सकते हैं।

# हिंदू सम्मेलन के प्रचार को निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को तिरंगा पार्क नई आवास विकास कॉलोनी में रविवार (आज) होने वाले हिंदू सम्मेलन के प्रचार को शहर में बाइक रैली निकाली गई। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न रास्तों पर घूमकर लोगों को संस्कृति, सामाजिक एकता और राष्ट्रभाव का संदेश दिया गया।

दोपहर 3 बजे समिति कार्यकर्ता एलआईसी चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने वाहनों पर झंडियां लगाई और संस्कति जागरण के नारे लगाते हुए भ्रमण शुरू किया। आवास विकास के मार्गों से होते हुए एकता विहार, आनंद विहार, शक्तिपुरम, डायमंड रोड, गायत्रीपुरम, गंगापुर, ब्रज विहार, कुंज विहार, कॉपरेटिव बैंक कालोनी, स्टेट बैंक कालोनी, तिरंगा पार्क होते हुए वापस एलआईसी चौराहे पर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान धर्म जागेगा, समाज आगे बढ़ेगा, एकता में शक्ति है, संस्कार ही संस्कृति की पहचान है, जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। यहां आयोजकों ने कहा कि भारत एक है, हमारी संस्कृति एक है। धर्म हमें जोड़ता है, तोड़ता नहीं। संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर समाज के लिए कार्य करने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि हिंदू सम्मेलन रविवार आज सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की सदस्या साध्वी प्राची जी और मुख्य वक्ता धर्म जागरण समन्वय मेरठ प्रांत के प्रांत संयोजक धर्मेंद्र उद्बोधन करेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म, संस्कृति एवं समाज के उत्थान से जुड़ने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।



हिंदू सम्मेलन को लेकर प्रचार करते आयोजन समिति के कार्यकर्ता।

- **आज हिंदू सम्मेलन में शामिल होंगी साध्वी प्राची**

# जायद की फसल के लिए किसानों को मिलेगी मिनीकिट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **मिनीकिट में होगा 4 किलो उड़द और 4 किलो मूंग**
- **निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी किसानों को मिनीकिट**

**अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में कृषकों को राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित निशुल्क जायद सीजन 2026 में दलहनी फसलें उड़द 4 किग्रा और मूंग 4 किग्रा के बीज मिनीकिट कृषकों को निशुल्क उपलब्ध कराये जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीज मिनीकिट के लाभार्थियों का चयन लॉटरी से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

किसान यदि योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं तो उन्हें कृषि दर्शन 2 पोर्ट पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को पॉज मशीन के माध्यम से जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों द्वारा बीज मिनीकिट का वितरण किया जायेगा। यदि किसानों को बीज मिनीकिट बुकिंग करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो सम्बंधित राजकीय कृषि बीज भंडार पर पहुंच कर बुकिंग करा सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि एक कृषक केवल एक दलहनी फसल का मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा। कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही मिनीकिट के लिए आवेदन करें। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।

# वॉलीबाल में गांधी इंटर कॉलेज का दबदबा

संवाददाता दढ़ियाल

**अमृत विचार :** गांधी इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता सेनानी एवं विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय जागन सिंह की पुण्य स्मृति में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में गांधी इंटर कॉलेज की टीम ने फाइनल पर आठवीं बार कब्जा किया।

प्रतियोगिता का आरंभ वंडर सीमेंट के एसोसिएट मार्केटिंग रिप्रेजेंटेटिव सत्य प्रकाश, प्रबंधक युवराज सिंह, प्रधानाचार्य विधिराम शर्मा, मित्रपाल तथा वंडर सीमेंट से आए अन्य अतिथियों द्वारा किया। अतिथियों ने स्व. जागन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतियोगिता का पहले मुकाबले में गांधी इंटर कॉलेज दढ़ियाल की टीम ने राजपूताना पब्लिक स्कूल, काशीपुर को सीधे सेटों 19-21, 21-13, 21-10 के अंतर से हराया। पहले सेमीफाइनल में गांधी इंटर कॉलेज की टीम ए ने एमजीएम इंटर कॉलेज को सीधे सेटों में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रेनबो इंटर कॉलेज सीकमपुर ने जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में गांधी इंटर कॉलेज दढ़ियाल की टीम ए ने रेनबो इंटर कॉलेज सीकमपुर को सीधे सेटों 21-13, 21-10 से हराकर पिछले 8 साल के रिकॉर्ड कायम रखते हुए ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। समापन समारोह विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद एवं उनके प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर अध्यक्ष खुर्शीद, विद्यालय के प्रबंधक युवराज सिंह चौहान, प्रधानाचार्य विधिराम शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं 5000 का पुरस्कार दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रवक्ता अनुज कुमार वर्मा ने कयिा, जबकि कमेंट्री नीरज सिंह और नरेश कुमार ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी योगेंद्र सिंह एवं सतवीर सिंह ने निभाई। निर्णायक मंडल में शशि प्रकाश, मोहम्मद फहीम एवं दिलशाद रहे।





गांधी इंटर कॉलेज में विजय टीम को ट्रॉफी देते चेयरमैन खुर्शीद अहमद व अन्य।

# बार एसोसिएशन के लिए कल होगा मतदान



कचहरी में चुनाव पर चर्चा करते वकील। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो गया है। प्रत्याशियों की धड़कन बढ़ गई है। 19 जनवरी कल मतदान है और इसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

जीत पक्की करने के लिए प्रत्याशी कचहरी में मतदाताओं से संपर्क साधते रहे। शनिवार को कचहरी में लगे अलाव के चारों ओर बैठकर वरिष्ठ अधिवक्ता हार जीत पर चर्चा करते रहे।दिग्गजों की प्रतिष्ठा का प्रश्न बना बार एसोसिएशन का चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाया जा रहा है। चुनावी कार्यालयों पर भी खूब रौनक पसरी हुई है। शाम ढलते ही वकील चुनाव कार्यालयों पर पहुंचकर चुनाव के उतार-चढ़ाव पर चर्चा करते हैं। अध्यक्ष पद के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। इनमें श्यामलाल और राजेंद्र प्रसाद पूर्व में भी बार अध्यक्ष रह चुके हैं दोनों ही प्रत्याशी पूरी ताकत लगाए हुए हैं हालांकि, चार अन्य प्रत्याशी भी जीत का प्रयास कर रहे हैं और चुनावी पंडितों का कहना है कि इस बार कोई नया नाम भी सामने आ सकता है। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए श्यामलाल, राजेंद्र प्रसाद, अमर सिंह यादव, राजीव कुमार, महेंद्र सिंह, सुखदयाल बाबा चुनाव मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वजीत सिंह और त्रिलोकी सिंह के बीच सीधी टक्कर है। महासचिव पद के लिए मुसहाफ अली, उस्मान खां, राहुल कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार, शिव नरेश तोमर, अरुण प्रकाश सक्सेना और दौलत राम चुनाव में डटे हुए हैं। 10 वर्ष से अधिक के लिए अब्दुल खालिक और मोहम्मद अकरम के बीच मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जबकि 10 वर्ष से कम वालों में उपाध्यक्ष पद के लिए सौरभ गुप्ता, आसिफ खां, अब्दुल कय्यूम, जसविंद सिंह, रामवीर शर्मा, मुरताज अली और जय सिंह के बीच में मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए अमर पाल पटेल, प्रकाश मसीह, मोहम्मद इस्लाम, संजीव यादव और मोहम्मद जावेद के बीच मुकाबला होगा। संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए सोहन लाल और सौरन सिंह सैनी ने, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए चेतराम सिंह सैनी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। मतदान का दिन करीब आ गया है सोमवार को तस्वीर साफ हो जाएगी कि जीत किसकी हुई है।

# चार हाफिज ए कुरान की हुई दस्तारबंदी

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** मोहल्ला बगिया में स्थित मदरसा जिया उल उलूम अशरफिया में शुक्रवार रात दस्तार बंदी समारोह हुआ। इस अवसर पर चार बच्चों को हाफिज-ए-कुरान की उपाधि से सम्मानित किया।

मुरादाबाद से आए मुफ्ती इमरान हनफी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में हाफिज मोहम्मद निजाम, मोहम्मद बिलाल, कारी सुलेमान और मोहम्मद साजिद की दस्तारबंदी की गई। इन सभी हाफिज-ए-कुरान का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। मुफ्ती इमरान हनफी ने अपने संबोधन में मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वे अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम आखिरत में उनके माता-पिता के काम आएगी। इस अवसर पर मदरसे के प्रधानाचार्य मोहम्मद फहीम मंजरी, कारी समीउद्दीन, हाफिज तस्वीर, मौलाना जलीस, हाफिज रियासत, मास्टर युसूफ रहे।

# रात में कोहरे में रहा शहर, दोपहर बाद धूप ने दी राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सुबह हो या शाम बस कोहरा ही कोहरा है। हालांकि, दोपहर को कुछ देर को सूरज निकला तो लोगों को राहत मिली। शुक्रवार की शाम को और शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा जिसके चलते वाहन चालकों को हेड लाइट और फॉग लाइट जलाकर सड़कों पर वाहन चलाना पड़े।

कोहरे के कारण दृष्टया शून्य हो गई। सुबह को सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने जगह-जगह अलाव जलाकर हाथ सेंके। सुबह से दोपहर तक कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से लोग सर्दी से ठिठुर गए। सड़कों पर कोहरा होने के कारण सड़कों पर वाहन लाइटें जलाकर रेंगते रहे। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा दी है। सुबह को लोग सर्दी से कंपकंपाते रहे, लोगों ने सर्दी बढ़ने पर लकड़ी एकत्र कर अलाव जलाए और हाथ सेंके। घने कोहरे के बीच में भी लोग साइकिल पर सवार होकर परिवार पालने के लिए मजदूरी पर निकले। सर्दी के कारण पूरे दिन बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। शाम ढले घना कोहरा होने के कारण लोगों की बाजारों में आवाजाही कम हो गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, आद्रता 75 प्रतिशत और वायु वेग 6 किमी. प्रतिघंटा रहा।

कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि अगले 2 दिन घना कोहरा और सर्दी जारी रहने का अनुमान है। सोमवार से तापमान के 2 से 3 डिग्री बढ़ने के आसार है साथ ही साथ मौसम शुष्क रहने की संभावना है। लगातार 3 माह से वर्षा न होना रबी फसलों के लिए प्रतिकूल है।



## ब्रीफ न्यूज

### खेत से काट ले गए आम व पापुलर के पेड़

**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में चोरों ने खेत से पेड़ चोरी का लिए। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गांव कालाखेड़ा निवासी रईस अहमद पुत्र वजीर ने शनिवार की सुबह थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के पास उसकी कृषि भूमि से करीब 15-20 दिन पहले आम के दो हरे पेड़ और पापुलर का एक पेड़ काट लिया। किसान ने जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### दो दिन की शीत लहर के बाद निकला सूर्य

**हसनपुर, अमृत विचार :** दो दिनों की कड़ाके की ठंड के बाद, जब कोहरा छंटा और सूरज की किरणें निकली, तो लोगों कोद राहत और ऊर्जा मिली। गुरुवार एवं शुक्रवार को कड़ाके की ठंड होने के कारण लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया था। वहीं शनिवार को सुबह को तो कोहरा रहा लेकिन 11 बजे के बाद धीरे-धीरे सूरज निकला तो लोगों को सर्दी से कुछ राहत मिली और सभी नगरवासी अपनी दिनचर्या में लग गए। धूप निकलने के कारण नगर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली।

### सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता आज

**हसनपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर सनातन जागरण मंच हसनपुर के द्वारा सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को नगर स्थित एक विद्यालय में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को सुबह 10 बजे होगा। सनातन जागरण मंच के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में सनातन धर्म से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता में विजया विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### सैदनगली में चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरों की स्थापना की गई। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सकती है, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने की संभावना न्यूनतम हो जाती है। पुलिस द्वारा कस्बा सैदनगली, प्रमुख हॉस्पिटलों, प्रमुख चौराहों एवं अन्य ग्रामों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जा चुके हैं।

# घने कोहरे में हाईवे पर टकराए वाहन, 6 घायल

## कम दृश्यता के चलते 10 से अधिक वाहनों में हो गई भिड़ंत, क्रेन से हटवाए गए क्षतिग्रस्त वाहन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



क्रेन से वाहनों को हटवाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर घने कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया।10 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां तीन लोगों की हालत नाजुक बनी है। यह हादसा हाईवे पर कोहरे से जीरो विजिबिलटी के कारण हुआ। टक्कर लगने के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया।

दरअसल शुक्रवार देर रात से ही भीषण कोहरा हो गया था जो शनिवार की सुबह तक बना रहा। घने कोहरे के चलते दृश्यता शून्य हो गई थी। नेशनल हाईवे पर तो कुछ भी देख पाना संभव नहीं था। वाहन भी धीमी रफ्तार से चल रहे थे। सुबह करीब 4:30 बजे मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर पहले ट्रक के पीछे डीसीएम टकराई और इसके बाद एक के बाद एक 8 से 10 वाहन टकराते चले गए। चार वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद दिल्ली से मुरादाबाद लेन पर भी पिकअप, कार और निजी बस आपस में टकरा गई। हादसे में बरेली के नवाबगंज के रहने वाले डीसीएम चालक वाहिद अली, कार सवार हमजा घायल हो गए हैं। पिकअप सवार लोग पानीपत के रहने वाले हैं और मनोना धाम जा रहे थे। पिकअप में सवार श्रीदेवी, सोनू, उदयवीर और हरीश घायल हो गए।

- सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया
- सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहनों के चलते रहे जाम के हालात

हादसे के बाद तुरंत लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया जिसके चलते पीछे से आने वाले वाहन रुकते चले गए। सूचना मिलते ही डिडौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर चीख पुकार मच रही। क्षतिग्रस्त वाहनों के कारण जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर क्रेन मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि हादसे में करीब 8 से 10 वाहन आपस टकरा गए थे। हादसे में करीब छह लोग घायल हुए जिनको अस्पताल में भर्ती कराया है। उपचार के बाद उनको अपने घरों के लिए रवाना कर दिया था।

### बस आगे चले रहे वाहन में घुसी, छह घायल

**गजरौला,अमृत विचार :** घने कोहरे में शुक्रवार की रात दिल्ली जा रही शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस आगे चल रहे वाहन के पीछे से घुस गई। हादसे में बस चालक समेत छह सवारी मामूली रूप से घायल हो गईं। हादसा सीओ कार्यालय के सामने हुआ। जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने सवारियों को दूसरी बसों में बैठकर रवाना किया। क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर किसी तरह जाम खुलवाया। शुक्रवार की शाम से ही घना कोहरा छाया था। दृश्यता शून्य हो गई थी। शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज बस शुक्रवार की देर रात गजरौला में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर सीओ आफिस के निकट आगे चल रहे वाहन में घुस गई। हादसे के वक्त ज्यादातर सवारी बस में सो रही थीं। तेज धमाका होने पर सवारियों की नींद टूटी तो चीख पुकार शुरू कर दी। पुलिस ने लोगों की मदद से सवारियों को बस से बाहर निकाला। हादसे में बस बुरी तरह तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का चालक अनिल कुमार निवासी शाहजहांपुर समेत पांच सवारी मामूली रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। मामूली रूप से घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



क्षतिग्रस्त रोडवेज बस।

### अलीगढ़ मार्ग पर बस और पिकअप समेत तीन वाहन भिड़े, तीन लोग गंभीर घायल

**संवाददाता हसनपुर,अमृत विचार :** अलीगढ़ मार्ग पर शनिवार सुबह कोहरे के दौरान डग्गामार बस व पिकअप समेत तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि, बस के आधार दर्जन यात्री भी चोटिल हुए हैं। हादसे के बाद पिकअप में आग लग गई। घायल तीनों लोगों को मेरठ रेफर कर दिया गया है। हादसा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव के नजदीक शनिवार सुबह घने कोहरे के दौरान करीब 8 बजे हुआ। आदमपुर थाना क्षेत्र से सवारी लेकर दिल्ली जा रही डग्गामार बस ने रॉन्ग साइड में जाकर सामने से आ रही पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप सवार मेरठ निवासी रिजवान, सोनू व जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए। बस चालक समेत आधा दर्जन यात्रियों के चोटिल होने की बात भी कही जा रही है। हादसे के बाद पिकअप में आग लग गई। ग्रामीणों ने समरसेबल आदि की मदद से आग पर काबू पाया। पिकअप सवार घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। उधर, हादसे के बाद लगे जाम में फंसे गन्ने लदे ट्रक में पीछे से नर्सरी लदी पिकअप टकरा गई। पिकअप चालक महिपाल सिंह निवासी भीकनपुर थाना गजरौला का कहना है कि कोहरे में आगे खड़ा ट्रक दिखाई न देने की वजह से हादसा हुआ। पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि अलीगढ़ मार्ग पर कोहरे के दौरान तीन वाहन भिड़े हैं। घायल पिकअप सवार तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।



बस से टकराकर क्षतिग्रस्त पिकअप। ● अमृत विचार

## तीसरे दिन भी आनंदा डेयरी प्लांट में आयकर सर्वे जारी

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** शनिवार को तीसरे दिन भी आयकर विभाग की टीम का मुरादाबाद दिल्ली हाईवे स्थित आनंदा डेयरी के प्लांट में सर्वे का कार्य जारी है। प्लांट के अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी जब्त हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्लांट में नहीं जाने दिया जा रहा है। कर्मियों को भी जांच के बाद ही अंदर जाने और बाहर आने दिया जा रहा है।

बता दें कि गत गुरुवार की सुबह सात बजे दिल्ली व हरियाणा नंबर की गाड़ियों से आयकर विभाग की टीम आनंदा डेयरी प्लांट में पहुंची थी। इसके बाद उसने प्लांट का गेट बंद कर टीम ने डेयरी से तमाम अभिलेख, कंप्यूटर व मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए थे। डेयरी की सुरक्षा पर लगे गार्डों को पुलिस कर्मियों ने हटा दिया गया था। नगर में हाईवे किनारे मुहल्ला भानपुर में आनंदा डेयरी का प्लांट है। गुरुवार सुबह लगभग सात बजे आठ गाडियों में सवार आयकर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गेट पर पहुंचे तथा भीतर दाखिल हो गए। गाड़ियां अंदर जाने के बाद अधिकारियों ने गेट बंद करा दिए। पहले तो किसी को बाहर इसकी जानकारी नहीं मिली थी। टीम ने शिफ्ट खत्म होने के बाद लगभग आठ बजे वहां काम करने वाले कर्मियों की तलाशी लेने के बाद बाहर भेजा तो इसकी जानकारी लोगों को हुई। टीम में लगभग 30 से 35 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

- प्लांट के अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त

## डीएम, एसपी ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ विभागों ने शिकायत निस्तारण में लापरवाही की जा रही है, जिससे जनपद की रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समय सीमा में निस्तारण का निर्देश दे कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 15, विद्युत विभाग की 5, आपूर्ति विभाग की 3, विकास विभाग की 1, पुलिस विभाग की 3, और चकबंदी की 1 शिकायत सहित कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ ही निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधिकारियों को आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, तहसीलदार मुसाराम थारू आदि अधिकारी मौजूद रहे।

- 28 शिकायतों में 5 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण



शिकायतों का निस्तारण करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित आनंद।



शिकायतें सुनते एडीएम एवं एएसपी। ● अमृत विचार

### 17 शिकायतों में दो का किया गया निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील परिसर में शनिवार को एडीएम गरिमा सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 शिकायतो का मौके पर ही निस्तारण कर पीड़ितों को न्याय दिलाया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, वन रेंजर नरेश कुमार, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, विद्युत विभाग के एसडीओ सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय लेखपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी




### अभाविप ने निकाली यातायात जागरुकता रैली

**गजरौला,अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में यातायात जागरूकता रैली निकालकर जनमानस को यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। शनिवार को नगर के शिव इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। रैली में शामिल बच्चे औरशिक्षक-शिक्षिकाओं समेत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक नारे लगाकर यातायात नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर रहे थे। प्रधानाचार्य शरद शर्मा ने कहा कि, कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय और अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। वाहन चलाते समय इंडीकेटर का प्रयोग करना चाहिए। नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। वैध अभिलेख और लाइसेंस के आधार पर ही वाहन चलाना चाहिए। दो पहिया वाहन पर हैलमेट पहनना चाहिए।जिला संयोजक यश बंसल, कृष्ण सैनी, प्रशांत सैनी, ध्रुव सैनी, धैर्य बंसल, रोहन बंसल, विपिन सैनी आदि समेत शिक्षक नरेन्द्र कुमार, हरिओम शर्मा, विजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार, चंचल कुमारी, जसपाल सिंह, विशाल अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ठियाबंदी के नाम पर कानूनगो पर लगाया रिश्वत लेने आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सकतपुर करनपुर निवासी राजवती पत्नी चमन सिंह ने शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर तीन कानूनगो पर जमीन की ठियाबंदी करने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पुत्र देवेश कुमार ने बताया कि 2023 में उनकी जमीन पर गांव निवासी दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिसकी ठियाबंदी करने के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया गया था। तहसील प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर जमीन की ठियाबंदी करा दी गई। लेकिन दबंगों ने फिर से उस जमीन पर कब्जा कर लिया। पीड़िता के पुत्र ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में तहसील में तैनात तीन कानूनगो ने उनसे 85 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लिए हैं। वहीं तहसील में कार्यरत तीनों कानूनगो का कहना है कि उन पर जो आरोप लगाए गए हैं वह निराधार हैं।

### कंबल,ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व अन्य उपकरण दिए

**बिजनौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा दिव्यांगों, वृद्ध, विधवा, गरीब मजदूरों को 1300 कम्बल, 04 व्हीलचेयर, 10 ट्राई साइकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा, समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा, जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान, पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील व अन्य ने उपकरण बांटे। संचालन कवि इशांत शर्मा व इकराम ठेकेदार ने किया। हाजी शहजाद मलिक, सरताज अंसारी, मौ शाकिर, आजम अंसारी, मास्टर शहजाद, शाहे आलम, सुशील, नकुल, विदेश, मास्टर अफजाल, नाजिम मलिक,फहीम रायपुर, दिलशाद कोटकादर,अजमल,सितारे आलम, इंतजाम,इकराम ठेकेदार, मौलाना फहीम उस्मानी आदि मौजूद रहे।

### गांव-गांव घूमकर की नए वोट बनवाने की अपील

**हसनपुर,अमृत विचार :** शनिवार को विधानसभा हसनपुर क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा, ढक्का, कुआडाली, चकूनी, मिर्जापुर डूंगर, ढवारसी,आदमपुर आदि गांवों में 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पार कर चुके युवाओं से वोट बनवाने की अपील की। राष्ट्र सेवी संगठन एवं विधान सभा संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में अधिकांश जनसंख्या युवाओं की है ।युवाओं को भारत का भविष्य कहा जाता है। ऐसे में वोट बनवाने के लिए निर्धारित उम्र सीमा पार कर चुके युवाओं को मतदाता बनकर भारत के सर्वांगीण विकास एवं देश हित को आगे बढ़ाने के लिए मतदान में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर पशु कल्याण समिति सदस्य डा रुमाल सिंह, वेदप्रकाश गिरी, चंद्रप्रकाश शर्मा, डा कुंवर पाल सिंह, गौरव गोयल, मेघ सिंह आदि मौजूद रहे।

### आज रहेगा विशेष बूथ दिवस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह गंगवार ने विकासखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत सचिवों से कहा कि रविवार 18 जनवरी को विशेष बूथ दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक मतदान बूथ पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, नाम में संशोधन, पते में सुधार, जन्मतिथि में त्रुटि सुधार एवं नाम विलोपन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं तक सूचना पहुंचे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे ।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विशेष बूथ दिवस में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फौलादपुर में तेंदुए ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

**मंडी धनौरा,अमृत विचार:** ग्राम फौलादपुर में तेंदुए से दहशत का माहौल बन गया। तेंदुए ने पालतू कुत्ते को निवाला बना लिया।

शोर मचाने पर तेंदुआ कुत्ते को मुंह में दबाकर पास के खेतों की ओर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी। लोगों का कहना है कि इससे पहले भी आसपास के गांवों में तेंदुए की चहलकदमी देखी जा चुकी है, जिससे बच्चों व पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाने और तेंदुए की निगरानी की मांग की है। ग्राम प्रधान मनु यादव ने जिला प्रशासन और वन विभाग से जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों से शाम के बाद घरों से बाहर न निकलने, खेतों पर समूह में जाने, लाठी डंडा साथ रखने और बच्चों को अकेले भरने भेजने की अपील की गई है।

## देव प्रतिमाओं के चक्कर लगा रहा कुत्ता

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** नगीना क्षेत्र के गांव नंदपुर के मंदिर में हनुमानजी व दुर्गा माता की मूर्ति की लगातार परिक्रमा कर रहा एक कुत्ता क्षेत्र में चर्चा व कौतूहल का विषय बना हुआ है। उसे देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। गांव में मेले जैसा माहौल है। डाक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया लेकिन कुत्ता स्वस्थ बताया जाता है। कुत्ते को कमजोरी से बचाने के लिए डॉक्टरों ने ग्लूकोज की ड्रिप चढ़ाई।

- गांव नंदपुर के मंदिर में कुत्ता बना आस्था का केंद्र, लगा मेला
- डॉक्टरों ने किया कुत्ते का परीक्षण, कमजोरी से बचाने को ड्रिप लगाईं

नंदपुर के ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार ने बताया कि कुत्ते का इलाज किया गया है। ठंड की बजह से कुत्ते को गर्म कपड़ों में लिपटाया है । लोग नगदी व प्रसाद चढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। थाना प्रभारी अवनीश मान ने कहा कि कोई शरारतीगड़बड़ी न कर बैठे इसलिए वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात कर दी है।



रजाई पर बैठा कुत्ता।

## बीबड़ा गांव में आबादी के बीच आया तेंदुआ सीसीटीवी में कैद




गांव अलीपुरा कला में गुजरता तेंदुआ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** नौगांवा सादात क्षेत्र में तेंदुए से दहशत का माहौल है। अब गांव बीबड़ा में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत फैल गई। तेंदुआ रात में घर के सामने से निकलता हुआ दिखाई दिया। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया इस घटना से ग्रामीणों में दहशत बरकरार है। ग्रामीण में वन विभाग को की सूचना दी है।

क्षेत्र में तेंदुए के आतंक से लोग परेशान हैं। 2 दिन पहले क्षेत्र के गांव अलीपुर कला में तेंदुए ने किसान कैलाश को मार डाला था। किसान कैलाश शौच के लिए खेत में गया था इस दौरान तेंदुआ उसे खींच कर ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं अब क्षेत्र के गांव बीबड़ा कला में तेंदुआ दिखाई दिया। शुक्रवार की रात को तेंदुआ गांव में लीलपत के घर के सामने से गुजरता दिखाई दिया और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। तेंदुए का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। उन्होंने तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पहले भी तेंदुआ दिखाई दिया था और पिंजरा लगाने की मांग की थी। डिप्टी डेंजर राजीव वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं वहीं तेंदुए की तलाश की जा रही है। पिंजरा लगाया गया है।



वन विभाग ने गन्ने के खेत में लगाया पिंजरा।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

पत्रांक - 59/ई-निविदा/2025-26 दिनांक :- 08.01.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कॉलम संख्या-8 में दर्शायी गयी मार्ग श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत बिलारी सिरसी से मिलक सोनकपुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य। | 15.27 | 1.53 | 854.00 | 2 माह | (मार्ग श्रेणी ) A, B, C & D |
| 2 | मुरादाबाद | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बाढ़ एवं अतिवृष्टि शाहबाद पीपली मार्ग से अकबरपुर सिहाली नन्दा मार्ग पर क्षतिग्रस्त आर0सी0सी0 स्लैब कल्वर्ट मरम्मत का कार्य। | 02.71 | 0.28 | 677.00 | 2 माह | (मार्ग श्रेणी ) A, B, C & D |

बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.01.2026 से 28.01.2026 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 20.01.2026 को 12:00 बजे से दिनांक 28.01.2026 को 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी।

- निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 2020/879/तेईस-7-2020-176(सा0)/06, लोक निर्माण अनुभाग-7, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन-एल0सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

सहायक अभियन्ता-(द्वितीय)
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(मोहित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
मो0नं0-8765973359
ई-मेल :- cd1pwdmbd@gmail.com

UP - 244058 दिनांक: 16/01/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

51A Fundamental Duties (c) *"to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India."*
विभागीय हेल्पलाईन (टोल फ्री नम्बर 1800-1215-707) कार्य समय प्रातः 9:30 से 6:30 सायं

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार,18 जनवरी 2026

संभल-चन्दौसी

न्यूज ब्रीफ

### प्राचार्य के बयान पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

संभल/चंदौसी,अमृत विचार : शनिवार को छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह से उनके कार्यालय में मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान प्राचार्य ने छात्रों के बीच ऐसा बयान दे दिया, जिस पर बवाल मच गया। करीब 30 सेकेंड के वीडियो क्लिप में प्राचार्य यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि वह खुले दिल और खुले व्यक्तित्व के इंसान हैं, दुष्कर्म छुपकर किए जाते हैं और वह इस तरह की हरकतें नहीं करते। साथ ही उन्होंने चंदौसी को छोटी मानसिकता का शहर बताते हुए बाहर के लोगों के साथ छात्र-छात्राओं के घूमने को लेकर टिप्पणी भी की। प्राचार्य का यह बयान वायरल हो गया। एसएम डिग्री कॉलेज प्राधिकृत नियंत्रक डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि मामले में प्राचार्य से स्पष्टीकरण लिया जाएगा । वहीं प्राचार्य दानवीर सिंह यादव ने कहा कि मेरे कहने का मतलब यह था कि मैं आंख से आंख मिला कर बात करता हूं खुली किताब की तरह, दुष्कर्म का मतलब बुरे कर्म से है।

### डीएम के निर्देश पर हटवाया महिला रसोइया का कब्जा

बबराला, अमृत विचार : कम्पोजिट विद्यालय गुन्नौर में वर्ष 2021 से पूर्व रसोईया महिला द्वारा रसोई कक्ष पर ताला डालकर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। प्रधानाध्यापक चंद्रपाल सिंह ने बताया कि लंबे समय से रसोई पर महिला रसोइया का ताला लगा होने के कारण मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होंने रसोई कक्ष से कब्जा हटवाने के निर्देश दिए, जिसके बाद मौके पर ताला तोड़कर रसोई को मुक्त कराया गया।

### छात्र व उसके भाई को पीटकर किया घायल

संभल/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ स्थित एमएस शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में इंटर की प्री-बोर्ड परीक्षा देकर आदेश पुत्र किशनलाल निवासी कौरेरा, जिला बदायूं अपने छोटे भाई अवकेश के साथ बाइक से घर लौट रहा था। बरी चौराहे के पास दूसरे गुट के पांच छात्रों ने उनकी बाइक रुकवा ली। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए छात्रों ने बेल्टों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह पीटकर फरार हो गए। मारपीट में अवकेश के चेहरे और गर्दन पर चोट आई हैं, जबकि आदेश के हाथ और सिर में चोट लगी है। पुलिस ने अल्लैपुर निवासी चार छात्रों को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# कोहरे का कहर: पिकअप और ऑटो की भिड़ंत में महिला की मौत, सात घायल

## इस्लामनगर- बहजोई रोड पर पिकअप ने आटो को मारी टक्कर, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई


हादसे में घायल महिला को स्ट्रेचर पर लिटाता परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार: इस्लामनगर-बहजोई रोड पर घने कोहरे के चलते शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत सात लोग घायल हुए। अस्पताल ले जाते समय एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मऊ कठेर के पास शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे घना कोहरा होने के कारण सामने से आ रही पिकअप और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि जोरदार आवाज के साथ चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे लोग मौके पर रुक गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ऑटो चालक समेत एक महिला सहित सात घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई ले जाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही अफसाना (40) पत्नी इकबाल निवासी गांव अढ़ोल, थाना हयातनगर ने दम तोड़ दिया। हादसे में उसका पति भी घायल हुआ है। इसके अलावा ऑटो में सवार भीमसेन यादव पुत्र रहीश पाल निवासी गांव अढ़ोल, डालचंद पुत्र बलवीर निवासी बहजोई, सचिन पुत्र कुंवरपाल, गुड़ियापत्नी सचिन और दिव्यांश पुत्र सचिन निवासी गांव फिरोजपुर, थाना बिसौली, जनपद बदायूं घायल हुए। भीमसेन यादव को छोड़कर अन्य सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक घायल को सीएचसी में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि पिकअप और ऑटो की टक्कर में एक महिला की मौत हुई है और सात लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का उपचार चल रहा है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


ट्रक व ट्रैक्टर की भिड़ंत के बाद मौके पर पुलिस व बाधित यातायात। ● अमृत विचार

### ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : घने कोहरे के बीच शनिवार सुबह असमोली-लोदीपुर मार्ग पर गांव मुबारकपुर बंद के पास ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया। गांव ओबरी निवासी अली शेर शनिवार सुबह गांव के ही आले हसन के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से मढ़न स्थित एक ईंट भट्ठे से ईंटें लेने जा रहा था। गांव सैदपुर जसकोली निवासी रिंकू गांव डोढ़ी स्थित गन्ना सेंटर से ट्रक में गन्ना लेकर असमोली चीनी मिल जा रहा था। असमोली-लोदीपुर मार्ग पर गांव मुबारकपुर बंद के पास घने कोहरे के कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार अली शेर गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को पास के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मंसूरपुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।

# मनरेगा खत्म करने की साजिश कर रही सरकार: साफिया जुबेर


महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करतीं राष्ट्रीय प्रभारी साफिया जुबेर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रभारी साफिया जुबेर ने आलम सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मनरेगा योजना को धीरे-धीरे खत्म कर गरीब, कमजोर और मजदूर वर्ग का गला घोंटने का काम कर रही है। सरकार गरीब मजदूरों से रोजगार छीनना चाहती है।

संभल महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह द्वारा आयोजित बैठक में पश्चिमी जोन की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना इसलिए लाई थी ताकि सरकार द्वारा दिया गया पैसा सीधे गरीब मजदूर के खाते में पहुंचे। मनरेगा के माध्यम से गांव-गांव में स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिला, मजदूरी सीधे खाते में गई और कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। इससे गरीब मजदूर आत्मनिर्भर और खुशहाल बना। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि गरीब मजदूर खुशहाल रहें। इसलिए वह मनरेगा को खत्म करने के रास्ते तलाश रही है, लेकिन कांग्रेस किसी भी हाल में इस योजना को समाप्त नहीं होने देगी।

बैठक में सहारनपुर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत सहित अन्य जिलों की महिला कांग्रेस जिला अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# बूढ़े बाबा के मेले में 15 दिन उमड़ेगी आस्था

संवाददाता,असमोली

अमृत विचार: असमोली गांव में परंपरागत बूढ़े बाबा का मेला आरंभ हो गया है। यह मेला लगातार 15 दिनों तक चलेगा।

प्रत्येक वर्ष माघ मास में लगने वाले इस मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले स्थल पर स्थित प्राचीन तालाब को लेकर मान्यता है कि सच्चे मन से स्नान करने पर चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। इसी आस्था के चलते श्रद्धालु तालाब में स्नान कर बूढ़े बाबा के दर्शन-पूजन करते हैं और मनोकामनाएं मांगते हैं। बाबा की जात लगाने के लिए हिंदू, मुस्लिम सहित अन्य समुदायों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह मेला 19 तारीख से प्रारंभ होकर लगभग दो सप्ताह तक चलेगा। मेले में खिलौनों, खान-पान और घरेलू उपयोग की दुकानों की रौनक देखने को मिल रही है। वहीं प्रशासन और ग्राम पंचायत की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण ढंग से मेले का आनंद ले सकें।


असमोली में बूढ़े बाबू के मेले में लगे झूले।

- तालाब में स्नान करने से दूर होते हैं चर्मरोग

### ई-रिक्शा पलटने से महिला की मौत

संभल/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : तहसील चंदौसी क्षेत्र के गांव दियौरा खास के निकट शुक्रवार को ई-रिक्शा पलटने से घायल बुजुर्ग महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव बहोरनपुर निवासी शांति देवी (68) पत्नी राम कुंवर शुक्रवार दोपहर चंदौसी से दवा लेकर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रही थीं। दियौरा खास के पास ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में शांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें चंदौसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाम को शांति देवी ने दम तोड़ दिया। शांति देवी घर पर अकेली रहती थीं।


मृतका शांति देवी।

# हजरतनगर गढ़ी में पैमाइश, बना मिला मदरसा व मकान

कार्यालय संवाददाता,संभल/सिरसी

- नायब तहसीलदार के नेतृत्व में लेखपालों ने की पैमाइश
- तहसीलदार न्यायालय से नोटिस के बाद होगी बेदखली

अमृत विचार: जनपद संभल के हजरतनगर गढ़ी में राजस्व टीम सरकारी जमीन की पैमाइश के लिए पहुंची तो खाद के गड्ढे और वृक्षारोपण के लिए सुरक्षित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मदरसा व मकान बना मिला। सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए अब नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दिनों गांव के कुछ लोगों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कहा था कि हजरतनगर गढ़ी में सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान व मदरसे का निर्माण कर लिया गया है। तहसीलदार ने सरकारी जमीन की पैमाइश के निर्देश नायब तहसीलदार बबलू कुमार को दिये थे। शनिवार को नायब तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई।नायब तहसीलदार बबलू कुमार राजस्व टीम के साथ थाना हजरतनगर गढ़ी में पहुंचे। राजस्व टीम ने फीता डालकर पैमाइश की।यहां खाद के गड्ढे की गाटा संख्या 722 और वृक्षारोपण की गाटा संख्या 723 पर अवैध कब्जा कर मदरसे और एक मकान का निर्माण किया गया था। पैमाइश के दौरान मदरसे में सात कमरे और एक हॉल बना हुआ मिला। इसके साथ ही राशिद नामक व्यक्ति द्वारा बनाए गए मकान का एक हिस्सा भी सरकारी भूमि पर होने की बात सामने आई।

हल्का लेखपाल अमोद कुमार और सिरसी लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार की मौजूदगी में सरकारी भूमि पर हुए निर्माण को चिन्हित किया गया। यह पता लगाया जा रहा है कि मकान और मदरसे का कितना हिस्सा सरकारी भूमि में आता है, जिसके लिए नक्शा तैयार किया जा रहा है। नायब तहसीलदार बबलू कुमार ने बताया कि गाटा संख्या 722 और 723 पर अवैध कब्जा पाया गया है।

संबंधित मदरसा कमेटी और मकान स्वामी को सरकारी जमीन खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार न्यायालय से नोटिस जारी किए जाएंगे और बेदखली के आदेश के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


हजरतनगर गढ़ी में सरकारी जमीन की पैमाइश करती राजस्व टीम। ● अमृत विचार

# सैंपलिंग व सर्वे के नाम पर उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता,संभल


विधायक इकबाल महमूद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- व्यापारियों ने विधायक को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अमृत विचार: अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन सौंपा।

संगठन की प्रदेश कार्य समिति की लखनऊ में हुई बैठक में लिए गये निर्णय के तहत शनिवार को विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि व्यापारियों को बेईमान और मिलावटखोर मानकर कुछ कर्मचारी व अधिकारी सैंपलिंग, सर्वे और छापों के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं कि बिना जिलाधिकारी की अनुमति और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की मौजूदगी के बिना दुकान पर छापा या सैंपलिंग न की जाए। व्यापारिक सुरक्षा प्रकोष्ठ की सभी जनपदों में नियमित मासिक बैठकें आयोजित हों और व्यापार एवं उद्योग से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाए। कहा कि गृहकर और जलकर के नाम पर अनावश्यक नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए जा रहे विभिन्न नोटिसों को लेकर भी चिंता जताई। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अतीक उर रहमान, मोहम्मद रेहान वारसी,हाजी एहतेशाम, नाजिम सैफी, फुरकान वारसी, सलमान खान, दानिश इब्राहिम, दानिश खान, बिट्टू वारसी सहित अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# संभल के नाम में बदलाव नहीं करेंगे स्वीकार

- भारतीय इतिहास संकलन समिति ने जताया कड़ा विरोध

संभल,अमृत विचार: संभल नगर के नाम को बदलने की मांग का भारतीय इतिहास संकलन समिति ने कड़ा विरोध किया है। समिति ने कहा है कि संभल का नाम पौराणिक, शास्त्रोक्त और देवीय परंपराओं से जुड़ा हुआ है, जिसे बदला नहीं जाना चाहिए।

भारतीय इतिहास संकलन समिति की बैठक में जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग में सत्यव्रत, महदगिरि, पिंगल और संभल नाम से प्रसिद्ध रहा है। संभल नाम से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन स्तर पर उठी संभल का नाम बदलने की मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संभल का नाम पौराणिक और शास्त्रोक्त है।समिति के जिला बौद्धिक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि नगर की कुछ बस्तियों और मोहल्लों के नामों पर पुनर्विचार किया जा सकता है। बैठक में अशोक कुमार गर्ग, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, नेहा मलय, उमेश सैनी, सुबोध कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र शर्मा, अत्यंत त्यागी, पंकज सांख्यधर, राजेश कुमार गुप्ता, वैभव गुप्ता, रूप किशोर शर्मा और राकेश कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर सरकार से नाम संभल या शंभल ही बनाए रखने का अनुरोध किया जाएगा।

### युवती बोली, मर्जी से चुना मामा को जीवनसाथी

कैला देवी, अमृत विचार: कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक मामा अपनी 20 वर्षीय भांजी को लेकर फरार हो गया। शनिवार को युवती थाने पहुंची और कहा कि उसने अपनी मर्जी से अपना जीवनसाथी चुना है।

युवक युवती के चाचा का साला है। सोमवार को युवती कैला देवी मंदिर प्रसाद चढ़ाने के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि युवती शनिवार को थाने आई थी। उसने कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से अपना जीवनसाथी चुन लिया है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# यातायात जागरुकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता


जागरुकता पोस्टर दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: एमजीएम कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 35 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में फ़ारेहा ने प्रथम स्थान, यश भारती ने द्वितीय स्थान और आकांक्षा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा अभियान प्रभारी डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अनिवार्य है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन किया। डॉ. जोहरा जबीं, डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

### बीएमसी चुनाव में एआईएमआईएम के प्रदर्शन पर खुशी

संभल, अमृत विचार: महाराष्ट्र में हुए निकाय चुनावों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदर्शन को लेकर जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला ने कहा कि यह विकास और गरीब-मजलूम आवाम की जीत है। महाराष्ट्र की आवाम ने बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को स्वीकार किया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा एआईएमआईएम को देश के लिए खतरा बताए जाने पर कहा कि ऐसे बयान नफरत और असंवैधानिक सोच को दर्शाते हैं। संभल में सीओ अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश के सवाल पर कहा कि एआईएमआईएम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है।


असद अब्दुल्ला।

# कदम रसूल की मजार पर उमड़े अकीदतमंद

- हजारों जायरीनों ने की मुए मुबारक की जियारत

कार्यालय संवाददाता,संभल


मुए मुबारक व कदम रसूल की जियारत को उमड़े अकीदतमंद। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मोहल्ला कोट गर्वी स्थित कदम रसूल की मजार पर हजारों अकीदतमंदों ने मुए मुबारक और कदम रसूल की जियारत कर दुआएं मांगीं।

दूर-दराज़ से आए जायरीनों ने रसूल-ए-पाक हज़रत मोहम्मद से जुड़ी पाक निशानियों के दीदार किए। प्रबंधक बिट्टू वारसी ने बताया कि 27 रजब के दिन सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार मुए मुबारक और कदम रसूल की जियारत कराई जाती है। शनिवार को यह आयोजन फजर की नमाज के बाद सेर दोपहर तक चला। उन्होंने बताया कि ठंड के कारण जायरीनों की आमद कुछ देर से शुरू हुई, लेकिन दोपहर होते-होते मजार परिसर पूरी तरह भर गया। यह परंपरा उनके पूर्वजों से चली आ रही है। कार्यक्रम के दौरान मोहल्ला कोट गर्वी में मिलाद, कुरान ख्वानी, नात और तकरीर का आयोजन हुआ। उलमा-ए-किराम ने 27 रजब की अहमियत पर रोशनी डालते हुए बताया कि इसी दिन अल्लाह और रसूल-ए-पाक की मुलाकात हुई थी, इसलिए यह दिन इस्लाम में विशेष महत्व रखता है। पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। अकीदतमंदों ने अमन, चैन और भाईचारे की दुआ की।

### गैस गीजर चलाकर नहा रही महिला की हालत बिगड़ी

बबराला,अमृत विचार: गैस गीजर चलाकर नहाते समय महिला की तबीयत बिगड़ गई। सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

गुन्नौर के नई बस्ती निवासी खुशनुमा पत्नी गफ्फार अली बाथरूम में लगा गैस गीजर चलाकर नहा रही थी। नहाते समय अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। बेसुध होने जैसे हालात बने तो आनन फानन में खुशनुमा बाथरूम से बाहर निकलीं। इसके बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचे। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने जांच के दौरान महिला का ऑक्सीजन लेवल करीब 80 पाया। स्थिति को गंभीर देखते हुए तत्काल ऑक्सीजन लगाकर प्राथमिक उपचार किया गया, जिससे महिला की हालत कुछ हद तक स्थिर हुई। इसके बाद अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# 110 लोगों ने डीएम को सुनाई फरियाद

- डीएम ने अफसरों को दिये समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

संवाददाता, बबराला


जनता की शिकायतें सुनते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गुन्नौर के तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। समाधान दिवस में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया।

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही थानाध्यक्षों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भूमि से संबंधित टॉप-टेन मामलों को चिन्हित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुन्नौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की भूमि की पैमाइश कराने के निर्देश दिए। साथ ही गुन्नौर उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय को संभल श्री विद्यालय में शामिल करते हुए उसे संतृप्त किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गन्ना मिलों और सेंटरों पर घटतौली के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- किसानों की फर्दों में चल रही अंशों की गड़बड़ी को सही कराने की मांग

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने गन्ना मिलों और सेंटरों पर घटतौली के खिलाफ प्रदर्शन किया।

चांदपुर जलीलपुर ब्लाक तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) की पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान ने आरोप लगाया कि गन्ना शुगर मिलों और गन्ना सेंटरों पर अंधाधुंध घटतौली हो रही है।मिलों द्वारा ट्रकों और ट्रैक्टरों में ओवरलोडिंग पर भी अंकुश लगाने की मांग की। किसानों ने चांदपुर-बास्टा रोड को बनवाने, किसानों की फर्दों में चल रही अंशों की गड़बड़ी को सही कराने की मांग भी की। इसके अतिरिक्त, ग्राम शादीपुर के शूरवीर सिंह, नाईपुरा के बललू सैनी और खानपुर के सुभाष चौधरी के खेतों की पैमाइश जल्द से जल्द कराने तथा बीएसएफ की तर्ज पर एएसएफ का गठन करने की बात भी उठाई गई। नायब तहसीलदार ओंकार सिंह को ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए सौंपा। सतबीर सिंह, दयाराम सिंह, सविता वर्मा, महेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, जिला सचिव मनोज कुमार, नीरज, विजेंद्र प्रधान, ओंकार सिंह, केहर सिंह, दयाराम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरेली मंडल सहित अन्य जनपदों में सोशल ऑडिट कराने के लिए सोशल ऑडिटरों की नियुक्ति की जाएगी

# मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कार्यों का होगा ऑडिट

राकेश शर्मा, बरेली

- 2026-27 और 2027-28 के लिए होगा सोशल ऑडिट टीमों का गठन
- सोशल ऑडिटर के लिए डीडीओ कार्यालय में 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**अमृत विचार :** मनरेगा योजना का नाम भले ही बदल कर बीवी जी राम जी कर दिया गया हो, लेकिन राज्य सरकार ने मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों का सोशल ऑडिट कराने की तैयारी शुरू कर दी है। बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर सहित राज्य के 73 जनपदों में सोशल ऑडिट कराने के लिए टीमें गठित की जाएंगी। टीमों के गठन से पहले सोशल ऑडिटरों की नियुक्ति होगी। जनपद स्तर पर सोशल ऑडिटर बनने के लिए जिला विकास अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी तक आवेदन जमा किए जाएंगे। सोशल ऑडिट के निदेशक कमलेश कुमार ने डीएम को सोशल ऑडिटर चयनित करने के लिए चिट्ठी भेजी है।

सोशल ऑडिट के निदेशक कमलेश कुमार ने कहा है कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शासन द्वारा संचालित अन्य विभागों के अंतर्गत कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट कराया जाएगा।

इसके लिए टीमों का गठन वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के लिए किया जाना है। सोशल ऑडिटरों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति निकाले जाने और जिला विकास अधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख 30 जनवरी रखी है। ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट कराने के लिए ब्लॉक स्तर पर चार सदस्यीय टीमों के पैनल तैयार किए जाएंगे।

**सोशल ऑडिट टीम में इन्हें शामिल नहीं किया जाएगा:** सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों के पैनल में ग्राम पंचायत वार्ड के सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान के निकट संबंधी पति-पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, वकील, रिपोर्टर एवं कोटेदार को शामिल नहीं किया जाएगा।

### सोशल ऑडिटर बनने के लिए ये मानक जरूरी

निदेशक ने डीएम को भेजी चिट्ठी में कहा है कि प्रत्येक सोशल ऑडिट टीम में सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति और जॉब कार्ड धारक श्रमिक या उसके पात्र पुत्र-पुत्री प्रत्येक श्रेणी में एक-एक सदस्य होंगे। टीम में एक सदस्य महिला होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थी के लिए स्वयं सहायता समूह के सदस्य होने पर उसे वरीयता दी जाएगी। शैक्षिक अर्हता में हाईस्कूल उत्तीर्ण। सदस्य नामित होने के लिए उसी विकास खंड का निवासी होना अनिवार्य है। टीमों के पैनल पर पूर्व के वर्षों में नामित टीम के सदस्यों को वर्तमान पैनल में नामित करने की भी वरीयता दी जाएगी। सोशल ऑडिटर की आयु 1 अप्रैल 2026 को 25 वर्ष से 63 वर्ष होनी चाहिए।

### प्रत्येक सदस्य को 435 रुपये प्रतिदिन व्यवसायिक शुल्क मिलेगा

सोशल ऑडिट टीमों के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दो वर्ष यानि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक के लिए पैनल पर नामित किए जाएंगे। इस तिथि के बाद यह पैनल समाप्त हो जाएगा। टीमों के पैनल की अवधि सक्षम स्तर से बढ़ाई जा सकती है। सदस्यों से आवश्यकता के अनुसार सोशल ऑडिट के लिए उनकी सेवाएं प्राप्त की जाएंगी। सोशल ऑडिट के वास्तविक रूप से संपन्न होने पर सोशल ऑडिट टीम के प्रत्येक सदस्य को 435 रुपये प्रतिदिन व्यवसायिक शुल्क दिया जाएगा।

## स्टेट ब्रीफ

### लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कट गए 13 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी कुशपाल सिंह ने बताया कि 5 जनवरी को उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि उनका पीपीओ खाता अपडेट करना है। इसके बाद कॉल करने वाले ने उनका और उनकी पत्नी का आधार नंबर, बचत खाता संख्या बताकर व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज कर उसे खोलने के लिए मैसेज किया। पीड़ित ने बताया कि लिंक को खोला तो वह एपीके फाइल थी। उसे खोलने के बाद खाता हैक हो गया। इसके बाद उसके खाते से 13 लाख 34 हजार रुपये कट गए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### खाते से कट गए 6 लाख रुपये, दी तहरीर

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर निवासी हरिओम कौशल ने बताया कि 11 जनवरी को उन्होंने फेसबुक पर विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पेंशन रिटायर कार्ड बनवाने के संबंध में था। विज्ञापन के नीचे लिंक था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें एक नंबर से कॉल आई। इसके बाद उसने ऑनलाइन विवरण भरने को कहा, जिस पर वह उसके बताए तरीके से विवरण भरता रहा। विवरण भरते ही उसके खातों से चार बार में कुल 6 लाख 4 हजार रुपये कट गए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कोहरे में टकराए पांच वाहन, तीन की गई जान

## मृतक चालक बिजनौर, संभल और बरेली, के रहने वाले, महिला समेत दो लोग हुए घायल

संवाददाता मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर

- खैरपुर चौराहा पर जलालाबाद-फर्रुखाबाद रोड पर हुआ हादसा
- दौ टैंकर, कार और बोलेरो टकराई, जाम में फंसे रहे वाहन

**अमृत विचार :** कटरा जलालाबाद मार्ग पर शनिवार को घने कोहरे में दो टैंकर, एक ट्रक, एक ईको और एक बोलेरो टकरा गई। हादसे में दो चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने इलाज के दौरान तीसरे चालक की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद रोड पर लंबा जाम लग गया। जिसमें करीब एक घंटे तक वाहन फंसे रहे। मौके पर पहुंची पुलिस वाहनों को एक ओर कराकर यातायात सुचारू करवाया। मृतक चालक बरेली, बिजनौर और संभल के रहने वाले थे।

शनिवार को कटरा-जलालाबाद मार्ग पर खैरपुर चौराहा के पास बरेली के मीरगंज निवासी निहालउद्दीन के ट्रक में रामपुर निवासी इकबाल के मटर लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। निहालुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। वह ट्रक की बॉडी में फंस गए। लोगों ने पुलिस की मदद से निहालुद्दीन को ट्रक से निकालकर बरेली भेज दिया। जाम में फर्रूखाबाद की ओर से आ रहे नसीम अहमद निवासी निदरु, बिजनौर का टैंकर रुका ही था कि पीछे से आ रहे राजीखेड़ा, जिला संभल निवासी राजपाल का टैंकर नसीम के टैंकर से टकरा गया। इसके बाद दोनों चालक दोनों टैंकर के बीच में खड़े होकर विवाद करने लगे। इतनें में जलालाबाद की ओर से धान भरकर आ रहे मुनीश निवासी मैनपुरी के ट्रक ने एक टैंकर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। नसीम अहमद और राजपाल दोनों टैंकरों के बीच फंस गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर इलाज के दौरान निहालुद्दीन ने भी दम तोड़ दिया।

इसी बीच जलालाबाद की ओर से आ रही ईको कार ने ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रही बोलेरो ने ईको को टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो में सवार मदनापुर क्षेत्र के गांव सिजावलपुर के मनजीत सिंह की पत्नी संरचना व चालक विनोद सवार थे। गनीमत रही कि बोलेरो के एयरबैग खुल गए और तीनों मामूली रूप से जख्मी हो गए। वहीं ईको कार में सवार जलालाबाद के गांव कोना याकूबपुर निवासी अजीत कुमार और चालक गुड्डू निवासी बरुआ थाना जलालाबाद घायल हो गए। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वहीं रामपुर निवासी चालक इकबाल गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज हो रहा है।



क्षतिग्रस्त ट्रक को हटाती क्रेन। ● अमृत विचार



हादसे के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक। ● अमृत विचार

### घना कोहरा और तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण

स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार सुबह से ही घना कोहरा था। दृश्यता कम होने के बाद भी सड़क पर वाहन तेज गति से चल रहे थे। जिस वजह से हादसे हो गए। हादसे में तीन चालकों की मौत हो गई। बताया कि टूलेन होने के बाद भी चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं ऊपर से दृश्यता कम होने के बाद भी गति पर नियंत्रण नहीं है।

# ब्रज में बसंत पंचमी से उड़ेगा गुलाल, सुरक्षा के होंगे इंतजाम

मथुरा, एजेंसी

मथुरा में विश्व प्रसिद्ध ब्रज की होली की औपचारिक शुरुआत 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हो जायेगी। हुरंगा और लठमार होली का आनंद लेने के लिए दुनिया के कोने-कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। तैयारियों को लेकर जिले के आला अधिकारियों ने मैक्रो और माइक्रो लेवल पर प्लानिंग पूरी कर ली है। प्रशासन के अनुसार, ब्रज की होली सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि श्रद्धा का सैलाब है।

बरसाना में सप्ताह भर चलने वाले रंगोत्सव के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पूरे क्षेत्र को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए टूटी सड़कों की मरम्मत और शहर की विशेष साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं। बरसाना के रंगीली चौक पर जुटने वाली लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने और राधा रानी मंदिर तक आने-जाने वाले रास्तों को सुगम बनाने पर विशेष फोकस है।इमरजेंसी के लिए अस्थायी हॉस्पिटल और वाहनों के लिए बड़े स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। रंग भरनी एकादशी के ऐतिहासिक उत्सव को लेकर भी तैयारियां तेज हैं।

बांके बिहारी मंदिर के आसपास और परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, ताकि भीड़ के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे ''अतिथि देवो भव'' की परंपरा का पालन करें और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान करें। साथ ही, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों और अफवाह फैलाने वाले तत्वों से सावधान रहने की हिदायत दी गई है।

# भगवा ध्वज ले जा रहे लोगों को रोका

**आगरा, एजेंसी :** आगरा में ताजमहल पर भगवा ध्वज ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। शनिवार को ताजमहल में चल रहे शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे जिन्हे पुलिस ने ताजमहल से पहले पुरानी मंडी चौराहे पर रोक लिया। दरअसल ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन चादर पोशी होती है और अखिल भारत हिन्दू महा सभा के कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया था किया था कि ताजमहल में भगवा ध्वज फहराएंगे।

# हज कमेटी का सीईओ हिंदू बनाने पर भड़के शहाबुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महाराष्ट्र सरकार पर साधा निशाना, बोले- हज इस्लाम धर्म का बेहद पाक और खास हिस्सा

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र सरकार ने हज कमेटी का सीईओ एक हिंदू अधिकारी को बनाया है। इस पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि हज इस्लाम धर्म का बेहद पाक और खास हिस्सा है, मगर महाराष्ट्र सरकार ने ऐसे शख्स को हज कमेटी का सीईओ बना दिया, जिसका इस्लाम या हज से कोई वास्ता नहीं।

मौलाना ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार किसी हिंदू व्यक्ति को राज्य हज कमेटी का सीईओ बनाया गया है। यह शर्मिंदा करने और बदनाम करने वाली बात है। महाराष्ट्र सरकार में काफी मुसलमान अधिकारी मौजूद हैं, इनमें से किसी को सीईओ बनाया जाना चाहिए। कहा कि ये एक धार्मिक काम है, जिसे वही व्यक्ति कर सकता है, जो इस्लाम धर्म का पालन करता हो। गैर मुस्लिम व्यक्ति को नहीं मालूम कि इस्लाम धर्म में क्या-क्या जरूरी व्यवस्थाएं हैं। महाराष्ट्र सरकार को ये खुद सोचना चाहिए कि जो उपयुक्त नहीं है, उसको जिम्मेदारी न दी जाए। अगर सरकार ने ये सोचकर एक गैर मुस्लिम व्यक्ति को जिम्मेदारी दी है कि मुसलमानों के धार्मिक मामलात में भी सरकार का हस्तक्षेप रहे और धार्मिक कार्य भी सरकार के मातहत रहे, तो यह और भी खतरनाक बात है। मौलाना ने महाराष्ट्र सरकार से मांग की है कि नियुक्त किए गए हिंदू सीईओ को फौरी तौर पर हटाया जाए।

# कार पानी से भरे गड्ढे में गिरी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 150 के पास शुक्रवार देर रात कार के पानी से भरे करीब 20 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 12 बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली थी कि सेक्टर 150 के पास कार एक निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट के लिए खोदे गए पानी से भरे करीब 20 फुट गहरे गड्ढे में गिर गई है। प्रवक्ता ने बताया कि गोताखोरों की मदद से कार तथा चालक की तलाश शुरू की गई। उन्होंने बताया कि तड़के करीब चार बजे कार बरामद कर ली गई और चालक कार के अंदर मृत पाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मृतक की पहचान युवराज मेहता (27) के रूप में की गई है जो सेक्टर 150 स्थित एक सोसाइटी में रहता था और एक नामी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था।

# बीएड नहीं होने पर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति नहीं

प्रयागराज, एजेंसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि बीएड की योग्यता नहीं रखने वाले किसी भी व्यक्ति की सहायक अध्यापक/प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) के पद पर नियुक्ति नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) परीक्षा-2014 के लिए इस पद का विज्ञापन निकाला गया था। हालांकि, अदालत ने प्रतिवादियों को चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की पीठ ने विनोद कुमार यादव और चार अन्य द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह आदेश पारित किया।

अदालत ने प्रदेश के महाधिवक्ता को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार, उप्र लोक सेवा आयोग और अन्य को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2026 तय की। उल्लेखनीय है कि उप्र लोक सेवा आयोग ने उक्त पदों के लिए बीएड की डिग्री को तरजीही योग्यता बनाई थी। याचिकाकर्ताओं ने उक्त विज्ञापन को चुनौती दी और कहा कि बीएड की डिग्री को सहायक अध्यापक (कला) के पद के लिए तरजीही योग्यता बनाई गई ना कि न्यूनतम योग्यता। उन्होंने वस्तुतः आयोग द्वारा जारी विज्ञापन को इस आधार पर चुनौती दी कि उक्त विज्ञापन में कहा गया है कि बीएड केवल तरजीही योग्यता होगी ना कि अनिवार्य योग्यता।

# कैनविज कंपनी में पैसा लगाने के नाम पर कई लोगों से की गई ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निवेश के नाम पर लाखों रुपये लिए, कुछ माह दिया प्राफिट, अब फोन किए बंद
- एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाने में कन्हैया गुलाटी समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कैनविज कंपनी ने पैसा लगाने के बाद मोटे मुनाफे का लालच देकर कई लोगों को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। कंपनी ने पैसा लगाने के बाद शुरुआत में पैसे दिए, लेकिन बाद में फोन बंद करके सभी फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर थाने में कन्हैया गुलाटी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के चंद्रपुरी निवासी विशाल अग्रवाल ने बताया कि कैनविज कंपनी द्वारा एक गैंग बनाकर ठगी कर धन लूट का शिकार बनाया गया। पीड़ित ने बताया कि कई लोगों को मोटे मुनाफे का झूठा लालच देकर जीवनभर की कमाई लूट ली गई। पीड़ित ने कहा कि उसकी मुलाकात प्रमोद सिंह परिहार से हुई। उसने बताया कि वह कंपनी में अच्छे पद पर तैनात है। वह कंपनी का फाउंडर मेंबर और 50 प्रतिशत का पार्टनर है। इसके बाद उसने कंपनी के जगतपाल मौर्य, मालिक कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिक गुलाटी और बेटा गोपाल गुलाटी से मुलाकात कराई। उन्होंने बताया कि वह 2007 से कंपनी चला रहे हैं। उन्होंने झूठे सपने दिखाकर कहा कि कंपनी में रुपये लगाने पर 5 प्रतिशत का प्रोफिट प्रति माह मूलधन में जोड़ दिया जाएगा, जबकि 20 माह तक ब्याज मिलने के बाद 22वें माह में रुपये वापस कर दिए जाएंगे।

पीड़ितों का आरोप है कि कंपनी में पैसा लगाने के बाद कुछ माह तक 5 प्रतिशत का फायदा दिया, लेकिन बाद में पैसे देने बंद कर दिए। इसके बाद फोन भी उठाना बंद कर दिए। आरोपियों के बताए गए पते पर जाकर देखा तो बताया गया कि सभी लोग लंबे समय से फरार हैं। पीड़ित की तहरीर पर प्रमोद सिंह परिहार, कन्हैया गुलाटी, राधिक गुलाटी, गोपाल गुलाटी, जगतपाल मौर्य, अमित महेन्द्र के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# उत्तराखंड में चारधाम मंदिर परिसरों में मोबाइल, कैमरों पर लगा प्रतिबंध

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में इस वर्ष से चार धाम के मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन और कैमरे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे।

ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में शनिवार को चारधाम यात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित जिलों के डीएम, एसएसपी तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने संवाददाताओं को बताया कि बीते वर्षों में मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन एवं कैमरा ले जाने से दर्शन व्यवस्था में कई समस्याएं सामने आई थीं और इसे देखते हुए मंदिर परिसरों में मोबाइल फोन एवं कैमरों को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया है। पांडेय ने कहा कि चारधाम यात्रा एक पवित्र यात्रा हैं जहां लोग श्रद्धा से आते हैं। उन्होंने कहा, 'श्रद्धालु, मोबाइल और कैमरा जमा कराकर मंदिर में दर्शन करें और वहां से निकलने के बाद वे मंदिर की पृष्ठभूमि में फोटो और वीडियो ले लें।' उन्होंने बताया कि बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन एवं कैमरा सुरक्षित रखने के लिए मंदिर परिसरों में व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने बताया कि चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### इस तिथि को खुलेंगे कपाट

आयुक्त ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चार धामों-गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ की यात्रा की थी। इस वर्ष यात्रा को और अधिक सुगम एवं सरल बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया पर खोले जाते हैं जो इस वर्ष 19 अप्रैल को है। बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि बसंत पंचमी तथा केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि महाशिवरात्रि के पर्व पर घोषित की जाती है।

# ट्रक की टक्कर से पिकअप सवार तीन मजदूरों की मौत

**सुलतानपुर, एजेंसी।** सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रायबरेली से आजमगढ़ जा रहे पिकप वाहन को एक अज्ञात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिकप में बैठे तीन मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पिकअप वाहन चालक वीरू के अनुसार वह रायबरेली से 14 मजदूरों को लेकर आजमगढ़ जा रहा था। रास्ते में किसी ट्रक ने वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रायबरेली के गंभीरपुर निवासी अजय कुमार (30) व किशन पाल (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रजोली (35), निवासी गंभीरपुर, रायबरेली ने अम्बेडकर नगर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# तौकीर के करीबी नफीस ने कब्जाई वक्फ संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परतापुर जीवन सहाय में वक्फ भूमि पर खोखे लगवाकर अवैध रूप से वसूला जा रहा किराया
- शिकायतों के बाद भी नहीं हटा कब्जा, नफीस जेल गया तो बेटे ने शुरू कर दी वसूली, होगी जांच

**अमृत विचार :** चश्मे की दुकान खोलकर फर्जी तरीके से डॉक्टर लिखने वाले बरेली बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी नफीस के विरुद्ध वक्फ संपत्ति कब्जाने की शिकायत कलेक्ट्रेट पहुंची है। शिकायतकर्ता और कोई नहीं बल्कि उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ से घोषित मुतावल्ली साजदा अख्तर हैं। वक्फ बोर्ड और जिला प्रशासन से कई बार की गई शिकायत के बाद कुछ माह पहले कराई गई जांच में वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से निर्मित कई दुकानें मिलीं। इन दुकानों का किराया नफीस के वसूले जाने की बात सामने आई थी। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटा। अब फिर वक्फ संपत्ति पर कब्जे की शिकायत की गई है। इस पर एसडीएम सदर और सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ को जांच करके कार्रवाई को कहा गया है।

पूर्व में की गई शिकायत के आधार पर सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ अंजना सिरोही ने मौके पर जाकर जांच कर डीएम को आख्या सहित पत्र लिखते हुए राजस्व टीम से वक्फ संपत्ति की राजस्व अभिलेखागार से जांच कराने की बात कही, लेकिन प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई और न ही भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। मुतावल्ली साजदा अख्तर ने इस मामले में फिर शिकायत की है। उन्होंने शुक्रवार को जनता दर्शन में की गयी शिकायत में कहा है कि उसका नाम वक्फ बोर्ड के दफा 37 के रजिस्टर में मुतावल्ली के रूप में दर्ज है। इसमें ग्राम परतापुर जीवन सहाय में गाटा संख्या 137 पर एक बाग है। आरोप लगाया कि नफीस और उसके बेटे ने गांव के कुछ लोगों के अवैध खोखे रखवाकर वक्फ भूमि पर कब्जा किया है और जो लोग दुकानें संचालित कर रहे हैं, उनसे अवैध रूप से किराया भी वसूल किया जा रहा है।

पूर्व में सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ व एसडीएम सदर और जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई तहसील स्तर पर आते आते किसी न किसी बहाने से रुक जाती है। वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर लोग माफिया किस्म के व्यक्ति फायदा उठा रहे हैं। नफीस 26 सितंबर को हुए बवाल में भी आरोपी है और अभी जेल में है, लेकिन उसका बेटा वक्फ भूमि पर कब्जा जमाए है।

जिलाधिकारी से वक्फ भूमि से कब्जे को हटवाने और नफीस जैसे माफिया से वक्फ संपत्ति को खुर्द-बुर्द होने से रोकने की मांग की है। जनता दर्शन में जनसुनवाई कर रहीं उप जिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव ने इस प्रकरण में एसडीएम सदर और सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए लिखा है।



यतो यतो निश्चलति
मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव
वशं नयेत्।।

मन अपनी चंचलता तथा अस्थिरता के कारण
जहां कहीं भी विचरण करता हो, मनुष्य को चाहिए
कि उसे वहां से खींचे और अपने वश में लाए।
–श्रीमद्भगवद्गीता



# 'मनरेगा' और 'विकसित भारत जी राम जी'

कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। देश में कांग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने केंद्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देश काल की गति में जीर्ण शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ-साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया। कांग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी, लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी. बी. जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी. जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें।

इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी, लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है।

भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूर के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजी 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है।

> भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं, तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिन का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधी जी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी।

कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण किया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद पानी देने के लिए पूंजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं, लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं।

रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचैलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे 'नरेगा' नाम से जाना गया। फिर 2008 में यह 'मनरेगा' हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं।

भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं, तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिन का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधी जी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी। ज्यादातर सदस्यों ने ग्राम पंचायत को स्वायत्तशासी और आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया था। डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि "ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी।" पीछे 10-12 साल में सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। निःसंदेह कहीं-कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यों की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

विकसित ग्राम पंचायत योजना का विकास स्थानीय संस्थाओं द्वारा किया जाना है। ये सब करने के लिए समय-समय पर प्रशासनिक खर्च भी आता है। योजनाओं के ठीक से कार्यान्वयन में व्यय होने वाले धन को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है। ऐसी संपत्ति का निर्माण इसी रोजगार अधिनियम के अंतर्गत चार मुख्य क्षेत्र में केन्द्रित किया गया है। रोजगार योजना के धन से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। खेत मजदूर पलायन नहीं करेंगे और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा और इसी धन से जल संरक्षण जैसे कार्य किए जा सकेंगे। जल आपूर्ति को लेकर अक्सर शिकायतें रहती हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक जिले प्रदूषित जल के कारण पेयजल संकट में हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में बलाई, निबई, टिकरी गणेश, आटा, सुपासी, रामचरामऊ, लखापुर, बंथर, अनूपपुर, खटुहा नौगवा, रिठानई, बण्ड हमीरपुर, सलेथू, गढ़ाकोला, कतहर आदि गांवों में सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की है, लेकिन काम अभी बाकी है।

जल की आवश्यकता को लेकर ही इंदौर में काफी बवाल हुआ है। कांग्रेस ने इंदौर में आंदोलन किया। इन पंक्तियों के प्रेस में जाने तक राहुल गांधी कुछ लोगों के साथ इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर नल' नामक महत्वाकांक्षी योजना और उसका क्रियान्वयन किया। जल निकासी की योजना भी इसी धन से बनाई जा सकेगी। जरूरत इस बात की है कि वीबी जी राम जी के ठीक से अनुपालन के लिए विकासखंड स्तर पर सक्षम अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए। इस टीम को कार्यदायी संस्थाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ में गलती होने पर चेतावनी और दुरुपयोग पर कार्यवाही भी करना चाहिए। वीबी जी राम जी योजना में जल संरक्षण और जल संबंधी अन्य कार्य होंगे। गांव में स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा, गांव की सड़क और संपर्क के साधन विकसित करना भी इस योजना का अंग है।

पंचायतीराज संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं। कृषकों के पास कृषि कार्य के लिए जरूरी पूंजी का अभाव रहा। सरकारों ने इस समस्या को चिह्नित कर लिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव, वोट के बदले नोट योजना में फंसे हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में करोड़ों रुपए का लेन-देन होता है। बहुत समय से मांग की जा रही है कि पंचायती राज के चुनाव आम मतदाता से कराए जाएं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है, जो लाखों करोड़ों रुपये देकर पद पाए हैं या चुनाव जीते हैं, वह उस धनराशि की वसूली भी करते हैं। केंद्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति है। विश्वास है कि योजना सफल होगी।

# शिक्षा और सुरक्षा के बीच फंसी छात्राएं

विद्यालय एक ऐसा पवित्र स्थान है, जहां ज्ञान, संस्कार और भविष्य का निर्माण होता है, लेकिन हाल के वर्षों में जिस तरह से शिक्षण संस्थानों से यौन उत्पीड़न, मानसिक शोषण, डर व असुरक्षा की खबरें सामने आ रही हैं, उसने इस धारणा को गहरी चोट पहुंचाई है। सवाल यह नहीं है कि घटनाएं हो रही हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हमारे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय वास्तव में छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं? देश में शिक्षा संस्थानों से जुड़े यौन उत्पीड़न के मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि समस्या किसी एक संस्थान या एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। प्रोफेसरों पर आरोप, प्रबंधन की भूमिका, शिकायतों को दबाने की प्रवृत्ति व पीड़िताओं को चुप कराने का सामाजिक दबाव ये सब मिलकर एक ऐसी संरचना बनाते हैं, जहां अपराध से ज्यादा खतरनाक हो जाता है, उसका छिपाया जाना। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अधिकांश मामलों में पीड़ित सामने आने से डरती हैं। डर-करियर के खत्म हो जाने का, बदनामी का, संस्थान से निकाले जाने का और समाज द्वारा दोषी ठहरा दिए जाने का। यही डर अपराधियों को ताकत देता है और व्यवस्था को मौन रहने का बहाना।



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

कानून अपने स्तर पर मौजूद है। यौन उत्पीड़न से जुड़े नियम, आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी), विशाखा दिशा-निर्देश और पोश अधिनियम सब कुछ कागजों में है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई संस्थानों में ये समितियां या तो नाममात्र की हैं या फिर प्रबंधन के प्रभाव में काम करती हैं। शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने के बजाय मामले को "संस्था की छवि" के नाम पर दबाने की कोशिश की जाती है। यही कारण है कि न्याय की प्रक्रिया पीड़िता के लिए एक और मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। शिक्षण संस्थानों में सत्ता का असंतुलन भी इस समस्या की जड़ में है। शिक्षक, प्रबंधन और प्रशासन के पास मूल्यांकन, नियुक्ति, प्रमोशन और भविष्य तय करने की शक्ति होती है। इस शक्ति का दुरुपयोग जब व्यक्तिगत इच्छाओं के लिए किया जाता है, तो छात्रा या जूनियर स्टाफ खुद को असहाय महसूस करता है। यही असहायता अपराध को जन्म देती है और अपराधी को संरक्षण। एक और गंभीर मुद्दा संवेदनशीलता की कमी है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम और डिग्री तक सीमित हो गई है। नैतिकता, लैंगिक सम्मान और मानवीय मूल्यों की बात भाषणों तक सिमट गई है, जब शिक्षक ही मर्यादा लांघते दिखाई दें, तो छात्रों को समाज से क्या संदेश जाता है? ऐसे में "शिक्षा का मंदिर" कहना एक विडंबना बनकर रह जाता है। राज्य सरकारों और शिक्षा विभागों की जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं होती कि वे आदेश जारी कर दें या हेल्पलाइन नंबर छपवा दें। जरूरत है प्रभावी निगरानी की, नियमित ऑडिट की और स्वतंत्र शिकायत तंत्र की। शिकायत समिति में बाहरी, निष्पक्ष और महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए।

दोषी कौन है, यह तय करने की जिम्मेदारी कानून की है, लेकिन सहानुभूति और समर्थन समाज को देना होगा। चुप्पी तटस्थता नहीं, बल्कि अपराध के पक्ष में खड़ा होना है। आज आवश्यकता है भरोसे की, ऐसे भरोसे की, जिसमें छात्रा निडर होकर शिकायत कर सके। शिक्षक अपने आचरण के प्रति जवाबदेह हों और संस्थान अपनी छवि से ज्यादा अपने छात्रों की सुरक्षा को महत्व दें। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि सुरक्षित और संवेदनशील नागरिक तैयार करना भी है। यदि सच में हमें शिक्षा को मंदिर बनाए रखना है, तो पहले उसे डर, शोषण और मौन की संस्कृति से मुक्त करना होगा। कानून मजबूत है, पर उससे ज्यादा मजबूत होना चाहिए संस्थानों का नैतिक साहस, क्योंकि जब शिक्षा असुरक्षित हो जाती है, तो केवल वर्तमान नहीं, पूरा भविष्य खतरे में पड़ जाता है।

# दर्द पर मरहम लगाती तकनीक

बचपन से हम लोगों को जीत के लिए ऐसे प्रशिक्षित किया जाता है कि मानो हार एक अजूबा हो। हार जीत के भावों का विक्षोभ हमें वास्तविक आत्मिक सुख से कोसों दूर किए देता है। हार उस समय अधिक पीड़ादायक हो जाती है, जब सामर्थ्य से अधिक प्रयास झोंक दिए गए हो और उन प्रयासों में परीक्षा से पूर्व ही सपनों की मेखलाएं बुन ली गई हों और परिणाम जब आशा के अनुरूप नहीं आता, तो हृदय और मस्तिष्क दर्द के असीम शोक सागर में डूब जाता है। जैसे-जैसे हमारी वंशावलियां ऊर्ध्वाधर गति रही कर रही हैं, संबंधों के मामले में हम उतने ही दरिद्र होते जा रहे हैं। बेहद कष्ट कारक होता है, जब हार को स्वीकारने और सहने के लिए अपने आसपास मौजूद तमाम लोगों में से एक कंधा भी ऐसा न हो, जहां आप खुलकर रो सके, जिसके सहारे उस असीम दर्द को बह जाने दें और मन पर रखा दर्द का पहाड़ आंसुओं की नदी बनकर आगे के प्रयासों के लिए नवीन ऊर्जा दे सके।

आज हम जीते-जागते चैतन्य मनुष्य की संवेदनहीनता से दुःखी होकर अपना दर्द मशीनों से साझा करने लगे हैं, क्योंकि एआई, चैटजीपीटी जैसे टूल हमारी दर्द भरी भावनाओं पर मरहम लगाने का कार्य मनुष्य से कहीं बेहतर करते प्रतीत हो रहे हैं। कारण स्पष्ट है इंसानों के पास इंसानी तकलीफे, अवसाद और दर्द को समझने के लिए समय, संवेदना और सामर्थ्य का सोता लगातार सूखता जा रहा है और मशीन निरंतर सीखने की प्रक्रिया में भावनाओं को भी आत्मसात करती जा रही है, जिसका परिणाम कई बार ऐसा होता है कि टूटा हुआ और हारा हुआ दिल मशीन से कहता है तुम बहुत अच्छे दोस्त हो और प्रत्युत्तर में मशीन कहती है शुक्रिया दोस्त, मुझे खुशी है कि मैं तुम्हारी भावनाओं के उतार-चढ़ाव को कुछ हद तक संतुलित कर पाया। आगे भी तुम मुझसे इसी प्रकार मदद ले सकते हो। अगर मानवीय संबंधों में संवेदनशीलता का सोता सूखता गया और मशीन पर निर्भरता बढ़ती गयी तब इंसानों और रिश्तो की क्या अहमियत रह जाएगी।



बीना नयाल
शिक्षिका

इसी संदर्भ में आदिवासी बच्चों की कहानी है- उबंटू, जिसमें आदिवासी खेलते हुए बच्चों के पास एक बाहरी व्यक्ति आया, उसके पास फलों से भरा एक टोकरा था। उसने बच्चों से कहा, जो बच्चा दौड़ प्रतिस्पर्धा में सबसे पहले पेड़ को छुकर वापस आएगा, टोकरी के सारे फल उसी को मिल जाएंगे। बच्चे समझदारी से एक दूसरे का हाथ पकड़ कर भागते हैं और एक साथ एक समय में पेड़ को छूते हैं और एक साथ वापस सुनिश्चित बिंदु पर आ जाते हैं।

इस प्रकार सभी बच्चे विजेता बन जाते हैं। व्यक्ति आश्चर्यचकित होकर बच्चों से पूछता है, जब एक बच्चे को पूरा टोकरा मिल सकता था, तो सभी एक साथ क्यों भागे। बच्चे बोले हमने प्रकृति से सहकारिता और साझेदारी का भाव सीखा है। जहां न हार है और न जीत है बस तादात्म्यता और संतुलन है। इस कहानी से सीख मिलती है कि संसार में हम रेस का घोड़ा नहीं, बल्कि आनंद और सीखने के साथ संबंधों को जीने और समायोजन का हुनर सीखने आए हैं।

# धर्म की सीमाओं से परे संवाद की भूमि यूपी

धर्म केवल आस्था की परिधि में बंधा विषय नहीं, अपितु यह जीवन जीने, समझने की एक व्यापक दृष्टि है। धर्म मनुष्य को अध्यात्म, नैतिकता और दिव्य ऊर्जा से जोड़ते हुए करुणा, सह-अस्तित्व व संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। वहीं, कुछ लोग धर्म से परे रहकर भी जीवन की सार्थकता तलाशते हैं। यही वैचारिक विविधता मानव समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

विभिन्न धर्मों के सिद्धांतों और मूल्यों को समझना हमें 'विविधता में एकता' के उस सूक्ष्म किंतु सशक्त सूत्र से जोड़ता है, जो पूरी मानवता को एक साझा चेतना में पिरोता है। इसी भावना के साथ हर वर्ष जनवरी माह के तीसरे रविवार को 'विश्व धर्म दिवस' (वर्ल्ड रिलिजन डे) मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य वर्ष में एक दिन सभी धर्मों को एक साथ मनाना तथा उनकी समान रूप से सम्मान करना है।

भारत जैसे बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र में विश्व धर्म दिवस केवल एक तिथि तक सीमित न रहकर सहिष्णुता और परस्पर सम्मान की उस प्राचीन परंपरा का स्मरण है, जिसने देश की आत्मा को गढ़ा है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के लिए जो सदियों से धर्म, दर्शन, भक्ति आंदोलन और सांस्कृतिक संवाद की भूमि रहा है, यह दिवस आत्मचिंतन और संभावनाओं का भी है। यहां पर्यटन यात्रा का माध्यम ही नहीं, बल्कि विचारों और संस्कृतियों को जोड़ने वाला सेतु बनकर उभरा है।



जयवीर सिंह
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, उ.प्र. सरकार

उत्तर प्रदेश भारतीय धार्मिक आत्मा का जीवंत स्वरूप है। काशी में जहां वैदिक मंत्रों की अनवरत गूंज सुनाई देती है, वहीं अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जीवन को दिशा देती है। मथुरा-वृंदावन में कृष्ण-भक्ति की धारा बहती है, तो बुद्ध की ज्ञान-स्थली सारनाथ अहिंसा का मार्ग दिखाती है। सूफी परंपरा से जुड़े स्थल प्रेम का संदेश देते हैं, तो जैन, बौद्ध, सिख, इस्लाम और ईसाई परंपराओं की उपस्थिति उत्तर प्रदेश को देश ही नहीं, दुनिया का अनूठा धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र बनाती है। यूपी के परिप्रेक्ष्य में विश्व धर्म दिवस इस तथ्य को भी रेखांकित करता है कि विभिन्न आस्थाएं टकराव नहीं, अपितु संवाद और समन्वय का माध्यम बन सकती हैं।

धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन आज उत्तर प्रदेश की पर्यटन अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। रामायण, कृष्ण, बौद्ध, सूफी और जैन जैसे बहुधार्मिक पर्यटन सर्किटों का समन्वित विकास प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिला रहा है। विश्व धर्म दिवस जैसे अवसर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, शोधकर्ताओं और सांस्कृतिक जिज्ञासुओं को आकर्षित करने की अपार

> उत्तर प्रदेश भारतीय धार्मिक आत्मा का जीवंत स्वरूप है। काशी में जहां वैदिक मंत्रों की अनवरत गूंज सुनाई देती है, वहीं अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जीवन को दिशा देती है। मथुरा-वृंदावन में कृष्ण-भक्ति की धारा बहती है, तो बुद्ध की ज्ञान-स्थली सारनाथ अहिंसा का मार्ग दिखाती है।

## विश्व धर्म दिवस विशेष


क्षमता रखते हैं। धर्म-संवाद सम्मेलनों, सांस्कृतिक उत्सवों और हेरिटेज वॉक जैसे आयोजनों के माध्यम से पर्यटन दर्शन से आगे बढ़कर अनुभवात्मक यात्रा का रूप लेता है। इसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलता है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कारण होटल उद्योग, हस्तशिल्प, लोक कलाएं, गाइड सेवाएं और स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ती है। इससे न केवल रोजगार सृजन होता है, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और सौहार्द की वैश्विक छवि भी सुदृढ़ होती है।

उत्तर प्रदेश सरकार 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। इस भगीरथ प्रयास में पर्यटन विभाग की भूमिका निरंतर सशक्त होती जा रही है। प्रदेश की आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक विविधता को आर्थिक विकास से जोड़ने का कार्य पर्यटन ने प्रभावी ढंग से किया है। ऐसे में विश्व धर्म दिवस यह रेखांकित करता है कि राम, कृष्ण, बुद्ध, सूफी और जैन परंपराओं की साझा चेतना न केवल सामाजिक समरसता का संदेश देती है, बल्कि विकास की यात्रा की सहभागी भी बनती है।

विश्व धर्म दिवस 2026, उत्तर प्रदेश को यह अवसर प्रदान करता है कि वह अपनी बहुधार्मिक विरासत को गर्व और आत्मविश्वास के साथ विश्व पटल पर प्रस्तुत करे। यह वही धरती है, जहां आस्था संवाद बनती है, धर्म पर्यटन का मार्ग प्रशस्त करता है और विश्वास विकास के साझेदार बनते हैं। जब धर्म को विभाजन की रेखा नहीं, संयोजन का सेतु माना जाता है, तब उत्तर प्रदेश विश्व को यह संदेश देता है कि 'विविधता में एकता' यहां केवल दर्शन नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जीवंत परंपरा और पहचान है। यही विश्व धर्म दिवस का मूल भाव भी है।

# जीवन की उपयोगिता

चित्रकार अपने मन-मस्तिष्क में कोई चित्र बनाने की परिकल्पना पहले करता है और फिर उसे मूर्त रूप देने का काम करता है। वह पूरी एकाग्रता से चित्र बनाने के उपकरणों का प्रयोग करता है। केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि कोई वैज्ञानिक भी जब किसी अनुसंधान के काम में लगता है तब वह एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करता है। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तद्नुसार कार्य करता है। यह तो किसी वैज्ञानिक अनुसंधान की बात हो गई। सामान्यतया विकास के कार्यों के लिए पुल, पुलिया, सड़क, डैम या भवन आदि बनाने की कोई योजना बनती है, तब पहले उसका प्राकलन (प्रोजेक्ट) बनाया जाता है। इसमें विशेषज्ञ अधिकारी कार्यस्थल का सूक्ष्मता से अध्ययन करते हैं। उसके बाद कार्य में लगने वाली वस्तुओं, श्रम तथा संभावित लागत मूल्य का भी लेखा-जोखा निर्धारित करते हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया को डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) कहा जाता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इन उद्धरणों से स्पष्ट होता है कि किसी भौतिक कार्य के लिए जब इतने गहराई से कार्य किया जाता है तब इंसान को भी अपनी जिंदगी को बंदगीपूर्ण बनाने के लिए सजगतापूर्ण योजना बनानी चाहिए। इसके लिए उसे मन और मस्तिष्क में सर्वप्रथम संतुलन बनाना चाहिए एवं उस पर दृढ़ इच्छाशक्ति के अनुसार यह योजना बनानी चाहिए कि उसका लक्ष्य क्या है और वह समाज के लिए किस तरह उपयोगी हो सकता है, क्योंकि जैसे भौतिक वस्तुओं की उपयोगिता होती है और इन वस्तुओं की उपयोगिता खत्म होने के बाद उसे निष्प्रयोज्य कर दिया जाता है। इसी तरह इंसान समाज के लिए कितना उपयोगी है, ऐसा उसे खुद साबित करना होगा।

इसके लिए ऐसा नहीं कि किसी की उपलब्धि देखकर झटपट उसी तरह बनने के लिए व्यग्र होने लग जाना चाहिए। किसी सफल व्यक्ति की उपलब्धियों में उसे कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसका भी पता लगाना चाहिए। ऐसी स्थिति में विपरीत स्थितियों से जूझने का सामर्थ्य प्राप्त होता है। बिना संघर्ष के मिली सफलता की अवधि कम हो सकती है, जबकि विपरीत हालात से दो-चार हाथ करते मिली सफलता स्थाई होती है।

# जीवन जीने की कला सीखाती है श्रीमद्भगवद्गीता

श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु जीवन को सही दिशा देने वाला एक अद्वितीय जीवन-दर्शन परक ग्रंथ है। यह महाभारत के कुरुक्षेत्र के भीषण युद्धक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद के रूप में प्रस्तुत हुआ, किंतु इसका संदेश केवल युद्ध तक सीमित न होकर संपूर्ण मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक के रूप में है। गीता मनुष्य को यह सिखाती है कि जीवन की कला क्या है, जीवन का उद्देश्य क्या है, जीवन को कैसे जीया जाए, कैसा आचरण किया जाए, कैसा आहार सेवन किया जाए और जीवन को किस प्रकार सार्थक बनाया जाए। गीता में ही कर्मयोग, ज्ञान योग, भक्ति योग का विशद वर्णन प्राप्त होता है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते, श्रद्धावान् लभते ज्ञानम् ये तीनों प्रमुख उक्तियां मानव जीवन को उन्नत, आध्यात्मिक तथा कर्म-ज्ञान-भक्ति की उन्मुख बना सकती हैं। गीता का प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण उपदेश कर्मयोग ही है। श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदिष्ट करते हुए कहते हैं कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है फल में नहीं। यह उत्कृष्ट सिद्धांत जीवन में अवसाद, तनाव, भय और निराशा से मुक्त रहने की कला सिखाता है। इसी सिद्धांत को अंतर्मन से आचरण कर लेने पर व्यक्ति समस्त दुर्गुण, दोषों, शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक बीमारियों से मुक्त होकर परम आनंद एवं परम वैभव को प्राप्त हो जाता है, जिससे अवसाद, चिंता, तनाव, भय, निराशा तथा नकारात्मक दृष्टिकोण समूल नष्ट हो जाते हैं, जब व्यक्ति स्वभावानुकूल कर्म को ही पूजा मानकर करता है यो तब उसका जीवन सहज, संतुलित और आनंदमय बन जाता है। गीता जीवन में समत्व भाव की शिक्षा देती है। आज के भागदौड़ भरे और प्रतिस्पर्धात्मक युग में यह शिक्षा अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि असंतुलन ही मानसिक अशांति का प्रमुख कारण बन गया है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञानयोग के माध्यम से आत्मज्ञान पर बल दिया गया है। "मैं कौन हूं?"- इस प्रश्न का उत्तर खोजने की प्रेरणा गीता देती है। जब मनुष्य शरीर, पद और धन से ऊपर उठकर आत्मा को पहचानता है, तब वह जीवन को गहराई से समझ पाता है। यही आत्मबोध जीवन की सच्ची कला है। गीता भक्तियोग द्वारा प्रेम, करुणा, दया, श्रद्धा और समर्पण का मार्ग भी दिखाती है। ईश्वर के प्रति निष्काम भक्ति मन को पवित्र करती है और अहंकार को समाप्त करती है। यही भक्ति कर्मयोग में भी अपेक्षित मानी गई है, क्योंकि कर्म में समर्पण होना ही भक्ति है। जब मनुष्य अपने कार्यों को ईश्वर को समर्पित कर देता है, तब जीवन बोझ नहीं, बल्कि साधना बन जाता है।

आज के युग में जहां तनाव, अवसाद, कर्तव्यकर्म के प्रति उदासीनता और नैतिक पतन बढ़ रहा है, भ्रष्टाचरण प्रबल हो रहा है। दूसरे का हक मारकर भ्रष्टाचार करके केवल अपनी धन-संपत्ति अर्जित करने की होड़ मची है। इन सभी संदर्भों में श्रीमद्भगवद्गीता जीवन जीने की कला का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करती है, वह उपदेशित करती है आखिर क्यों ऐसा अनैतिक/भ्रष्टाचरण किया जा रहा है और इसके परिणाम क्या होंगे। गीता हमें सिखाती है कि कैसे कर्तव्यनिष्ठ रहकर, विवेक से निर्णय लेकर और आत्मसंयम के साथ जीवन जिया जाए। गीता की समझ एवं ज्ञानाभाव में कुछ लोग इसको धर्म विशेष का ग्रंथ मानकर इसके अध्ययन तथा आचरण से परहेज करते हुए दिखाई देते हैं, जबकि सत्यता यह है कि श्रीमद्भगवद्गीता में कहीं पर भी किसी भी श्लोक में संप्रदाय विशेष धर्म का वर्णन नहीं किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुनादि अवश्य ही सनातन हिन्दू धर्म से संबद्ध हैं, लेकिन गीता में उनका संवाद एवं प्रदत्त शिक्षा सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वजनीन हैं और रहेंगी, इन्हीं शिक्षा/ विचारों के माध्यम से भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की ओर ले जाया जा सकता है और धार्मिक कुरीतियों से मुक्त किया जा सकता है। गीता के महत्व को अनुभव करते हुए ही उत्तराखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में छात्रों को श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का परायण एवं उनके भावार्थ को बताया जाना अनिवार्य कर दिया गया है और विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान गीता के श्लोकों का वाचन कराया जा रहा है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भी गीता के महत्व को वर्णित किया था और वे कहते थे कि मैं श्रीमद्भगवद्गीता के प्रतिदिन दो श्लोकों का स्वाध्याय करता हूं। वह मेरे लिए दिन नहीं होता है, जिस दिन में गीता का स्वाध्याय नहीं कर पाता हूं। अतः निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि श्रीमद्भगवद्गीता प्रत्येक व्यक्ति के लिए जीवन का शाश्वत एवं सार्वकालिक मार्गदर्शक ग्रंथ है चाहे वह किसी धर्म-संप्रदाय से युक्त हो।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# बरेली में बनेगी राज्य की पहली इंडस्ट्रियल टाउनशिप : मणिकंदन

## 15 दिन बाद होगी टाउनशिप की घोषणा, यूपी को देश की इंडस्ट्रियल कैपिटल बनाने की तैयारी




कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकरण राज्य का ऐसा पहला विकास प्राधिकरण है, जो विश्वस्तरीय इंडस्ट्रियल टाउनशिप डेवलप करने की दिशा में बढ़ चला है। इस टाउनशिप में उद्यमियों को फ्री होल्ड प्लाट के साथ-साथ पानी, बिजली, सीवर, पार्किंग, सोलर और पाइप के जरिए गैस कनेक्शन उपलब्ध होंगे। यह पहली टाउनशिप होगी, जिसमें उद्यमी को एनओसी के लिए किसी भी विभाग के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मणिकंदन ने इंडिया फूड एक्सपो-2026 में बताया कि बरेली विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप में जाते ही एनओसी का एक ऐप मिलेगा। इसी ऐप पर जाकर एनओसी के लिए एप्लाई करना होगा। एप्लाई करने के 15 दिन के भीतर संबंधित विभाग एनओसी जारी कर देगा।

### टाउनशिप से 20 मिनट की दूरी पर है गंगा-एक्सप्रेस वे

उन्होंने बताया कि बरेली में इंडस्ट्रियल टाउनशिप ऐसी जगह पर विकसित की जा रही है, जहां से 20 मिनट में गंगा एक्सप्रेस वे पर पहुंचा जा सकता है। यह टाउनशिप लखनऊ-दिल्ली हाइवे को 35 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़ेगी। इस टाउनशिप में 500 से 5000 वर्गफुट के प्लाट मिलेंगे। प्राधिकरण से नक्शा पास कराने की फीस 1510 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से अदा करना होगा। नक्शा पास होने के बाद प्राधिकरण सभी विभागों से एनओसी दिलाएगा।




लखनऊ के रिगेलिया ग्रीन्स में लगे इंडिया फूड एक्सपो में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते मुख्य अतिथि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मणिकंदन। अमृत विचार

### इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए बरेली सबसे अच्छी जगह

प्राधिकरण उपाध्यक्ष मणिकंदन ने बताया कि अगले 15 से 20 दिन में इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप की घोषणा कर दी जायेगी। अगले 3 से 4 महीने में प्लाट आवंटन का काम शुरू हो जाएगा। अगले 20 से 25 साल में उत्तर प्रदेश देश की इंडस्ट्रियल कैपिटल होगा। उन्होंने कहा इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए बरेली सबसे अच्छी जगह इसलिए है कि यहां से ''उत्तर प्रदेश'' और ''भारत'' दोनों की ''राजधानी'' बराबर दूरी पर है और दोनों स्थानों पर साढ़े 3 से 4 घंटे में पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विकास इस तरह से किया जा रहा है कि हर प्लाट के सामने 18 मीटर चौड़ी सड़क होगी। उन्होंने कहा कि उद्यमी आयें और अपने सुझाव दें। हम हर सुझाव पर विचार करेंगे। जो सुझाव भी टाउनशिप को और बेहतर बना सकते हैं उसे योजना में शामिल किया जाएगा।

### अलग होगा बिजली सब स्टेशन

उपाध्यक्ष ने बताया कि इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए बिजली विभाग का अलग सब स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा, ताकि उद्यमियों को बिजली की समस्या से न जूझना पड़े। उन्होंने बताया कि उद्यमी को जिस दिन प्लाट एलाट हो जाएगा, उसी दिन से उसकी किस्तें शुरू हो जायेंगी।

## सेलर्स और बायर्स 'एक साथ एक छत के नीचे'

**विशेष बातचीत**

### मंजिल की ओर और आगे बढ़े : चेतन देव भल्ला



इंडिया फूड एक्सपो-2026 के चेयरमैन 'चेतन देव भल्ला' फूड एक्सपो के दूसरे दिन उमड़ी उद्यमियों की भीड़ देखकर खासे उत्साहित नजर आये। उनसे यह पूछने पर कि एक्सपो के 10वें संस्करण पर कैसा महसूस कर रहे हैं, वह बोले कि लगता है कि अपनी मंजिल की तरफ हम एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। इसमें 90 कंपनियों के 115 स्टाल हैं, जबकि पहली बार सिर्फ 35 स्टाल ही थे। कल एक्सपो का पहला दिन था। पहले दिन 5 हजार उद्यमियों ने एक्सपो देखा। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में 500 से 800 करोड़ बिजनेस की उम्मीद है। एक से तीन वर्ष में लगभग 3 हजार करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन फंड प्रोसेसिंग का ईको सिस्टम डेवलप करेगी। उन्होंने कहा कि अगले साल लगने वाले एक्सपो में 300 स्टाल आने की उम्मीद है। हम उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा एक्सपो लगाना चाहते हैं।

### एक्सपो का मकसद गति पकड़ रहा : डीएस वर्मा



आईआईए के एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर 'डीएस वर्मा' का मानना है कि जानकारियां करती उद्यमियों और युवाओं की जुटान बता रही है कि एक्सपो का मकसद गति पकड़ रहा है। लोग आज प्रदर्शनी के स्टालों पर एकत्र हैं और वहां से वह अपनी आवश्यकतानुसार कुछ न कुछ निकाल रहे हैं। सरकार की भी प्राथमिकता है कि किसानों की आय दोगुनी हो। इसी दिशा में काम तेज है। कृषकों की आय दोगुना करना, फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। उत्पादन की प्रोसेसिंग से किसानों की आय में वृद्धि होना तय है। उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तो यूनिटें बढ़ेंगी और आय में इजाफा होगा ही। उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए यह बहुत ज्यादा उपयोगी होने वाला है। लोगों के सवाल और उद्यम लगाने की जानकारी करना भविष्य के अच्छे संकेत दे रहा है।

### एक्सपो में 'फुटफॉल' बढ़ा : आलोक अग्रवाल



आईआईए के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट आलोक अग्रवाल कहते हैं कि उद्यमियों, उत्पादकों और विभिन्न इंडस्ट्रीज की आज मजबूत उपस्थित फूड एक्सपो की मंशा को स्पष्ट कर रहा है। एक्सपो में आज 'फुटफॉल' काफी बढ़ा है। निश्चित तौर पर हम सही दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सेलर्स और बायर्स दोनों को 'एक साथ एक छत के नीचे' लाकर उनकी राह आसान कर रहे हैं। उन्हें एक ही मंच पर उद्यम से रिलेटेड सभी जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उत्पादकों की अच्छी संख्या है तो विभागीय अधिकारी भी हैं। किसानों की जरूरतों के ''सवालों'' पर 'उत्तर' दे रहे हैं। उद्यमी संतुष्टि के भाव के साथ न केवल सेमिनार में बल्कि प्रदर्शनी के स्टॉलों पर भी जुट रहे हैं। उन्हें उद्यम शुरू करने और उसे आगे ले जाने के लिए बारीक से बारीक जानकारियां दे रहे हैं। ऐसे में बड़े निवेश की उम्मीद है।

### स्टार्टअप के लिए आयोजन बहुत अच्छा : विकास खन्ना



आईआईए लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन विकास खन्ना कहते हैं कि यह 10वां बड़ा संस्करण है। स्टार्टअप के लिए यह आयोजन बहुत अच्छा है। उद्यमियों के आज का फुटफॉल देख उनके चेहरे पर संतोष के भाव उभरते हैं। वे कहते हैं कि उद्यमियों की यह जुटने वाली भीड़ बता रही है कि एक्सपो का मकसद सही लाइन पर है। लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों से आ रहे किसान, उत्पादक, उद्यमियों के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। लॉजिस्टिक इंडस्ट्री को इसका बहुत बड़ा लाभ मिलने वाला है। फूड की प्रोसेसिंग को लेकर तमाम जानकारी एक मंच से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## जमीन हो रही कम इसलिए बढ़ा नॉनवेज का चलन

### फार्म वाला अंडा होता है वेज क्योंकि इसमें नहीं होते सेल : डॉ. ब्रजेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडिया फूड एक्सपो-2026 में पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लगातार कृषि की जमीनों में कमी आने से वेज कम हो रहा है और नॉनवेज बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म का अंडा वेज होता है, क्योंकि इसमें सेल नहीं होते। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि व्यक्ति का जितना वजन किलोग्राम में होता है, उतने ग्राम प्रोटीन की उसे रोजाना जरूरत होती है। एक अंडे में 12 ग्राम प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में खपत से आधा अंडा ही पैदा हो पाता है। अंडे की डिमांड पूरी करने के लिए हरियाणा आदि राज्यों से अंडा खरीदना पड़ता है।

**सरकार दे रही पोल्ट्री फार्म के उद्योग को बढ़ावा :** उन्होंने बताया कि अंडे की कमी को पूरा करने के लिए सरकार पोल्ट्री फार्म के उद्योग को बढ़ावा दे रही है। पोल्ट्री फार्म के लिए 7 फीसदी ब्याज पर ऋण मिलता है। पोल्ट्री फार्म के लिए खरीदी जाने वाली जमीन पर स्टाम्प शुल्क कम लगता है। बिजली शुल्क मामले में 10 साल तक एक लाख यूनिट प्रतिवर्ष की खपत में बिजली पर टैक्स का पैसा नहीं देना पड़ता।




फूड एक्सपो में आयोजित सेमिनार में संबोधित करते पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी।



फूड एक्सपो में लगे स्टाल पर उत्पाद देखते लोग। अमृत विचार

### चीन के प्लास्टिक अंडे की सप्लाई सच्चाई नहीं

डॉ. त्रिपाठी ने चाइना से प्लास्टिक के अंडे सप्लाई किये जाने की बात पर कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। प्लास्टिक का अंडा महंगा पड़ता है, जबकि फार्म का अंडा आधी कीमत में आसानी से मिलता है। उन्होंने कहा, अंडा खाने से कैंसर होने की बात को सिरे से नकार दिया। एफएसआई ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। उन्होंने उस भ्रांति को भी गलत बताया कि चूजे को इंजेक्शन लगाकर वह तेजी से बड़ा हो जाता है।

### फूड एक्सपो का उद्देश्य इन्वेस्टमेंट बढ़ाना : डॉ. सुनील राठौर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुपालन विभाग के डॉ. सुनील राठौर ने बताया कि फूड एक्सपो का उद्देश्य निवेश को बढ़ाना है। पशुपालन विभाग का लक्ष्य 1000 करोड़ था, लेकिन हमने 2074 करोड़ का निवेश हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि भारत में सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है, लेकिन उसकी मार्केटिंग नहीं हो पा रही है।

उन्होंने बताया कि श्वेत क्रांति के समय भारत में क्रॉस ब्रीडिंग की नीति को अपनाया गया। उस नीति ने भारत को दूध उत्पादन में नंबर वन पर पहुंचा दिया, लेकिन क्रॉस ब्रीडिंग से पशुओं में बीमारियां ज्यादा आ रही थीं। अब सरकार ने स्वदेशी नस्लों को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इसमें 25 गायें 64 लाख रुपये में आएंगी, जिसमें यूपी सरकार 25 लाख रुपये की सब्सिडी देगी। ऑनलाइन अप्लाई करने पर सब्सिडी मिल जाती है।

**न्यूज ब्रीफ**

### दो लाख लाभार्थियों के खातों में आज पहुंचेंगे एक-एक लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहरी गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के संकल्प को और मजबूत करते हुए प्रदेश सरकार रविवार को एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत रविवार को दोपहर दो लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में एक-एक लाख रुपये की पहली किस्त भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सिंगल क्लिक पर यह धनराशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के शामिल होने की भी संभावना है।

### दाखिले के लिए स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सरकारी व निजी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी कॉलेजों में स्नातक (यूजी) और परास्नातक (पीजी) की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए स्ट्रे वैकेंसी राउंड काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि आगामी 19 जनवरी है। तत्पश्चात मेरिट के क्रम मे अभ्यर्थियों से दो दिन तक कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी और 20 जनवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर 23 जनवरी तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यूपी आयुष यूजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं होम्योपैथिक निदेशक डॉ.प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक की लगभग 300 सीटें रिक्त हैं, इनमें 110 सीटें आयुर्वेद में, 100 सीटें होम्योपैथी में और 75 सीटें यूनानी कॉलेजों में रिक्त हैं। इसी प्रकार पीजी की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 23 जनवरी तक पूरी की जाएगी।

## मंदिरों को तोड़ने का सफेद झूठ फैला रही कांग्रेस : मुख्यमंत्री


- काशी में मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब
- निशाने पर कांग्रेस, कहा- अहिल्याबाई की टूटी मूर्ति का वीडियो एआई से बनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा था, तब भी कुछ लोगों ने साजिशें रची थीं। यहां तक कि जिन वर्कशॉप में मूर्तियां बनती हैं, वहां से टूटी हुई मूर्तियों के अवशेष लाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और सफेद झूठ फैलाया गया कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं।

दरअसल पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर काशी के मंदिर व मणिकर्णिका घाट को तोड़ने और माता अहिल्याबाई की मूर्ति के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं आरोपों का जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री योगी खुद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने इन वीडियो की सत्यता को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई की टूटी मूर्ति का वीडियो कांग्रेस ने एआई से बनाया। उन्होंने कहा कि एआई जनरेटेडे वीडियो कांग्रेस फैला रही है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान कैसे होता है, यह हमें कांग्रेस से पूछने की आवश्यकता नहीं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर 500 वर्षों के बाद मंदिर निर्माण का कार्य, काशी हो या अयोध्या, मां विंध्यवासिनी धाम हो या प्रयागराज, बौद्ध तीर्थस्थल हो या फिर भारत की विरासत से जुड़े सभी तीर्थस्थल, विरासत के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के सभी कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सकुशल संपन्न हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा इस प्रकार की अनर्गल टिप्पणी और उसके नेताओं के इस प्रकार के बचकाने बयान और बचकानी हरकतों को देखकर उन पर हंसी भी आती है और दया भी। इनका यह कृत्य वैसे ही है जैसे ''सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली''।

**देश की जीडीपी में काशी का योगदान 1.3 लाख करोड़ :** कॉरिडोर बनने के बाद काशी में आए परिवर्तन को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने से पहले यहां प्रतिदिन औसतन पांच हजार से 25 हजार श्रद्धालु आते थे। कॉरिडोर बनने के बाद प्रतिदिन सवा लाख से डेढ़ लाख श्रद्धालु यहां दर्शन कर रहे हैं। धाम बनने के बाद से अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान किया है।



वाराणसी में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मंदिर तोड़े नहीं गए, पुनरुद्धार हुआ

योगी ने सीधे-सीधे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब काशी विश्वनाथ धाम बन रहा था, तब भी कांग्रेस ने सफेद झूठ फैलाया कि मंदिर तोड़े गए, जो कि सरासर गलत है। उन मंदिरों का पुनरुद्धार हुआ है, वे आज भी वैसे ही हैं। फर्क इतना है कि पहले जीर्णशीण हालत में थे, अब उनका पुनरुद्धार हो चुका है।

### कांग्रेस क्यों वापस नहीं लाई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौ वर्ष पहले माता अन्नपूर्णा की मूर्ति यहां से चोरी कर यूरोप पहुंचा दी गई थी। प्रधानमंत्री के प्रयास से वह मूर्ति वापस आई और काशी विश्वनाथ में उसकी स्थापना की गई। योगी ने कांग्रेस से सवाल किया कि 1947 से लेकर 2014 तक ज्यादातर समय केंद्र में कांग्रेस की सरकारें रहीं, आखिर उन्होंने यह प्रयास क्यों नहीं किया।

## देवदार गद्दी पर विराजमान होंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

### चकराता में तैयार विशेष कुर्सी गोरखनाथ मंदिर के मुख्य सभागार में स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का उत्तराखंड से जुड़ाव एक बार फिर सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हुआ है। मकर संक्रांति के अवसर पर उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री (कर्नल, सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल ने गोरखपुर पहुंचकर योगी आदित्यनाथ को गोरक्षपीठ की गद्दी के रूप में देवदार की विशेष कुर्सी भेंट की। यह कुर्सी केवल फर्नीचर नहीं, बल्कि उत्तराखंड की आस्था, परंपरा और काष्ठकला का प्रतीक है।

कर्नल कोठियाल के अनुसार, केदारनाथ पुनर्निर्माण परियोजना में प्रयुक्त देवदार लकड़ी का कुछ हिस्सा शेष बचा था। उसी पवित्र लकड़ी से इस गद्दी का निर्माण कराया गया, ताकि उसका आध्यात्मिक महत्व बना रहे। इसका डिजाइन आर्किटेक्ट कृष्ण कुडियाल ने उत्तराखंड के प्राचीन मंदिरों की वास्तुशैली और काष्ठकला का अध्ययन कर तैयार किया। चकराता के पास कोटा गांव के परंपरागत कारीगरों ने लगभग 15 दिनों की मेहनत से इसे आकार दिया। कुर्सी के हत्थों पर उकेरी गई सिंह आकृतियां शक्ति और संरक्षण का प्रतीक हैं, जबकि पीछे पारंपरिक मंदिर शैली की नक्काशी की गई है। इसमें योगी आदित्यनाथ का प्रिय भगवा रंग भी प्रमुखता से शामिल है।

गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में भेंट की गई यह गद्दी योगी आदित्यनाथ को बेहद पसंद आई और इसे गोरखनाथ मंदिर के मुख्य सभागार में स्थापित किया गया है। देवदार की सुगंध से सभागार का वातावरण और अधिक पवित्र व आध्यात्मिक हो गया है।

उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव के निवासी हैं, जिससे यह उपहार उनके लिए भावनात्मक रूप से भी खास महत्व रखता है।



मुख्यमंत्री योगी को गोरक्षपीठ की गद्दी के रूप में देवदार की विशेष कुर्सी भेंट करते उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री अजय कोठियाल।

## मंदिरों व प्रतिमाओं के ध्वस्तीकरण का कांग्रेस ने किया कड़ा विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मंदिरों, प्रतिमाओं और धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किए जाने पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे विकास के नाम पर सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का विनाश बताया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार हिंदुत्व का दिखावा करते हुए हजारों साल पुरानी आस्था और परंपराओं को नष्ट कर रही है।

उप्र. कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा जीर्णोद्धारित इस ऐतिहासिक घाट पर उनकी प्रतिमाओं, सैकड़ों साल पुराने मंदिरों और शिवलिंग को ध्वस्त किया गया है, जिससे हिंदू समाज की गहरी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि मणिकर्णिका घाट पर चल रहे कार्य तत्काल रोके जाएं, धर्माचार्यों से संवाद किया जाए।

## विश्वविद्यालय और कॉलेज लेंगे 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को गरीबी से मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और निर्णायक पहल करने जा रही है। जीरो पावर्टी अभियान को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को सीधे इससे जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत उच्च शिक्षण संस्थान अपने नजदीकी 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित जीरो पावर्टी परिवारों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों के एनएसएस, एनसीसी और एमएसडब्ल्यू (सोशल वर्क) समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र वालंटियर के रूप में गांवों में कार्य करेंगे। ये छात्र जीरो पावर्टी परिवारों के सदस्यों को आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, रोजगार, अप्रेंटिसशिप और उद्यमिता से जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रियाओं में भी सहायता देंगे।

## एचटीएमडी पर 380 करोड़ खर्च करेगा सिग्नेचर

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने शनिवार को कहा कि वह आवासीय परियोजनाओं में भूकंप रोधी तकनीक के लिए 380 करोड़ खर्च करेगी। कंपनी ने इस तकनीक के लिए भारत-इटली के संयुक्त उद्यम सीईसीओ हिरुन से समझौता किया है। हिस्टेरेटिक ट्यून्ड मास डैम्पर्स (एचटीएमडी) तकनीक विशेष प्रणाली है जिसे इमारतों में हवा और भूकंप के कंपन को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह इमारत की हलचल को नियंत्रित कर स्थिरता को बढ़ाती है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 18 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

**गुवाहाटी की कंपनी वंदे भारत में देगी खाना**

**कोलकाता।** असम की आतिथ्य सेवा कंपनी ने भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के लिए खान-पान (कैटरिंग) का ठेका हासिल किया है। साथ ही यह पूर्वोत्तर की पहली ऐसी कंपनी बनी, जो रात भर की इस प्रीमियम सेवा में अपने विशेष व्यंजन पेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन स्टेशन से हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को शनिवार दोपहर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुवाहाटी स्थित मेफेयर स्प्रिंग वैली रिसॉर्ट ने शनिवार को बताया कि उसने इस ट्रेन के आधिकारिक कैटरर के रूप में भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ साझेदारी की है।

**आईसीएसआई से एयू स्मॉल ने किया समझौता**

नई दिल्ली। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत देश भर के कंपनी सचिवों के लिए विशेष रूप से तैयार बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड समाधान पेश किए जाएंगे। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मकसद आईसीएसआई के सदस्यों को व्यापक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना और बैंक के भीतर कंपनी सचिवों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है।

**कोलकाता में जीएमयू कार्यालय का पट्टा खत्म**

**कोलकाता।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कोलकाता में अपनी वैश्विक बाजार इकाई (जीएमयू) के परिसर का पट्टा समाप्त कर दिया है। बैंक के इस कदम का नागरिक मंच ने विरोध किया है और आरबीआई से हस्तक्षेप कर बिना नियामक मंजूरी के इस इकाई को बंद होने से रोकने का आग्रह किया है। एक वेंडर को जारी 14 जनवरी, 2026 के एसबीआई के नोटिस के अनुसार, बैंक मध्य कोलकाता के जवाहरलाल नेहरू रोड स्थित जीवन सुधा बिल्डिंग की 11वीं से 16वीं मंजिल का पट्टा खत्म कर रहा है। इसी परिसर में बैंक की विदेशी मुद्रा और वैश्विक बाजार इकाई थी। परिसर खाली करने को एक महीने का समय दिया गया है। यह कदम बैंक की ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा परिचालन को मुंबई से संचालित करने की योजना का हिस्सा है।

# कपड़ा, दवा, इंजीनियरिंग को एफटीए से लाभ

## भारत और यूरोपीय संघ के एफटीए से शुल्क समाप्त होने पर तीन वर्षों में निर्यात होगा दोगुना

- वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच व्यापार समझौता निर्यातकों को देगा स्थिर ढांचा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से कपड़ा, दवा, रसायन, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों के निर्यात को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। निर्यतकों ने यह उम्मीद जताई। इस समझौते के लिए वार्ता पूरी होने की घोषणा 27 जनवरी को हो सकती है।

उद्योग का अनुमान है कि एफटीए के कारण शुल्क समाप्त होने से अगले तीन वर्षों में यूरोपीय संघ को होने वाला निर्यात दोगुना हो जाएगा। निर्यातकों ने उल्लेख किया कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच यह समझौता निर्यातकों के लिए एक स्थिर ढांचा प्रदान करेगा। इससे भारतीय कंपनियां दीर्घकालिक निवेश की योजना बना सकेंगी और यूरोपीय मूल्य श्रृंखला से जुड़कर बाजार तक पहुंच सुरक्षित कर सकेंगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि यह एफटीए किसी एक बाजार पर हमारी निर्भरता को कम करने के लिहाज से एक बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क बहुत अधिक होने के कारण घरेलू निर्यातकों को उच्च लागत और प्रतिस्पर्धा में कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वे अपने निर्यात बाजार में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

कानपुर स्थित ग्रोमोर इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक यदुवेंद्र सिंह सचान ने कहा कि घरेलू चमड़ा निर्यातकों को इस अवसर का उपयोग निर्यात बढ़ाने के लिए करना चाहिए। यह एफटीए भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ा बदलाव लाएगा।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा कि अमेरिकी शुल्कों में भारी वृद्धि भारतीय निर्यातों के एक बड़े दायरे को प्रभावित कर रही है, जिससे निर्यात बाजारों और व्यापार रणनीतियों में विविधीकरण को बढ़ावा देने की जरूरत का पता चलता है।

### निर्यात बढ़ाने को आयात शुल्क संरचना, सीमा शुल्क में बदलाव की जरूरत : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि व्यापार लागत कम करने, विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने और निर्यात बढ़ाने को भारत को आयात शुल्क संरचना और सीमा शुल्क प्रशासन में व्यापक बदलाव करना होगा। जीटीआरआई ने तीन वर्षों में ज्यादातर औद्योगिक कच्चे माल और प्रमुख मध्यवर्ती वस्तुओं पर शून्य शुल्क घोषित करने और तैयार औद्योगिक वस्तुओं पर 5% का मानक शुल्क लागू करने का सुझाव भी दिया। थिंक टैंक ने विपरीत शुल्क संरचना को खत्म करने पर जोर दिया है, जहां तैयार उत्पादों की तुलना में कच्चे माल पर अधिक कर लगाया जाता है, जिससे घरेलू विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता धीरे-धीरे कम हो जाती है। जीटीआरआई ने कहा कि शराब पर 150% जैसे अत्यधिक शुल्क को तर्कसंगत बनाना चाहिए, क्योंकि ऐसी दरें कर चोरी को बढ़ावा देती हैं जबकि राजकोषीय लाभ नगण्य होता है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क सुधार कुल आयात शुल्क पर आधारित होना चाहिए, न कि मूल सीमा शुल्क पर।

# समझौते में दालों पर आयात शुल्क को कम करे भारत

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिका के दो सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से किया आग्रह
- सांसद बोले- अनुचित शुल्कों से अमेरिकी उत्पादकों को नुकसान

अमेरिका के दो सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से आग्रह किया है कि वे भारत के साथ भविष्य के किसी भी व्यापार समझौते में दालों के लिए अनुकूल प्रावधानों पर जोर दें। सांसदों का कहना है कि नई दिल्ली द्वारा लगाए गए अनुचित शुल्कों के कारण अमेरिकी उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप को 16 जनवरी को लिखे एक पत्र में मोंटाना के रिपब्लिकन सांसद स्टीव डेंस और नॉर्थ डकोटा के केविन क्रैमर ने कहा कि उनके राज्य मटर सहित दालों के शीर्ष दो उत्पादक हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जिसकी वैश्विक खपत में करीब 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सांसदों ने कहा कि मसूर, चना, सूखी बीन्स और मटर भारत में सबसे ज्यादा खपत होने वाली फसलें हैं, लेकिन नई दिल्ली ने इन श्रेणियों में अमेरिकी निर्यात पर भारी शुल्क लगा रखा है। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले साल 30 अक्टूबर को पीली मटर पर 30 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की थी, जो 1 नवंबर 2025 से लागू हुआ। पत्र में कहा गया, भारत के इन अनुचित शुल्कों से अमेरिकी उत्पादकों को अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को भारत निर्यात करने में काफी नुकसान हो रहा है। डेंस और क्रैमर ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए दालों पर शुल्क के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत करना अमेरिकी उत्पादकों और भारतीय उपभोक्ताओं, दोनों के लिए परस्पर फायदेमंद होगा।

# कच्चे जूट के निजी व्यापार पर रोक लगाए केंद्र सरकार : आईजेएमए

कोलकाता, एजेंसी

इंडियन जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए) ने केंद्र सरकार से कच्चे जूट की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने और फाइबर की उपलब्धता के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उद्योग निकाय ने इसके साथ ही 31 मार्च के बाद निजी व्यापारियों द्वारा कच्चे जूट के व्यापार पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव भी दिया है।

जूट आयुक्त अमृत राज को लिखे पत्र में एसोसिएशन ने कहा कि मिलों के पास कच्चे जूट की उपलब्धता में भारी कमी आई है। सिर्फ दिसंबर 2025 में भंडार में 1.25 लाख गांठों की गिरावट आई है, जबकि दक्षिण बंगाल के टीडीएन-3 ग्रेड के जूट की कीमतें बढ़कर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल के अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई हैं। एसोसिएशन का दावा है कि इस स्थिति ने कई मिलों को उत्पादन बंद करने या इसमें भारी कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया है, जिससे 75,000 से अधिक श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं।



- बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण और फाइबर की उपलब्धता के लिए हस्तक्षेप का किया आग्रह

कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए आईजेएमए ने प्रस्ताव दिया कि व्यापारियों, डीलरों, स्टॉकिस्टों और एजेंसियों को अपने कच्चे जूट के भंडार को बेचने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया जाना चाहिए, जिसके बाद कच्चे जूट में किसी भी प्रकार का निजी व्यापार अवैध माना जाए।

# रिलायंस कंज्यूमर ने ब्रिलक्रीम, टोनी एंड गाय और बाडेडास के वैश्विक अधिकार खरीदे

**नई दिल्ली।** कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की शाखा रिलायंस कंज्यूमर ने तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन बाजार में पैठ मजबूत करने को ब्रिलक्रीम, टोनी एंड गाय और बाडेडास जैसे अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के वैश्विक अधिकार हासिल किए हैं।

- मुकेश अंबानी की आरआईएल की शाखा ने तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन बाजार में मजबूती को उठाया कदम

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने निवेशक प्रस्तुति में बताया कि कंपनी ने बच्चों के प्रसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञ ब्रिटिश ब्रांड मेटी का भी अधिग्रहण किया है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने इन चार ब्रांड के अधिग्रहण के वित्तीय विवरण साझा नहीं किए हैं, लेकिन कंपनी ने कहा कि वह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में इनका विस्तार करेगी। कंपनी ने कहा कि सीपीएल ने प्रमुख ग्रूमिंग और बाथिंग क्षेत्र से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय ब्यूटी ब्रांड का अधिग्रहण किया है। हमने इन प्रतिष्ठित ब्रांड के वैश्विक अधिकार (कुछ क्षेत्रों को छोड़कर) हासिल कर लिए हैं।

# नीली अर्थव्यवस्था केंद्र के रूप में अंडमान को किया जाएगा विकसित : केंद्रीय मंत्री

श्री विजय पुरम, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भारत की नीली अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया जाएगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि भविष्य में भारत का आर्थिक मूल्यवर्धन अनछुए समुद्री संसाधनों से आएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नीली अर्थव्यवस्था पर सरकार का गहरा ध्यान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस नजरिये को दर्शाता है कि भारत केवल मुख्य भूमि पर ध्यान केंद्रित करके और द्वीप क्षेत्रों



- जितेंद्र सिंह ने कहा- भविष्य में भारत का आर्थिक मूल्यवर्धन अनछुए समुद्री संसाधनों से होगा

तथा तटीय क्षेत्रों को पीछे छोड़कर विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में नीली अर्थव्यवस्था और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख समुद्री प्रौद्योगिकी पहलों की समीक्षा की।

उन्होंने अटल सेंटर फॉर ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर आइलैंड्स की यात्रा के दौरान वैज्ञानिकों और अधिकारियों से कहा कि 2047 तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में डीप ओशन मिशन निर्णायक भूमिका निभाएगा। सिंह ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2023 और 2024, दोनों वर्षों में स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से डीप ओशन मिशन की घोषणा की थी, जो इसके रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। मंत्री ने कहा कि देश के उत्तरी हिस्सों के लोगों को नीली अर्थव्यवस्था दिखाई नहीं देती होगी, लेकिन यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में बहुत अधिक योगदान करता है।



# ममता प. बंगाल को बनाना चाहती हैं बांग्लादेश

## एसआईआर रोकने तथा बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को बचाने के लिए हिंसा भड़काने का भाजपा ने लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति की 1905 के बंग भंग से तुलना करते हुए भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर को रोकने तथा बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बचाने के लिए हिंसा भड़काकर राज्य को भारत से अलग करने की कोशिश कर रही हैं। पार्टी ने राज्य की जनता से जागृत होकर इसके विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया। ब्रिटिश ने 1905 में बंगाल का विभाजन करने का प्रयास किया था जिसे बंग भंग के नाम से जाना जाता है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि एक हैं तो सेफ हैं। कुछ समूहों को खुश करने के लिए अंग्रेजों ने बंगाल को विभाजित करने की कोशिश की थी।



- 1905 के बंग भंग से तुलना करते हुए भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किया घेराव

उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के तहत पश्चिम बंगाल में भी ऐसी ही स्थिति है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए, कभी-कभी तो ऐसा लगता है मानो बंगाल भारत का एक अलग हिस्सा हो। क्या बंगाल भारत से दूर है? क्या बंगाल अब भी भारत का हिस्सा है? भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने जिस तरह की शासन प्रणाली स्थापित की है उसने राज्य में आज ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जो 1905 में अंग्रेजों द्वारा बंगाल को विभाजित करने के नापाक प्रयास बंग भंग के समान है। अंग्रेज भी कुछ समूहों को प्रसन्न करना चाहते थे और इसलिए उन्होंने बंगाल को दो भागों में बांटना चाहा था।

### हिंसा ने एसआईआर को रोकने की हो रही कोशिश

पात्रा ने आरोप लगाया कि बनर्जी बांग्लादेशियों और रोहिंग्या घुसपैठियों को बचाने के लिए ''हिंसा के माध्यम से'' पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को असंवैधानिक तरीके से रोकने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में इस समय हिंसा हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 12 अवरुद्ध है और सभी रेल सेवाएं निलंबित हैं। ट्रेन जलाई जा रही हैं और ममता बनर्जी इसे अल्पसंख्यकों के गुस्से के कारण हो रही हिंसा बताकर उचित ठहरा रही हैं। अभिषेक बनर्जी का कहना है कि जब मतदाता सूची से नाम हटाए जाएंगे तभी विरोध प्रदर्शन होंगे। वहां चुनाव अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं। वे आत्महत्या कर रहे हैं, टीएमसी के दबाव के आगे घुटने टेक रहे हैं।

### ममता सरकार संवैधानिक प्रक्रियाओं पर कर रही हमला

पात्रा ने आरोप लगाया कि बनर्जी और उनकी सरकार पश्चिम बंगाल समेत देश की सभी संवैधानिक प्रक्रियाओं पर हमला कर रही हैं। सीमा पर 72 संवेदनशील स्थल हैं जहां से बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे हैं। पत्र लिखे जाते हैं और बीएसएफ बार-बार बैठकें करती है, लेकिन ममता इन 72 बिंदुओं पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराती हैं। पात्रा ने कहा कि अवैध घुसपैठ से कई जिलों की जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। यह इसलिए है कि क्योंकि उनकी मंशा बंग भंग के माध्यम से पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश में बदलना है। पात्रा ने बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति की नींव पर बंगाल को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पात्रा ने पश्चिम बंगाल की जनता से इस तरह के कदम के खिलाफ जागने और एकजुट होने का आह्वान भी किया।

# बंगाल में फिर तनाव, सड़क-रेल मार्ग अवरुद्ध

- मजदूर की मौत को लेकर दूसरे दिन भी मुर्शिदाबाद में आंदोलन
- कुछ स्थानों पर पुलिस ने भीड़ हटाने को किया लाठीचार्ज

कोलकाता, एजेंसी



राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को अवरुद्ध करते लोगों को समझाती पुलिस।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को एक बार फिर तनाव फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-12 और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना एक प्रवासी मज़दूर की मौत को लेकर हुए आंदोलनों के कारण राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच सड़क और रेल संपर्क कई घंटों तक बाधित रहने के एक दिन बाद हुई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलडांगा के बरुआ मोड़ के निकट राजमार्ग पर सैकड़ों स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर यातायात ठप हो गया और फंसे हुए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे गेट को भी नुकसान पहुंचाया और ट्रेन सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठी-चार्ज किया है। ताजा विवाद की वजह यह आरोप बना कि इसी क्षेत्र के एक अन्य प्रवासी मजदूर, अनीसुर शेख, के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई। इससे शुक्रवार की हिंसा के बाद मुश्किल से शांत हुआ जनाक्रोश फिर से भड़क उठा। पुलिस ने विरोध स्थल पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत करने के लिए प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को सामान्य और प्रदर्शन को हिंसा में तब्दील होने से रोकने के प्रयास जारी हैं। सुजापुर कुमारपुर निवासी अलाउद्दीन शेख की मौत के बाद से बेलडांगा में शुक्रवार से तनाव व्याप्त है।

# सिख गुरुओं पर आतिशी की टिप्पणी से जुड़ा हुआ वीडियो मौलिक : गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली विस अध्यक्ष ने कहा- फोरेंसिक रिपोर्ट के अनुसार नहीं की गई छेड़छाड़

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि सिख गुरुओं के बारे में नेता प्रतिपक्ष आतिशी की कथित टिप्पणी से संबंधित वीडियो की सत्यता से जुड़ी फोरेंसिक विज्ञान की रिपोर्ट में कहा गया कि वीडियो मौलिक है और इससे कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि इससे इस अहम सवाल का जवाब नहीं मिला कि आतिशी ने गुरु शब्द का उच्चारण किया था या नहीं।

भाजपा ने इसका उपयोग धार्मिक विवाद बढ़ाने को किया, इसके नेताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पहले, आप शासित पंजाब पुलिस ने दावा किया था कि वीडियो की फोरेंसिक जांच में पाया गया था कि वीडियो से छेड़छाड़ हुई थी। दिल्ली विधानसभा में आप के मुख्य सचेतक संजीव झा ने सोशल मीडिया पर वीडियो क्लिप साझा करने के लिए मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के तहत कार्यवाही की मांग की थी।

गुप्ता ने कहा कि यह क्लिप विपक्षी दल आप के अनुरोध पर आठ जनवरी को फोरेंसिक जांच को भेजी गई थी। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आतिशी की कथित टिप्पणी से जुड़ी वीडियो क्लिप मूल थी और इससे कोई छेड़छाड़ नहीं की गई थी। गुप्ता ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने जल्दबाजी में अपनी फोरेंसिक जांच कराई और उसी के आधार पर मामले में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह पूरे मामले की और पंजाब सरकार द्वारा वीडियो क्लिप की फॉरेंसिक जांच की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग करेंगे।

# अल-फलाह ने लालकिला विस्फोट से जुड़े चिकित्सकों को बिना पुलिस जांच के किया था नियुक्त : ईडी

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय ने अन्य विशेषज्ञों सहित तीन चिकित्सकों की नियुक्ति बिना पुलिस जांच या सत्यापन के की थी। इन तीन चिकित्सकों में से दो को एनआईए ने गिरफ्तार किया है और तीसरा लालकिला के पास हुए धमाके का आत्मघाती हमलावर था। ईडी की जांच से यह जानकारी सामने आई है।

विवि के प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत एजेंसी ने विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षकों के बयानों को दिल्ली की अदालत में दाखिल आरोपपत्र में संलग्न किया है। अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी (61) और विवि के सभी शैक्षणिक संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) धाराओं के तहत दर्ज शिकायत में दो आरोपियों के रूप में नामजद हैं। 260 पन्नों के आरोपपत्र में सिद्दीकी और उनके ट्रस्ट पर छात्रों द्वारा भुगतान की गई फीस से अवैध धन जुटाने और साथ ही अपने संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन के बारे में कथित रूप से गलत जानकारी देने के आरोप में मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है।

# लोग दूषित पेयजल से मर रहे, ये है सरकार का शहरी मॉडल : राहुल

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल के प्रकोप से कई लोगों की मौत होने को लेकर सरकार पर हमला करते हुए शनिवार को कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर में लोग दूषित पानी पीकर मर रहे हैं और यह पेयजल त्रासदी सरकार की नाकामी का परिणाम है।

गांधी ने भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के प्रकोप से निजी अस्पताल में भर्ती चार मरीजों से मिलकर उनका हाल पूछा और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बाद में भागीरथपुरा पहुंचे और उल्टी-दस्त के प्रकोप से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले, उनके प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। गांधी ने कहा कि यह कहा जाता था कि देश को स्मार्ट शहर दिए जाएंगे। इंदौर एक नये मॉडल का स्मार्ट शहर है जिसमें पीने का साफ पानी तक नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है।



दूषित पेयजल के कारण मृत हुई लोगों के परिजनों से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

### भेदभाव विरोधी कानून जरूरी

**नई दिल्ली।** दलित छात्र रोहित वेमुला की मौत के दस साल पूरे होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति के युवाओं की स्थिति में बदलाव नहीं आया है और देश में भेदभाव विरोधी कानून की जरूरत है। हैदराबाद विवि के छात्र रोहित ने उत्पीड़न के बाद 17 जनवरी 2016 को खुदकुशी कर ली थी। राहुल ने कहा कि रोहित पढ़ना चाहता था। लेकिन इस व्यवस्था को दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था।

# फर्जी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकें छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एनसीईआरटी की नकली पाठ्यपुस्तकों की छपाई और आपूर्ति में शामिल नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 45,000 नकली किताबें बरामद कीं और दो करोड़ मूल्य की छपाई मशीनरी और सामग्री भी जब्त की है।

अधिकारियों ने कहा कि यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रहा था। दिल्ली और गाजियाबाद में की गई छापेमारी के दौरान 44,862 नकली एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकें जब्त की गईं। नकली प्रतियां बनाने में इस्तेमाल होने वाली दो ऑफसेट प्रिंटिंग मशीनें, पेपर रील, स्याही और एल्युमीनियम प्रिंटिंग प्लेट भी जब्त की गईं। गिरफ्तार आरोपियों में शाहदरा के सुमित (35), प्रीत विहार के विनोद जैन (65) और यमुना विहार के कनिष्क (32) है। ये तीनों एनसीईआरटी की नकली पाठ्यपुस्तकों के भंडारण, छपाई और वितरण में शामिल थे। यह कार्रवाई खुफिया जानकारी पर हुई, जिसमें दरियागंज स्थित गोदाम का भंडारण और आपूर्ति के लिए इस्तेमाल हो रहा था।



"मुझे नहीं लगता कि जडेजा की फॉर्म किसी तरह से भी चिंता का विषय है। यह केवल एक विकेट की बात है। एक बार वह विकेट मिल जाए तो आपको एक बिल्कुल अलग तरह का गेंदबाज देखने को मिलेगा।
–मोहम्मद सिराज


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार, 18 जनवरी 2026


## हाईलाइट

### सौराष्ट्र-विदर्भ के बीच विजय हजारे ट्रॉफी का फाइनल आज

**बेंगलुरु।** बिना किसी स्टार खिलाड़ी के बावजूद अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सौराष्ट्र और विदर्भ के बीच रविवार को यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के मैदान पर होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है क्योंकि दोनों टीम कागजों पर एक समान नजर आती हैं। विदर्भ अपना तीसरा जबकि सौराष्ट्र पहला खिताब जीतने के लिए आमने-सामने होंगे। दोनों टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उनकी टीम मजबूत टीमों को हराने में सफल रही।

### एंड्रीवा और मचाक ने जीता खिताब

**एडिलेड।** तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। बाद में पुरुष एकल के फाइनल में थॉमस मचाक ने उगो हम्बर्ट को 6-4, 6-7 (2), 6-2 से पराजित किया।

### साइ ने सहायक कोच के आवेदन मंगाए

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने अपने उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) और अन्य प्रशिक्षण स्थलों में सहायक कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं। साइ ने 26 खेलों में सहायक कोच के 323 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिनमें से 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इन खेलों में निशानेबाजी, एथलेटिक्स, तैराकी और कुश्ती भी शामिल हैं। साइ ने कहा कि इन सहायक कोच की भारत भर में फैले उसके विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और प्रशिक्षण केंद्रों में तैनाती की जाएगी।

### बांग्लादेश ने आईसीसी से ग्रुप बदलने के लिए कहा

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को आईसीसी से कहा कि भारत की बजाय श्रीलंका में खेलने के लिये टी20 विश्व कप में उसे ग्रुप बी में आयरलैंड की जगह शामिल कर दिया जाए। बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है और उसे लीग मैच कोलकाता तथा मुंबई में खेलने हैं। आयरलैंड ग्रुप बी में श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, ओमान और जिम्बाब्वे के साथ है जिसे अपने मैच कोलंबो और पल्लेकेले में खेलने हैं। आईसीसी की दो सदस्यीय टीम भारत में सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीबी को आश्वस्त करने के लिए ढाका में थी।

## भारत ने वर्षा बाधित मैच में बांग्लादेश को 18 रनों से हराया

**अंडर-19 विश्व कप**

**बुलावायो, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिज्ञान कुंडु (80) की अर्धशतकीय पारियों के बाद विहान मल्होत्रा (चार विकेट) और खिलन पटेल (तीन विकेट) के दमदार प्रदर्शन बदौलत भारत ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बंगलादेश को डीएलएस पद्धति से 18 रनों से शिकस्त दी।

239 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जावद अबरार (पांच) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अजीजुल हकीम ने रफत बेग के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 12वें ओवर में कनिष्क चौहान ने रफत बेग (37) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। दो विकेट पर 92 के स्कोर के बाद बारिश शुरु हो गई और बारिश रूकने के बाद बंगलादेश को संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे वह हासिल करने में विफल रही। बंगलादेश का तीसरा विकेट कमाल सिद्दीकी (15) के रूप में गिरा। उन्हें विहान मल्होत्रा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। इसके बाद 24वें ओवर में मल्होत्रा ने शेख परवेज जिबोन (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में खिलन पटेल ने अजीजुल हकीम (51) के रूप में बंगलादेश का पांचवां विकेट झटकर भारत की मैच में वापसी कराई। इसके बाद खिलन पटेल ने फरीद हसन (एक) को भी अपना शिकार बना लिया। 29वें ओवर की तीसरी गेंद पर खिलन पटेल ने इकबाल हुसैन इमोन (दो) को आउटकर 146 के स्कोर पर बंगलादेश की पारी का अंत कर दिया। भारत के लिए विहान मल्होत्रा ने चार विकेट लिये। खिलन पटेल को तीन विकेट मिले।



कनिष्क चौहान और दीपेश देवेंद्रन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे (छह), वेदांत त्रिवेदी (शून्य) को अल फहद ने तीसरे ओवर में आउट किया। विहान मल्होत्रा (सात) को 10वें ओवर में अजीजुल हकीम ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अभिज्ञान कुंडु ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला।

### टॉस के बाद कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाए

भारत और बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का असर क्रिकेट के मैदान पर भी दिखा क्योंकि शनिवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप ग्रुप ए मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरा के अनुसार हाथ नहीं मिलाए हालांकि बीसीबी ने बाद में कहा कि उनके कप्तान ने ऐसा जान बूझकर नहीं किया और यह क्षणिक चूक से हो गया। भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप कप्तान जवाद अबरार टॉस के लिए आए थे।



## भारत की निगाह घरेलू धरती पर वनडे रिकॉर्ड बरकरार रखने पर

### इतिहास रचना चाहेगा न्यूजीलैंड, मुकाबला आज दोपहर 1:30 बजे से

**इंदौर, एजेंसी**

अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है।

न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर नहीं चाहेंगे कि उनके नेतृत्व में घरेलू मैदान पर टीम को एक और श्रृंखला में हार का सामना करना पड़े। विशेषकर तब जबकि उन्होंने कई अनचाहे रिकॉर्ड बनाए हैं।

गंभीर के कोच रहते हुए भारत ने घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच हारे हैं और पहली बार श्रीलंका में वनडे श्रृंखला गंवाई। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में भारत की हार किसी एक असाधारण पारी के कारण नहीं बल्कि न्यूजीलैंड का बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखने के कारण हुई। रिल मिचेल का नाबाद शतक सुनियोजित आक्रामकता पर आधारित था। उन्होंने विशेषकर भारत के स्पिनरों को निशाना बनाया। यह एक ऐसा विभाग है जिसमें भारत हाल के दिनों में संघर्ष करता नजर आ रहा है।



इंदौर में होल्कर स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाड़ी। एजेंसी

**टीम**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे, निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्क्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे, आदित्य अशोक।

### टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी की झलक



मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी के साथ सेल्फी लेतीं युवतियां। ● एजेंसी

## विश्व नंबर वन अन सि यंग खिताब की देहरी पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अन सि यंग और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी 950000 डॉलर ईनामी राशि के इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष फाइनल में पहुंच गए।

इस सत्र में 11 खिताब जीत चुकी शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन यंग ने महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन रेचानोक इंतानोन को 21-11, 21-7 से हराया।

दक्षिण कोरिया की इस खिलाड़ी का सामना अब दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी चीन की वांग झियि से होगा जिन्होंने तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेइ को 21-15, 23-21 से हराया। पुरुष एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त क्रिस्टी ने सिंगापुर के पूर्व विश्व चैम्पियन लो कीन यू को 21-18, 22-20 से मात दी। अब उनका सामना कनाडा के विक्टर लेइ या चीनी ताइपै के लिन चुन यि से होगा।

### चिड़िया का घोसला गिरने से मैच रुका

चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त लियू शेंग शू और तान निंग और छठी वरीयता प्राप्त कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही के बीच महिला युगल सेमीफाइनल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा जब चिड़िया के घोसले से कुछ कोर्ट पर गिरा।

## शेफाली व लूसी ने दिल्ली को 166 रनों तक पहुंचाया

**नवी मुंबई, एजेंसी**

दूसरे ही ओवर में चार विकेट गंवा देने के बाद शेफाली वर्मा ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 166 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली की टीम ने पहली नौ गेंद में ही दस रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। वहीं 74 रन पर छह विकेट गिर चुके थे। शेफाली ने 41 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। दिल्ली ने पहले ओवर में लिजेले ली (चार) और लौरा वोल्वार्ट (0) के विकेट गंवा दिए। कप्तान जेमिमा रौड्रिग्स (चार) और मरिजाने काप (0) अगले ओवर में पवेलियन लौट गईं। चारों शीर्ष बल्लेबाज बोल्ड हुए और पहले ओवर में लॉरेन बेल को विकेट मिले जबकि दूसरे ओवर में दोनों विकेट सयाली सतघारे ने लिए। निक्की प्रसाद 12 रन बनाकर प्रेमा रावत की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। वहीं मिन्नू मनी (पांच) ने नडाइन डि क्लेर्क की गेंद पर स्मृति मंधाना को आसान कैच थमाया। शेफाली ने एक छोर संभालकर रनगति को बढाना जारी रखा। उन्होंने निक्की के साथ 59 रन की साझेदारी की। मैदान के चारों ओर शॉट खेलने वाली शेफाली ने राधा यादव की गेंद पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने स्नेह राणा के साथ 34 रन की उपयोगी साझेदारी भी की। राणा ने 22 गेंद में 22 रन बनाये और वह 14वें ओवर में स्पिनर रावत की गेंद पर आउट हुई। शेफाली को 16वें ओवर में जीवनदान मिला जब राधा की गेंद पर लांग आफ में गौतमी नाईक ने कैच टपकाया।



जीत का जश्न मनातीं यूपी वॉरियर्स की खिलाड़ीं। एजेंसी

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**

**अल्काराज और सिनर से पार पाना होगा बेहद कठिन, आज से शुरू हो रहा वर्ष का ग्रैंड स्लैम**

## नोवाक जोकोविच की निगाह मेजर 25वें खिताब पर

**मेलबर्न, एजेंसी**



नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे।

जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं।

जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर कहा 2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं।

उन्होंने अपने एकमात्र निर्धारित अभ्यास टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहते हैं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी खुद को मुकाबले में बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में अमेरिकी ओपन के रूप में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। तब से सिनर और अल्काराज़ ने आठ खिताब आपस में बांटे हैं। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले दो बार के चैंपियन हैं जबकि अल्काराज़ मेलबर्न पार्क में खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। जोकोविच ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अल्काराज को हराया था पर सेमीफाइनल में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने से मैच छोड़ना पड़ा था।

### रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार हैं वीनस विलियम्स

**मेलबर्न।** वीनस विलियम्स 45 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नया रिकार्ड बनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की यह स्टार खिलाड़ी रविवार को यहां कोर्ट पर उतरते ही वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें इस बात का अहसास तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश नहीं मिला। वीनस जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ेंगी जिन्होंने 44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था। वीनस ने शनिवार को टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा जब तक यह खबर मीडिया में नहीं आई, मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे लिए यह हबहुत खुशी की बात है।



### औपचारिक उद्घाटन समारोह में फेडरर होंगे आकर्षण का केंद्र

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले औपचारिक उद्घाटन समारोह में रोजर फेडरर सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। करीब 15000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा था और आस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी रॉड लावेर भी मौजूद थे जो अपने नाम पर बने मेलबर्न पार्क के सेंटर कोर्ट रॉड लावेर एरिना में बैठे थे। छह बार आस्ट्रेलियाई ओपन और 20 बार ग्रैंडस्लैम जीत चुके फेडरर ने नुमाइशी युगल मैच में पैट राफ्टर और लेटन हेविट के खिलाफ आंद्रे अगासी के साथ खेला। मैच देखने के लिये रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच भी मौजूद थे। आस्ट्रेलियाई ओपन मुख्य दौर के एकल मुकाबले रविवार से शुरू होंगे। फेडरर 2021 के बाद पहली बार आस्ट्रेलिया आये है।

## यूपी वॉरियर्स की मुंबई इंडियंस पर लगातार दूसरी विजय

**नवी मुंबई, एजेंसी**

**महिला प्रीमियर लीग**

● **कप्तान मेग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड ने खेलीं शानदार अर्धशतकीय पारियां**

यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों टीम तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने हुईं। दोनों ही बार यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को पराजित किया। लैनिंग की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी।

मुंबई इंडियंस की आधी टीम 11वें ओवर में 69 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद अमेलिया केर (नाबाद 49 रन) और अमनजोत कौर (41 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 45 गेंद में 83 रन की भागीदारी की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यूपी वॉरियर्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर खाता खोला था। अब दोनों टीमों के पांच मैच में चार चार अंक हैं। यूपी वॉरियर्स के लिए शिखा पांडे ने 30 रन देकर दो विकेट झटके जबकि क्रांति गौड़, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायोन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18 रन, नटाली साइवर ब्रंट ने 15, हैली मैथ्यूज ने 13 रन और सजीवन सजना ने 10 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार पांचवें मैच में असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की महान क्रिकेटर लैनिंग ने हमवतन लिचफील्ड के साथ महज 76 गेंद में 119 रन की भागीदारी निभाकर टीम के प्रतिस्पर्धी स्कोर की नींव रखी। लैनिंग ने 45 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और दो छक्के जमाए जबकि उभरती हुई स्टार लिचफील्ड ने 37 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े। पर 13वें ओवर में अमनजोत कौर ने लिचफील्ड को आउट किया जिससे यूपी वॉरियर्स को 124 रन पर दूसरा झटका लगा। अगले ओवर में लैनिंग भी पवेलियन लौट गईं जिससे स्कोर तीन विकेट पर 136 रन हो गया। हरलीन देओल ने 25 व क्लो ट्रायोन ने 21 रनों का योगदान दिया।